* नगर संस्करण । पेज : 12 | 01.01.2024 सोमवार | पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 169 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

2024 नव वर्ष की शुभकामनाएं

## न्यूज डायरी

### वित्त आयोग गठित पनगढ़िया होंगे अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में नये वित्त आयोग का गठन कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर इस फैसले की जानकारी दी है। श्री पनगढ़िया के अलावा ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव बनाया गया है।

### नये साल पर सभी मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**रांची।** नये साल 2024 के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ, रांची पहाड़ी मंदिर, देउड़ी मंदिर, छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना को बड़ी संख्या में लोग उमड़ेंगे। इसे देखते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। अधिकांश लोग नये साल की शुरूआत भगवान के आशीर्वाद से करते हैं। ऐसे में तड़के से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है।

### तहरीक-ए-हुर्रियत गैर कानूनी संगठन घोषित

**नयी दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त एक और संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत को गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

### बिहार-बंगाल में इडी छापा एक करोड़ कैश मिले

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी पटना और कोलकाता में की गयी। तलाशी के दौरान करीब एक करोड़ नगद मिले, जबकि 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### मुख्यमंत्री पद छोड़ें नीतीश : सुशील मोदी

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि श्री नीतीश कुमार ने जब जदयू के अध्यक्ष का पद स्वीकार कर राष्ट्रीय राजनीति में जाने का निश्चय पक्का कर लिया है, तब पूरी ताकत से वही काम करें और बिहार के मुख्यमंत्री का पद किसी अन्य को सौंप दें।

### छेत्री की अगुवाई में कतर पहुंची फुटबॉल टीम

**दोहा।** सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियन कप 2023 में भाग लेने के लिए दोहा पहुंच गयी है।

### आतंकियों की जानकारी दें और पुरस्कार लें

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को सीमा पार सुरंगों, आतंकवादी गतिविधियों और उनके बारे में खुफिया जानकारी देने वालों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की।

### शेरों का दीदार करने पहुंचे 1300 पर्यटक

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा के बीहड़ों में स्थापित चंबल घाटी के सफारी पार्क में नये साल की पूर्व संध्या पर रविवार को वन्यजीवों का दीदार करने करीब 1300 पर्यटक सफारी पहुंचे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख







होटल रेडिशन ब्लू में नये वर्ष की मस्ती

फोटो : समीर

## विकसित भारत व आत्मनिर्भरता की भावना नये साल में बनाये रखें

# राष्ट्र प्रथम से बड़ा कोई मंत्र नहीं : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने देशवासियों से राष्ट्र को सबसे पहले रखने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत के विकास में हमें निरंतर जुटे रहना है। मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 108वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 अब कुछ ही घंटे दूर है। भारत की उपलब्धियां, हर भारतवासी की उपलब्धि है। हमें पंच प्राणों का ध्यान रखते हुए भारत के विकास के लिए निरंतर जुटे रहना है। उन्होंने कहा, हम कोई भी काम करें, कोई भी फैसला लें, हमारी सबसे पहली कसौटी यही होनी चाहिए कि इससे देश को क्या मिलेगा। इससे देश का क्या लाभ होगा। राष्ट्र प्रथम - इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं। इसी मंत्र पर चलते हुए हम भारतीय, अपने देश को विकसित बनायेंगे, आत्मनिर्भर बनायेंगे। आज भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है, विकसित भारत की भावना से, आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना को बनाये रखना है।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत अब रुकनेवाला नहीं



पीएम ने कहा, आप सभी 2024 में सफलताओं की नयी ऊंचाई पर पहुंचे, आप सभी स्वस्थ रहें, फिट रहें, खूब आनंद से रहें- मेरी यही प्रार्थना है। मेरा ये विश्वास रहा है कि जो देश इनोवेशन को महत्व नहीं देता, उसका विकास रुक जाता है। भारत का इनोवेशन हब बनना, इस बात का प्रतीक है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने सभी लोगों खास कर युवाओं से फिट इंडिया अभियान से जरूर जुड़ने का आह्वान किया। युवा स्वस्थ रहेंगे तो विकसित भारत का युवाओं को लाभ मिलेगा। पीएम ने कहा, महिला वैज्ञानिकों को लेकर गर्व का अनुभव होता है। हमें नये संकल्प लेने हैं। भारत को लेकर देश-दुनिया में हर तरफ आशा और उत्साह है।

## नये साल पर हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने का निर्देश

# नशे में वाहन चलाते धराये तो लाइसेंस रद्द

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में नये साल के मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया है कि वह अपने अपने जिले के सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से अलर्ट रहें। नये साल के जश्न के दौरान शराब पीकर ड्राइविंग के कारण दुर्घटना न हो, इसके लिए पुलिस की सख्ती रहेगी। पुलिस के अनुसार नशे में ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आइजी (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि नये साल के जश्न में किसी भी तरह की बाधा न आये इसके लिए पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की है। राज्य के पर्यटन स्थलों, होटलों, पार्कों, डैम के इर्द-गिर्द स्टैटिक फोर्स तैनात की गयी है। मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

# एम्स देवघर में बनेगा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र

## कल नीव रखेंगे मांडविया, वायरल व अज्ञात बीमारियों की होगी त्वरित पहचान

- तीन राज्यों झारखंड बिहार और छत्तीसगढ़ का होगा मुख्यालय


**सुधीर**

**रांची।** देवघर एम्स में वायरल के साथ-साथ अज्ञात बीमारियों की त्वरित पहचान के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र खुलेगा। दो जनवरी की शाम पांच बजे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया दिल्ली से देवघर एम्स में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र का शिलान्यास करेंगे। यह केंद्र बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड का मुख्यालय होगा। इस केंद्र के जरिये इन राज्यों में वायरस बीमारियों की पहचान की जायेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री दिल्ली से एक साथ असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व झारखंड के देवघर में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की नींव रखेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक डॉ अतुल गोपाल, एडिशनल डायरेक्टर डॉ लता कपूर रहेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### केंद्र से क्या होगा फायदा




स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में सबसे पिछड़ा संथाल परगना अब तीन राज्यों को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अग्रणी होने वाला है। हाल के दिनों में कई तरह के वायरस सहित ब्रेन मलेरिया, कोरोना, वायरस से जनित कई बीमारियों की यहां तुरंत पहचान हो पायेगी। रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन पर कड़ी निगरानी होगी। इससे रोगों की त्वरित पहचान करते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य और संरचना को मजबूती प्रदान करने में सहायता मिलेगी। कोविड सहित कई वायरस से नयी बीमारियां फैलने की बात सामने आयी है। इन रोगों की पहचान करते हुए इस पर कार्य योजना तैयार करने में स्वास्थ्य मंत्रालय को मदद मिलेगी। अलग-अलग वायरस फैलने के बाद इसकी पहचान इस केंद्र के माध्यम से की जायेगी।

# खरसावां के शहीदों को आज नमन करेंगे राज्यपाल-सीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खरसावां।** खरसावां गोलीकांड की बरसी पर एक जनवरी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत बड़ी संख्या में लोग शहीद स्थल पर वीर शहीदों को नमन करेंगे। शहीद स्थल पर सोमवार की सुबह सबसे पहले दिउरी द्वारा पूजा-अर्चना होगी। दिउरी विजय सिंह गागराई द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जायेगी। पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद ही शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला शुरू हो जायेगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपर बाद करीब पौने एक बजे शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह 12.35 : खरसावां के अजुर्ना स्टेडियम में हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। बाद में 1.15 बजे श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। राज्यपाल सड़क मार्ग से दस बजे खरसावां शहीद पार्क पहुंचेंगे और श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उस समय मौजूद रहेंगे। शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला देर शाम तक चलेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी।

### महाराष्ट्र की ग्लव्स फैक्ट्री में आग बिहार के छह मजदूरों की गयी जान


**संभाजीनगर।** रविवार तड़के महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हाथ के दस्ताने बनाने वाली कंपनी में भीषण आग लगने से करीब छह लोगों की मौत हो गयी। ये मजदूर बिहार और यूपी के रहनेवाले थे। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, वालुज एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में आग सुबह करीब 02:15 बजे लगी। मोहन मुंगसे ने कहा कि हमें सुबह 2:15 बजे एक कॉल मिली। जब हम घटना स्थल पर पहुंचे, तो पूरी फैक्ट्री में आग लगी हुई थी।

### देश में कोरोना के 841 नये मामले पटना में एक संक्रमित की मौत

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। देश में बीते 24 घंटों कोविड-19 के 841 नये मामले सामने आये हैं। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में केरल, कर्नाटक और बिहार में एक-एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वालों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक हो गयी है। स्वस्थ होने की दर 98.81% है।







भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी कोर कमिटी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक

# तीसरी बार मोदी सरकार, 400 पार का लें संकल्प : लक्ष्मीकांत वाजपेई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि जनता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। श्री वाजपेयी रविवार को चाईबासा के पार्टी कार्यालय में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश का सभी वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के सामाजिक, राजनीतिक और भावनात्मक सभी मुद्दों के समाधान केलिये ईमानदार प्रयास किये हैं। करिश्माई नेतृत्व और बूथ पर कार्यकर्ताओं की ताकत से तीसरी बार मोदी सरकार 400 सीट पार के साथ बनेगी। उन्होंने स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संगठन को राष्ट्रहित में आगे आने का आह्वान किया।



इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024 को विजय वर्ष बनायें। उन्होंने कहा 2023 का अंतिम दिन भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को समर्पित किया। पांच राज्यों के चुनाव में दशहरा, दीपावली भी घर से बाहर मनाया। उन्होंने कहा कि सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी भाजपा को बूथों तक पहुंचाना है। आज घर-घर मोदी सरकार की योजनाएं पहुंची है।

**हेमंत सरकार ने एकबार फिर दलित आदिवासियों को ठगा : अमर बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का बड़ा लेबल लग चुका है। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। सबसे बड़े कैश कांड पर प्रधानमंत्री जी ने चिंता व्यक्त करते हुए जनता को पाई पाई वापस लाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने फिर एक बार दलितों आदिवासियों को ठगा है। युवा झारखंड में 10 वर्ष पहले ही लोगों को बूढ़ा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना का भी वही हाल होगा जो बेरोजगारी भत्ता का हुआ। उन्होंने कहा कि आज राज्य का युवा, महिला, किसान, मजदूर सभी गुस्से में हैं। अर्जुन मुंडा बैठक ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करती है। असहयोग का रोना रोती है। वहीं सच्चाई यह है कि हेमंत सरकार केंद्रीय योजनाओं के पैसे के खर्च का हिसाब नही दे रही है। खजाने में पैसे पड़े है खर्च नहीं हो रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन पर बल दिया है, जो सरकार पारदर्शी तरीके से खर्च कर रही है उसे पैसे की कोई कमी नहीं है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकास विरोधी लोग देश को जाति की राजनीति में उलझाना चाहते हैं। जबकि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया।

बैठक में सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गण शामिल हुये। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन सांसद आदित्य साहू ने किया।

चाईबासा में भाजपा एसटी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# आदिवासियों की सच्ची हितैषी सिर्फ भाजपा : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसटी मोर्चा कार्यसमिति बैठक में कहा कि जहां दूसरी पार्टी के कार्यकर्ता पिकनिक एवं छुटियां मना रहे ,हैं वहीं झारखंड के दूर-सुदूर से भाजपा एसटी मोर्चा के कार्यकर्ता का आना ही कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। श्री मरांडी रविवार को चाईबासा के पिल्लई हॉल में एसटी मोर्चा की कार्यसमिति बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को तीन राज्यों में जो विजय मिली है, उसमें आदिवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। तीनों राज्यों में एसटी रिजर्व सीट में भी भाजपा को सीटों में काफी बढ़त मिली है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन को बेचने वाले लोग अपने आप को झारखंड के हितैषी बनते घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन अलग राज्य के लिए नहीं बल्कि पैसा लेने के



लिए लड़ा। अटल जी ने प्रधानमंत्री बनते ही यहां के आदिवासी मूलवासियों को अलग राज्य दिया। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य के आदिवासी समाज में हेमंत सरकार से काफी निराशा है। इस अवसर पर देवनारायण भगत के नेतृत्व में सैकड़ों आदिवासी समाज के लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को गांव के छोटे-छोटे पर्व त्योहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। इससे आम जनमानस में भाजपा के प्रति जनजाति समाज का जुड़ाव होगा।

बैठक में मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, निक्की हेम्ब्रम, गंगोत्री कुजुर, रामकुमार पहान, जेबी तुबिद, बड़कुंवर गागराई, लछ्मण टुडू, मिस्त्री सोरेन, अशोक बड़ाईक, मेनका सरदार, शशि भूषण सामड, जवाहर लाल बनरा, ताला मरांडी, मंगल सिंह सोय, अनंत राम टुडू, आरती कुजूर, गीता बालमुचू, सुकुमनी हेम्ब्रम, भूषण पाठ पिंगुवा, मंजीत सोरेन, अवधेश सिंह चेरो, बिंदेश्वर उरांव, विजय मेलगंडी, गणेश महली, रोशनी खालखो, सुनील फकीरा कच्छप, बिरसा मिंज, प्रिया करमाली, जगरनाथ भगत आदि उपस्थित थे।

# 2024 लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने आलाकमान को दिया फीडबैक

## झारखंड कांग्रेस के बड़े नेता रविवार को दिल्ली से रांची लौटे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में इंडी अलायंस के बीच गठबंधन का स्वरूप क्या हो, कांग्रेस पार्टी की उसमें क्या भूमिका हो और पार्टी की लोकसभा वार क्या तैयारी है, इसकी पूरी जानकारी आलाकमान को देकर झारखंड कांग्रेस के बड़े नेता रविवार को दिल्ली से रांची लौट आये हैं।



दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद सेवा विमान से रांची लौटे झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आलाकमान को राज्य की पूरी राजनीतिक परिस्थिति से अवगत कराया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन कितना तैयार है, सभी 14 लोकसभा सीट पर गठबंधन की जीत कैसे संभव हो, हम कहां-कहां अपने सहयोगी दलों की मदद कर सकते हैं, इसको लेकर पूरी जानकारी प्रदेश की ओर से केंद्रीय नेताओं को दे दी गयी है। जब सीट शेयरिंग के मुद्दे पर सभी दलों की बैठक होगी तब उसमें हमारे नेता अन्य दलों के नेताओं से बात करेंगे।

वहीं, दिल्ली से लौटने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि दो तीन स्टेज में बात हो रही है। राज्य में हम कितने सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, राज्य में अन्य सहयोगी दलों की क्या स्थिति है। इसके साथ-साथ कौन-कौन सीट पर किसकी क्या ताकत और कमजोरी है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश की ओर से कांग्रेस आलाकमान को दे दी गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अच्छी पहल

# मतदान केंद्रों पर उपलब्ध जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की करायी जायेगी सोशल ऑडिट

## हर बूथ पर किसी भी कमी या गैप को किया जायेगा दूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश और पहल पर आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 के लिए राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। वर्तमान में झारखंड के मतदान केंद्रों में जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की स्थिति को लेकर सोशल ऑडिट स्टेट यूनिट की मदद से थर्ड पार्टी सामाजिक अंकेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। देश में संभवतः यह पहला अवसर है, जब निर्वाचन विषयों को लेकर



स्वतन्त्र सामाजिक अंकेक्षण कराया जा रहा हो।

**जरूरी सुविधा उपलब्ध हो :** इस पहल को लेकर सीईओ के. रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का हमेशा से निर्देश दे रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सभी जरूरी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों। इन सभी केंद्रों पर त्योहार जैसा माहौल हो। इसलिए निष्पक्ष सामाजिक अंकेक्षण कराने का निर्णय लिया गया है, ताकि मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट मिल सके। रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई अंतराल पाया गया तो बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को ससमय दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा।

### सर्वेक्षकों का प्रशिक्षण

धुर्वा स्थित निर्वाचन कार्यालय के सभागार में राज्य सोशल ऑडिट यूनिट के सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अंकेक्षण करने जिलों में जा रहे इन सर्वेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर अपेक्षित न्यूनतम जरूरी सुविधाओं और इससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी मिल सके। इस प्रशिक्षण में सोशल आडिट टीम से जुड़े राज्य के सभी जिलों के सर्वेयर मौजूद रहे। उक्त सामाजिक अंकेक्षण का कार्य फरवरी में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद किसी भी अंतराल या कमी को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने की योजना है।

### प्रशिक्षण में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी धीरज कुमार, सोशल ऑडिट यूनिट के समन्वयक हलधर महतो सहित राज्य में सामाजिक अंकेक्षण के लिए गठित टीम के सभी सदस्य मौजूद थे।

# नियमावली लागू होने तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे बीआरपी-सीआरपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नियमावली लागू कराने को लेकर बीते चार साल से राज्य के बीआरपी-सीआरपी आंदोलन कर रहे हैं। परंतु विभाग की ओर से नियमावली को कैबिनेट में नहीं भेजा जा रहा है। नतीजा, गुरुजी की मॉनिटरिंग करनेवाले बीआरपी-सीआरपी आज गुरुजी से भी कम मानदेय उठा रहे हैं। इन्हीं बिंदुओं को लेकर बीआरपी, सीआरपी एसएस संघ रांची जिला इकाई की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष जनक मुंडा की अध्यक्षता में हुई। इसमें संघ द्वारा आहूत पेन डाउन स्ट्राइक में शामिल सभी बीआरपी सीआरपी बंधुओं को धन्यवाद दिया गया और



अपील की गई कि अपने सम्मान के लिए इसी तरह की एकजुटता बनाकर संघ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में आगे भी सहयोग देते रहेंगे। नियमावली लागू होने तक काला बिल्ला लगाकर अपने दैनिक कार्यों का निष्पादन करते हुए लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध भी विभाग एवं सरकार के समक्ष दर्ज करते रहेंगे। बैठक में रांची जिला अध्यक्ष जनक मुंडा, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, कुलदीप सुरीन, राघवेंद्र नारायण सिंह, कृष्णा कुमार साहू साहित अन्य साथी उपस्थित थे।

धर्मेंद्र तिवारी ने कहा- लोकसभा के 7 और विधानसभा के 35 से 40 सीटों पर देंगे प्रत्याशी

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी जारी आम आदमी के समर्थन से भाजमो चुनाव में उतरेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए मामलों को उनकी पार्टी ने प्रमुखता से सरकारी तंत्र के समक्ष उठाया है। हमने जन मुद्दों का समाधान करने की दिशा में पहल करने का निरंतर दबाव भी सरकार पर बनाया है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रयास से झारखंड के



20 जिलों में मोर्चा का काम हो रहा है। उन्होंने अलग-अलग कार्यों से, कार्यक्रमों से चाहे वह धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, रांची, पलामू, गिरिडीह आदि में हो, कार्यकर्ता पार्टी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं और आम जनता का भाजमो से जुड़ाव निरंतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे संरक्षक एवं अभिभावक सरयू राय ने संपर्क, समस्या और समाधान का मूल मंत्र हमें दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में जो व्यक्ति जनता के बीच में है। इनके सुख-दुख की सुध लेता है और जो हमारे उद्देश्यों को आत्मसात करेंगे। हम उन्हीं को अपना प्रत्याशी बनायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी 6 लोकसभा सीट और 35 से 40 सीटों पर अपना प्रत्याशी खड़ाकर आगामी विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के 8, उत्तरी छोटानागपुर के 6, कोल्हान के 8, संथाल परगना के 5 और पलामू प्रमंडल के 8 विधानसभा सीट चिन्हित हैं। दोनों चुनावों के लिए हमारी तैयारी चल रही हैं। नववर्ष के जनवरी महीने में कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी समीक्षा होगी। जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहेंगे। फरवरी महीने में बूथ स्तर की बैठक सभी प्रमंडल में तथा इसके बाद सभी जिलों में की जायेगी।

# ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में गड़बड़ी के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी पकड़े जाने के बावजूद अधिकांश जिलों में कार्रवाई नहीं हो रही है। विभाग ने स्पष्ट कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता सामने आने अथवा इसकी शिकायत प्राप्त होने के बाद भी कुछ मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि, जांच में गबन की पुष्टि होने पर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने, आरोप पत्र गठित करने, आरोपों के स्पष्टीकरण पर जिला प्रशासन का मंतव्य प्राप्त करने, गबन की राशि की वसूली करने, प्राथमिकी दर्ज करने आदि का निर्देश विभाग स्तर से कई बार दिया गया है। इसके बावजूद यह देखा जा रहा है कि लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी विभागीय आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हो सका है। ग्रामीण विकास विभाग ने जिले के अधिकारियों को कहा है कि वे सारे मामलों की जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर अनुपालन सुनिश्चित करायें। विभाग ने बोकारो, गिरिडीह, रांची, रामगढ़, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा-गढ़वा, देवघर, जामताड़ा सहित अन्य जिलों के लिए नये सिरे से जांच दल भी गठित किया है, योजनाओं का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देंगे।

# हिट एंड रन पर बने कानून जल्द वापस ले सरकार नहीं तो आंदोलन : निपु

**रांची।** भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामले में नियम सख्त हो गए हैं। नए नियम के तहत हिट एंड रन के केस में वाहन चालक पर 7 लाख रुपया तक का जुर्माना और 10 साल तक के सजा का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान का राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने विरोध करते हुए कहा कि यह सरकार का लाया हुआ कानून गलत है, जो भी ड्राइवर है वह कहीं न कहीं किसान और मजदूर का ही बेटा रहता है। अगर उसकी गाड़ी के नीचे कोई व्यक्ति आकर मर जाए तो वह बेचारा क्या कर सकता है? रूके तो पब्लिक मारकर खत्म कर देगी और भागे तो सरकार 10 साल की सजा करेगी। वह जाएंगे कहां? उन्होंने कहा कि ट्रक एसोसिएशन और सभी ट्रक ड्राइवरों की सहमति से यह कानून बनना चाहिए। इस पर सरकार को जल्द से जल्द विचार कर इस कानून को वापस ले। उन्होंने कहा कि अगर सरकार यह कानून वापस नहीं लेती है तो 16 जनवरी के बाद राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी इसका आंदोलन करेगा।

कांधा देते समय फफककर रोने लगीं दीपिका

# विधायक दीपिका ने पिता की अर्थी को दिया कांधा, मुखाग्नि भी दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने रविवार की सुबह अपने दिवंगत पिता अरुण पांडेय को मुखाग्नि दी। सीठियो श्मशान घाट में उनके अंतिम संस्कार के मौके पर कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों के भी कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। इससे पहले दीपिका पांडेय के सेक्टर 2, धुर्वा स्थित आवास से शव यात्रा निकली गयी। अपने पिता को कंधा देते समय दीपिका आगे बढ़ीं तो वे फफक कर रोने लगीं। इस दौरान माहौल गमगीन भी हो गया। हर किसी की आंखें नम हो गयीं। इसके बाद शव यात्रा अरुण पांडेय के सेक्टर-2 स्थित मकान के पास ले जाया गया, जहां लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब आलम सहित



कई गन्यमान्य लोग भी शामिल हुए।

मालूम हो कि अरुण पांडेय का स्वास्थ्य पिछले एक साल से खराब चल रहा था। वे अपनी बेटी दीपिका पांडेय के घर में ही रहते थे। लंबी बीमारी के बाद शनिवार को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे तीन बेटी व पत्नी को छोड़कर चले गए। महागामा विधायक दीपिका पांडेय उनकी सबसे बड़ी बेटी हैं। वहीं, एक बेटी कनाडा में रहती है, जो रविवार की सुबह तक रांची नहीं आ सकी। अरुण पांडेय 1973 से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय राजनीति में रहे थे। कांग्रेस के हर कार्यक्रम व लोगों की सेवा करने में वे हमेशा आगे रहते थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी कांग्रेस की सेवा में लगा दी थी। उनकी पत्नी प्रतिभा पांडेय भी झारखंड कांग्रेस महिला की अध्यक्ष के साथ-साथ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष भी रह चुकी है।

सीएम हेमंत सोरेन ने विपरीत परिस्थितियों के बीच राजनीतिक फतह की तैयारी तेज की

# चुनावी वर्ष होगा 2024, नये साल में सत्ता की सवारी के लिए चुनौती देगी सत्ताधारी सरकार

## चार वर्ष पूरा कर हेमंत सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया

**उदय चौहान**

**रांची।** वर्ष 2024 में सत्ताधारी दल फिर से सत्ता की सवारी के लिए चुनौती देने वाली है। पिछले चार वर्ष पूरा कर हेमंत सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीएम हेमंत सोरेन राजनीतिक राह तलाशने के लिए तैयारी तेज कर दी है। हालांकि, चुनावी वर्ष होने की वजह से जहां राजनीतिक हैसियत बनाकर रखना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए पहली प्राथमिकता होगी।

गौरतलब है कि सरकारी स्तर पर कई ऐसे फैसले लेने होंगे जो उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था। झारखंड में संविदाकर्मियों को नियमित करने का मुद्दा हो या पारा शिक्षकों का मसला, सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप निर्णय लेने होंगे। इसी तरह पारा शिक्षक, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक, वित्त रहित शिक्षाकर्मियों की मांगों को पूरा करना सरकार के लिए चुनौती भरा कार्य होगा। ऐसे संविदाकर्मियों की संख्या करीब ढाई लाख है। बड़ा मुद्दा है, वह सरकारी विभागों के खाली पदों को भरने का, जिसको लेकर युवा लगातार मांग करते रहे हैं। 2019 में जनता से यूपीए नेताओं के द्वारा वादा भी किया गया था। झामुमो, कांग्रेस और राजद ने मेनिफेस्टो के जरिए युवाओं को नौकरी का भरोसा भी दिया था। ऐसे में पांचवें साल सरकार को जेपीएससी और जेएसएससी की लंबित परीक्षा को आयोजित करने में तेजी लानी होगी।

### योजनाओं को पूरा करने और वादों को हकीकत में बदलने की चुनौती

राज्य सरकार के लिए अबुआ आवास योजना के माध्यम से घर देने की होगी। चालू वित्त वर्ष के शेष बचे तीन महीने में दो लाख और वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में ढाई लाख आवास देना चुनौती होगा। मालूम हो कि दूसरी छमाही में विधानसभा चुनाव होगा। ऐसे में साढ़े चार लाख आवास बनाना सरकार के लिए बेहद ही कठिन काम होने वाला है। सबसे पहले 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण बिल, जिसे साल 2022 में विधानसभा से पारित कर राज्यपाल को भेजा गया, इसे राजभवन ने लौट दिया था। साल 2023 के शीतकालीन सत्र में फिर से इसे पारित कर सरकार ने राजभवन को भेजा है। यदि



राजभवन फिर से इसे लौटाती है तो दूसरी बार लौटाये जाने पर मुद्दा बनेगा। सरना धर्म कोड का मुद्दा, जिसे राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कर फैसला केंद्र के पाले में डाला है। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किये जाने के फैसले के जरिए सरकारी सेवकों को आकर्षित करने की कोशिश होगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में आम लोगों को अपनी निजी जमीन पर पेड़ लगाने पर प्रति वृक्ष पांच यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इससे मिडिल क्लास को आकर्षित करने का प्रयास होगा। संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत महिलाकर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की फैसला, जिससे महिला वर्ग का साथ हेमंत सरकार को मिलने की उम्मीद है। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 की स्वीकृति, नकल करते पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा अधिकतम 10 करोड़ तक का जुर्माना का प्रावधान कर शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने की कोशिश की गयी है। लब्बोलुआब यह कि मुख्यमंत्री के लिए साल 2024 कई मायनों में अहम होगा। सरकार से लेकर गठबंधन चलाना चुनौतियों से भरा होगा।

# जिनके हृदय में भगवान, वही श्रेष्ठ : मान सिंह

## गुरु दरबार में हजारों ने भरी हाजिरी

खबर मन्त्र ब्यूरो




प्रवचन देते मान सिंह, कीर्तन दरबार में उपस्थित श्रद्धालु।

**जमशेदपुर।** नए साल का आगाज गुरु की गोद में करने को समर्पित सामाजिक संस्था गुरु नानक सेवा दल ट्रस्ट के दो दिवसीय कीर्तन दरबार में स्वर्ण मंदिर दरबार साहब अमृतसर के पूर्व हेड ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी मान सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब, महान गुरुओं, भक्तों की वाणी को उद्धृत करते हुए कहा कि जिनके हृदय में भगवान है वही श्रेष्ठ है। वह परिपूर्ण है और वह इच्छाओं से परे है। उनके अनुसार ईश्वर के अनेकों नाम है, सतनाम ही सच्चा नाम है। उनके अनुसार मनुष्य इच्छाओं का दास है और इन्हें पूरा केवल ईश्वर ही कर सकता है। गुरु मत के अनुसार पारसमणी, चकमार्नी, कल्पवृक्ष, कामधेनू मिथ्या है। इस जगत में बड़े-बड़े सुरमा राजा धनवान हुए लेकिन समय के अंतराल में सभी का नाम मिट गया परंतु ईश्वर और उसके सच्चे भक्त, उनकी वाणी अजर अमर है। उनके अनुसार केसर चंदन इत्र आदि कोटि पदार्थ का लेपन शरीर पर कर लें परंतु आत्मा अशुद्ध है अंदर की दुर्गंध है तो वह सब क्षणिक मात्र है परंतु ईश्वर की कृपा जिस पर होती है उसकी काया केसर युक्त बन जाती है। इसके साथ ही कीर्तन दरबार में रागी प्रिंसपाल सिंह पटियाला वाले, भाई संदीप सिंह जवद्दी लुधियाना वाले, श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह राजपुरा, सुखमणि साहिब जत्था ने मनोरम राग गुरबाणी गायन किया। ट्रस्ट के महासचिव श्याम सिंह भाटिया, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह गंभीर, सुखविंदर सिंह, रिखराज सिंह रिक्की, जोगिंदर सिंह जोगी, अमरीक सिंह मिक्के, त्रिलोचन सिंह पप्पी बाबा, त्रिलोचन सिंह लोची, साहिब सिंह, गुरदीप सिंह काके, तरणप्रीत सिंह बन्नी, नानक सिंह एवं अन्य व्यवस्था में लगे हुए थे। इसका संचालन सोनारी कमेटी के महासचिव सरदार सुखविंदर सिंह ने किया। रात के दीवान में तकरीबन 40 हजार संगत के जुटने और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज पर पुष्प वर्षा करने का अनुमान है।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** गुरु दरबार में वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर नगर पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणावत, पुलिस निरीक्षक संजय सिंह, दैनिक आईना एवं इस्पात मेल के प्रकाशक ब्रज भूषण सिंह, संपादक जयप्रकाश, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह , चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, प्रधान निशान सिंह, प्रधान बीबी रविंदर कौर बीबी कमलजीत कौर गिल, बीबी कमलजीत कौर, बीबी गुरमीत कौर, होटल व्यवसायी रणवीर सिंह खनूजा, आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य शिविर आयोजक गुरु नानक अस्पताल के निर्मल सिंह सहित कई प्रधान बुद्धिजीवी पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

### सतनाम को पंथ शौर्य न्याय सम्मान

ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन पूर्वी भारत बिहार बंगाल उड़ीसा झारखंड के सरदार सतनाम सिंह गंभीर को सिख पंथ के लिए विशेष योगदान देने हेतु पंत शौर्य न्याय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें जिला के पुलिस वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर नगर पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणावत, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में गुरु नानक सेवादल ट्रस्ट के अध्यक्ष हरविंदर सिंह मंटू ने दिया। 1984 के सिख नरसंहार मामले में प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए सरदार सतनाम सिंह गंभीर झारखंड उच्च न्यायालय में लंबी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हीं की कोशिशें से एक सदस्य न्यायिक आयोग का गठन हुआ है और धीरे-धीरे प्रभावित परिवारों को मुआवजा फिर से देने की शुरूआत हुई है। जिन प्रभावित परिवारों को अब तक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है उन्हें अब सरकारी अनुदान मिलने की आस बंध गई है।

## खबर एक नजर में

### अयोध्या में पूजित अक्षत कलश की सिदगोड़ा में निकली भव्य शोभायात्रा



**जमशेदपुर।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दिव्य और अलौकिक दर्शन हर सनातनी की वर्षों पुरानी यह अभिलाषा 22 जनवरी को पूरी होने जा रही है, जिसको लेकर सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है। हर कोई इस ऐतिहासिक और अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने को उत्सुक दिखाई दे रहा है। ऐसा ही नजारा सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा द्वारा रविवार को अयोध्या में पूजित अक्षत कलश यात्रा के भव्य शोभा यात्रा के दौरान देखने को मिला। जहां अयोध्या में पूजित अक्षत कलश को सिदगोड़ा 28 नंबर स्थित पंचमुखी श्रीहनुमान मंदिर से सिदगोड़ा सूर्य धाम परिसर के श्रीराम मंदिर लाया गया। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत मंदिर समिति के तमाम वरीय सदस्यों के संग हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीराम कलश के शोभा यात्रा का स्थानीय श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में जय श्री राम के जयकारे लगाए। राम नाम की धुन और राम जी के भजनों के साथ निकाली गई शोभा यात्रा से पूरा सिदगोड़ा क्षेत्र का माहौल राममय नजर आ रहा था। वहीं, सूर्य मंदिर समिति के सैकड़ों सदस्य हनुमान जी की भांति अपने आराध्य के प्रति सेवाभाव के साथ इस पुनीत कार्य मे सक्रिय योगदान देने को तत्पर नजर आ रहे थे। सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर के श्रीराम मंदिर में अक्षत कलश का विधिवत पूजन कर महाआरती की गई। इसके पश्चात, श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जब प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्या के नगरवासियों ने दीपावली मनाकर उनकी वापसी पर अपनी भावनाएं दशार्यी थी। वैसे ही 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भव्य राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी हम सब दीपावली मनाएंगे। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 22 जनवरी की शाम हम सभी अपने घरों के बाहर दीपक जलाकर इस ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण की खुशियां मनाएं। कहा कि सूर्य मंदिर समिति के सदस्यगण प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण भी आम जन तक पहुंचाएंगे।

### प्रमोद कुमार सिंह बने करणी सेना के जिला महासचिव

**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार के प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में बिरसा नगर स्थित गुड़िया मैदान में क्षत्रिय मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी का आयोजन किया गया । जहां सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए । सभी ने सर्वसहमति से प्रमोद कुमार सिंह को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी । मौके पर मौजूद संगठन के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने नियुक्ति पत्र देते हुए माला पहना कर नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाए दी और भरोसा जताया की आने वाले दिनों में समाजहित में कार्य करते हुए समाज को मजबूती प्रदान करेंगे । मौके पर मौजूद बिनय सिंह,प्रकाश सिंह,संजय सिंह,हरि सिंह राजपूत,रंजन सिंह,मोहित सिंह,लवकेश सिंह व अन्य मौजूद थे ।

### नववर्ष का जश्न मनाओ, बदमाशी की तो हवालात में कटेगी रात...



पैदल गश्त पर निकले एसएसपी किशोर कौशल की मुद्रा शायद यही संदेश दे रही है। जमशेदपुर के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने अपने अधीनस्थ सिटी एसपी मुकेश लुणावत व अन्य के साथ बिष्टुपुर बाजार में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान लोगों को नववर्ष का जश्न अनुशासन के दायरे में रख कर मनाने का संकेत दिया और बदमाशों को भी सख्ती का संदेश दिया।

# 50 किमी का दौड़ लगा कर नये वर्ष को सैल्यूट करेंगे रामदास

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**पोटका।** नववर्ष को हर किसी ने अपने अपने तरीके से मानकर यादगार बनाने में लगे हुए है, वही मैन वर्षेश वाइल्ड टीम के प्रमुख दामुडीह के 82 वर्षीय रामदास टुडू एवं बाघमारा गांव के 52 वर्षीय सुधीर सोरेन 1 जनवरी 2024 अनोखी तरीके से मनाने का निर्णय लिये है, जिकसे तहत यह दोनों 50 किमी का दौड़ एवं पदयात्रा करेंगे। यह पदयात्रा सुबह सात बजे चांद भैरव चौक दामुडीह से शुरू होगा, जो पोटका, देवली चौक, बेगनाडीह होते हुये हरिणा (दोपहर 12 बजे) पहुचेगा, जहां से पुनः कोवाली होते हुये हल्दीपोखर ( अपराह्न 3 बजे) में समापन किया जायेगा। इसमें सहयोगी की भूमिका युवा जमशेदपुर एवं बीएसजीएसएम सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निभायी जायेगी। इस 50 किमी की दौड़ एवं पदयात्रा में युवा राष्ट्रीय एथलीट चायना गोप ( छोटा बंदुआ) एवं स्टेट मैडलिस्ट प्रदीप गोप (छोटा बंदुआ) भी शामिल रहेंगे। साथ ही साथ युवा जमशेदपुर के वोलेंटियर जुड़ते रहेंगे। इस दौड़ एवं पदयात्रा के उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, उत्तम स्वास्थ्य, बाल विवाद पर रोक, महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता एवं असमानता में समानता शामिल है। युवा जमशेदपुर के संस्थापक अरविंद तिवारी एवं बीएसजीएसएम सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के फूलचांद सरदार (लाल) ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर जागरूकता दौड़ एवं पदयात्रा सराहनीय है। संस्था सभी का स्वागत करेगी, इसमें लोगो को जुड़ने के अपील किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत के उपमुखिया ओम प्रकास गुप्ता के हाथों दौड़ एवं पदयात्रा में शामिल होनेवाले सभी को तेतला में आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रैकशूट एवं टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डोबो चाकिया, दुलारी बास्के, राजेन्द्र नाथ दास, धनंजय प्रमाणिक, सोमराय मार्डी, कुश हांसदा, कृष्ण सिंह, गंगा सिंह, गणेश सिंह आदि उपस्थित थे।



रामदास टुडू और 52 वर्षीय सुधीर सोरेन।

## स्पीड न्यूज

### रिमिक्स जमशेदपुर ने महिमा एफसी को हराया

**चांडिल।** चांडिल के गांगुडीह में आदिवासी युमिद मार्शल क्लब के द्वारा आयोजित 23वां दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रविवार को रिमिक्स जमशेदपुर ने फाइनल मुकाबला में महिला एफसी को हराकर जीत दर्ज किया। प्रथम विजेता को ईंचागढ के विधायक श्रीमती सविता महतो के हाथों प्रथम पुरस्कार 150001 दिया गया एवं द्वितीय विजेता को झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक ने 100001 देकर पुरस्कृत किया। तृतीय पुरस्कार बास्को नगर एवं चतुर्थ पुरस्कार दुलमी चौका ने प्राप्त किया। इस मौके पर बोनु सिंह सरदार, काबलु महतो, शंकर लायेक, अशोक दास सहित कमिटी के कई मेंबर उपस्थित थे।

### जलेस का नववर्ष मिलन समारोह सह काव्य गोष्ठी संपन्न

**जमशेदपुर।** जनवादी लेखक संघ सिंहभूम का नव वर्ष मिलन सह काव्य गोष्ठी राहुल सांकृत्यायन सभागार गोलमुरी में अशोक शुभदर्शी की अध्यक्षता में समपन्न हुआ। सर्वप्रथम आर्यन मानकर ने मां पर एक सुन्दर गीत गाया। विमल किशोर विमल ने अंगीका में गीत प्रस्तुत किया -हमरो बलमुआ परदेस में रहे छे। दिन हमरो त एही ना कटे छे। काशीनाथ प्रजापति ने हास्य कविता सुनाया- इलेक्शन के लिए जरूरी है नॉमिनेशन। अगर हो गया सेलेक्शन तो दोनों हाथों से करेगा कलेक्शन। देवाशीष मुखर्जी ने ओज के स्वर में पढा- युद्ध के गर्भ में कविता जन्म लेगी रक्ताभ से ,साम्य के रास्ते । बिनोद बेगाना ने दोहा पढा- बेगाना उपनाम है मगर सभी हैं खास। अपनापन के भाव में मिले सुखद अहसास। सुरेश दत्त प्रणय ने पढा - किसी सुखनवर से सीख ले जीना। ये तिलिस्म ये जादु टोना क्यूं ? नजीर अहमद नजीर ने कहा-लो उनको भी हमारी जरूरत है इन दिनों। एक एक वोट की यहां कीमत है इन दिनों। डा लता मानकर ने गजल पढी-दुआओं में अपनी असर चाहती हूं। मुहब्बत भरी इक नजर चाहती हूं। राजदेव सिन्हा ने कविता पढी- छिटपुट अंधेरा है। डाल डाल पर प्रेतों का डेरा है। डा उदय हयात ने कहा- खमोशियों से मिले हाल पर बहुत रोये। हिसाब करके नये साल पर बहुत रोये।

### आइआइटी खड़गपुर में तीन दिवसीय स्प्रिंग फेस्ट 26 से

**जमशेदपुर/खडंगपुर।** स्प्रिंग फेस्ट भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर का वार्षिक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव है। 20 लाख से अधिक की ऑनलाइन पहुंच के साथ, स्प्रिंग फेस्ट पूरी तरह से छात्रों द्वारा आयोजित एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सवों में से एक है। भारत के 800 से अधिक प्रमुख कॉलेजों के उत्साही प्रतिभागी मौज-मस्ती के इस 3 दिवसीय उत्सव के लिए खड़गपुर आते हैं। 65वे स्प्रिंग फेस्ट का आयोजन आई. आई. टी. खड़गपुर मे 26 से 28 जनवरी 2024 तक मनाया जाएगा। स्प्रिंग फेस्ट ने नृत्य, नाटक, संगीत, फैशन आदि सहित कलात्मक कार्यक्रमों की अपनी विविध श्रृंखला के लिए राष्ट्रव्यापी प्रारंभिक दौर 'हिच हाइक' को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। दिल्ली, मुंबई, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, लखनऊ, जयपुर और चंडीगढ़ जैसे जीवंत शहरों में इसका आयोजन किया जा चुका है। स्प्रिंग फेस्ट सभी न्यायाधीशों को उनके बहुमूल्य समय के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। प्रतिभागियों और आयोजकों के समर्पण ने और दर्शकों के उत्साह ने इस प्रारंभिक दौर को सफल बनया है। स्प्रिंग फेस्ट 13 विभिन्न शैलियों में फैले कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला की मेजबानी करता है, जिसमें 130 से अधिक प्रतियोगिताएं होती हैं, जिसमें भारत की बेहतरीन प्रतिभाएं लगभग 35 लाख रुपये के कुल नकद पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करतीं हैं। 2024 में , एक बार फिर, आपके हृदय को उत्तेजित करने और आपकी प्रतिभाओं के प्रदर्शन के लिए कई नई स्पधाओं के साथ स्प्रिंग फेस्ट लौट आया है।

# भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्य सभा सदस्य डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहुंचे जमशेदपुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश की संगठनात्मक बैठक में भाग लेने के क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, झारखंड के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी का आगमन रविवार को टाटानगर स्टेशन पर हुआ। साउथ बिहार ट्रेन से टाटानगर पहुंचने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में पार्टी के वरीय नेताओं, विभिन्न मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं ने डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर शहर आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान डॉ बाजपेयी ने सभी कार्यकताओं से एक-एक कर मुलाकात की और परिचय प्राप्त किया। वहीं, कार्यकताओं ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर 'भाजपा जिंदाबाद', 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' और 'जय श्री राम' के ओजस्वी नारों से स्टेशन परिसर गुंजायमान रखा। टाटानगर रेलवे स्टेशन से डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी सीधे जमशेदपुर परिसदन पहुंचे। जहां नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद विद्युत वरण महतो ने डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। वहीं, परिसदन में सैकड़ों कार्यकताओं ने बारी-बारी से मुलाकात कर डॉ बाजपेयी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।



टाटानगर स्टेशन पर लक्ष्मीकांत वाजपेयी के स्वागत करने पहुंचे भाजपाई।

### मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**जमशेदपुर।** शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े श्याम प्रेमियों ने रविवार की रात पुराने साल 2023 कि विदाई और नये साल 2024 का स्वागत बाबा श्याम के दरबार में भजनों के साथ धूमधाम से किया। ह्यनव वर्ष सांवरिया के संगह्य मनाने हेतु साकची श्री अग्रसेन भवन में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया था। रविवार की संध्या 07 .30 बजे से बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित रात 08 .30 बजे से श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ हुआ। यजमान शकुंतला- बनवरी लाल अग्रवाल (ग्वाला बस्ती, टेल्को) ने पूजा की और पंडित रामजी पारिक ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक क्रमशः महावीर खण्डेलवाल, अनुभव अग्रवाल, कविता अग्रवाल एवं चंचल काशवी द्वारा बाबा श्याम के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर भजन गायकों ने सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया...., शरण तुम्हारी जो मिल गयी हैं सांवरे..., श्याम धणी को आयो रे बुलावा...., बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा..., कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार..., लाखों पापी तार दिये सुनते हैं सरकार..., काली कमली वाला मेरा यार हैं...., मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., चल खाटू के धाम पता नहीं क्या तुझे मिल जाए.... आदि भजनों की प्रस्तुति दी। बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खुब झूमे। इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्याम बाबा का भव्य दरबार, केक कटिंग, छप्पन भोग, अखंड ज्योत, श्याम रसोई प्रसाद, भजनों की अमृत वर्षा था। सभी श्याम भक्तों ने प्रसाद (श्याम रसोई) ग्रहण किया।

इनका रहा योगदान :- इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से मनोज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, पंकज छावछरिया, रतन अग्रवाल, राजेश चौधरी, विक्की अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मालीराम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, शैलश अग्रवाल, राजेश मावंडिया, चंदन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनिल शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, अनिल शर्मा, मोहित अग्रवाल, अमन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, उदय अग्रवाल आदि का योगदान रहा। मालूम हो कि इस कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम-कराने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) थे। सैकड़ों श्याम प्रेमी सपरिवार ना डिस्को गये ना होटल गये बल्कि ये तो साकची श्री अग्रसेन भवन में बाबा के चरणों मे हाजरी लगाकर एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# एसजेएमडीसी ने 55 महिला लाभुकों के बीच बांटे 16.50 लाख लघु ऋण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारतीय विपणन विकास केन्द्र (सी.बी.एम.डी.) से संबद्ध स्वावलंबी झारखण्ड माइक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एस.जे.एम.डी.सी.) के द्वारा आज लघु ऋण वितरण कार्यक्रम सेंटर के स्थानीय कार्यालय, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित कर 55 महिला सदस्यों के बीच 16.50 लाख रुपए का लघुऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी तथा सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा नेता देवेन्द सिंह, उद्यमी सह समाजसेवी नवीन अग्रवाल उपस्थित थे। यह जानकारी सेंटर के निदेशक एवं राष्ट्रीय सहसंघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह एवं निदेशक अशोक गोयल ने संयुक्त रूप से दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुणाल षाड़ंगी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वावलंबी झारखण्ड के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा यह लघुऋण महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में किया जा रहा उत्कृष्ट कार्य है। महिलायें इस राशि से अपना गृह या लघु व्यवसाय शुरू कर स्वावलंबी बनकर अपने परिवार के आर्थिक फैसले स्वतंत्र रूप में लेने की हकदार होंगी।

# हेमंत सरकार के चार साल विकास में रहा बेमिसाल : चंपई

**गम्हरिया।** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में राज्य की जनता चैन और आजादी की सांस ले रही है। पिछले चार वर्षों में हर रोज जनता के हित में ऐतिहासिक कार्य हुआ। राज्य की जनता ने युवा सीएम हेमंत सोरेन पर विश्वास किया। जनता की उम्मीद पर खरा उतरने के लिए सरकार ने जन जन तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई। हर घर में योजनाओं का लाभ मिलने से आज लोगों में खुशहाली, उत्साह और उल्लास है। रविवार को विधानसभा क्षेत्र के पिंडराबेड़ा में कार्यकताओं एवं आमलोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क, कानून व्यवस्था, गरीबी उन्मूलन, बिजली, उद्योग से लेकर अत्याधुनिक तकनीकी के क्षेत्र में राज्य महज चार वर्षों में ही अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बन गई है। इन वर्षों में राज्य को विकास की ऐतिहासिक अनंत उपलब्धियां हासिल हुई है। वर्षों से तिरस्कृत यहां के आदिवासी-मूलवासियों को उनका हक एवं अधिकार मिला है। झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देकर हमारी सरकार ने उनके बलिदानों को नमन किया है। कहा कि सीएम ने आदिवासी एवं दलितों को समान रूप से सम्मान देते हुए महज 50 वर्ष की उम्र में ही पेंशन की घोषणा का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

# भगवान शिव का वरदान रुद्राक्ष धारण करने से मिलते हैं कई लाभ : वृजनंदन शास्त्री

### मानगो वसुंधरा एस्टेट में श्री शिवकथा का छठवां दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन रविवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने ओम्कारेश्वर विश्वनाथ महाकाल प्रसंग की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान शिव को सबसे प्रिय रूद्राक्ष हैं। रुद्राक्ष धारण करने से कई लाभ मिलते हैं, क्योंकि रुद्राक्ष को भगवान शिव का वरदान ही कहा जाता है। रुद्राक्ष का शाब्दिक अर्थ भी यही है-रुद्र और अक्ष अर्थात रुद्राक्ष। यह शरीर, मन और आत्मा के लाभ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। रुद्राक्ष मानव शरीर के अंदर के साथ-साथ शरीर के बाहर की वायु में भी जीवाणुओं का नाश करता है। महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान शिव की महिमा का गुणागान करते हुए आगे कहा कि स्वार्थ छोड़कर निःस्वार्थ भाव से जल, तन और धन का दान करना चाहिए। भगवान शिव की पूजा करने वाला समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और संपूर्ण अभिष्टो को प्राप्त कर लेता है। इसमें संशय नहीं है। महाराज श्री ने आगे कहा कि परमानंद उसे कहते हैं, जिसके बाद किसी भी आनंद की अनुभूति व्यक्ति को नहीं हो। आनंद सभी दे सकते है, लेकिन परमानंद भगवान शिव ही दे सकते हैं। शिव के व्रत रखने से दुखों का नाश होता है। मोक्ष भी कोई भी देवता नहीं दे सकते, लेकिन भगवान शिव मोक्ष भी दे सकते है। शिव का ज्ञान होने पर ही शिव ज्ञान की प्राप्ति होगी तभी मुक्ति की प्राप्ति हो सकती है। कथा वाचक ने कहा कि भगवान शिव सारे संसार से प्रेम करते है। शिव ही निरंकार है। नौ प्रकार के शब्द हर व्यक्ति के अंदर चलते हैं और किसी भी व्यक्ति को पता नहीं चलता, बाहर के शब्द ही लोग सुनते हैं। सौ-सौ बार जन्म लेने के बाद भी अज्ञानता के साथ मनुष्य अंदर के नौ शब्दों को नहीं सुन पाता है। देवी-देवता भी शिव की आराधना करते हैं।

### सरल इंसान को ही प्रभु दर्शन देते हैं : पं. जगदीश



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश संघ की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के सप्तम दिन कथा में कथावाचक पंडित जगदीश भूषण मिश्रा जी ने बताया कि हमारे जीवन में यदि सरलता नहीं है तो प्रभु का दर्शन पाना सुलभ नहीं है। सरलता ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें परमात्मा से जोड़ता है। पंडित जी ने श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि कृष्णा एक राजघराने में पैदा हुए जबकि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण परिवार में पैदा हुए थे, परंतु दोनों की मित्रता का गुणगान पूरी दुनिया करती है। पंडित जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत पुराण साक्षात भगवान श्री कृष्ण की वांग्मय मूर्ति है। इसका श्रवण कर मानव समुच्य मुक्ति प्राप्त कर लेता है। कृष्ण सुदामा के प्रसंग को सुनते हुए भक्ति भावुक हो गए । आज कथा सुनने के लिए उत्तर प्रदेश संघ के अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे उपाध्यक्ष ओंकारनाथ सिंह महासचिव डॉक्टर डीपी शुक्ला सह सचिव शिव शंकर मिश्रा ललन राय कोषाध्यक्ष गिरीश तिवारी समेत कार्य समिति एवं आजीवन सदस्यों के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पलामू को पानी चाहिए, पागलखाना नहीं : प्रथम महापौर



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सबों को बधाई देते हुए कहा कि नये वर्ष की शुरूआत रामलाल के आगमन से हो रहा है। अब वह पल दूर नहीं जब रामलाल अपने गर्भ गृह में विराजेंगे जो हम हिंदुओं के लिए गर्व की बात है । प्रथम महापौर ने कहा यह हम हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात है हम सब इस पल का गवाह बनने जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड सरकार अपने 4 साल कामयाबी का जहां जश्न मना रही है। वही पलामू की सबसे बड़ी समस्या पानी के निदान की जगह एक पागलखाना पलामू के कांके कला मैं कांके के रूप में इन चार वर्षों का सौगात दिया है । मैं सरकार से कहूंगी हमारे पीएचईडी मिनिस्टर पलामू से हैं पलामू को पानी दे पागलखाना नहीं ।प्रथम महापौर ने सभी को एक बार पुनः नए वर्ष की बधाई दी और कहा कि लोग सुरक्षित और खुशी-खुशी परिवार एवं दोस्तों के साथ नव वर्ष मनाए और नए वर्ष में हेलो- हाय की जगह जय श्री राम या राम राम से दिन की शुरूआत करें ।

### पीएम मोदी के 'मन की बात' को सुना

**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत हिसरा बरवाडीह शक्ति केंद्र बूथ संख्या 181,182 पर प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात सुना गया ।इस कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान,बूथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह,मंडल मंत्री आनंद सिंह,संयोजक गुड्डू सिंह,कामता सिंह,मनु सिंह,रबीनाथ साव उपस्थित थे।

### नीलांबर पीतांबरपुर में ग्रामीणों ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर बुथ संख्या - 122 एवं 123 , मध्य विद्यालय मुंदरिया में भाजपा ने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम लोगों को उर्जा भरने की प्रेरणा देती है।

### असहायों के बीच कंबल का वितरण

**उंटारी रोड पलामू।** क्षेत्र में बह रही शीतलहरी हवाएं व कंपकंपाती ठंड को देखते हुए रविवार को प्रखंड क्षेत्र के मुरमा खुर्द पंचायत में गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की रूह कापा दे रही है । वहीं गरीब असहाय आज भी ठंढ़ में रात बिताने को मजबूर हैं। कड़ाके की ठंढ़ को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय से मुहैया कराई गई 128 कंबल को पंचायत के कुल बारह वार्ड में निर्धन , गरीब असहाय लोगों के बीच वितरण किया गया। कंबल का वितरण मुखिया रामबच्चन राम के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय परिसर में किया गया। मौके पर रोजगार सेवक मकबुल अंसारी, उपमुखिया सुषमा देवी,पंसस प्रतिनिधि संतोष रजवार,वार्ड सदस्य कमलेश चौधरी ,अरबिंद कुमार, कमलेश कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

### पीडीएस डीलरों ने 1 जनवरी से सभी दुकानें बंद रखने का किया आह्वान

**विश्रामपुर (पलामू) ।** ऑल इन्डिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर, पांडू ,नावा बाजार व उंटारी रोड प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। विश्रामपुर प्रखंड के डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में रविवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अपनी अपनी दुकानें एक जनवरी से बंद रखने का घोषणा भी किया। इसके अलावा डीलरों ने अपनी मांग से सम्बंधित ज्ञापन एमओ बैजनाथ राम को सौंपा। मौके पर फेयर प्राइस डीलर एसोशिएशन के प्रखंड अध्यक्ष बिपिन कुमार दुबे,कोषाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह,ओमू चौबे,राघवेंद्र चौबे,रामेश्वर चौबे,राजकुमार पाल,सुरेश राम,शिवनाथ राम,पुनीत शुक्ला ,आस्था सिन्हा,गंगाधर विश्वकर्मा,पप्पू सिंह,कृष्णा बैठा,जगनारायण पाल,महेंद्र प्रसाद यादव सहित कई डीलर मौजूद थे।

### रेहला पुलिस ने थाना क्षेत्र के सभी होटलों में चलाया जांच अभियान

**विश्रामपुर (पलामू) ।** रेहला पुलिस ने बीती रात्री थाना क्षेत्र के सभी होटलों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने होटल के कमरों का जांच किया। होटल के रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके अलावा होटल में ठहरे लोगों का आधार कार्ड का भी जांच किया। मौके पर प्रभारी नेमधरी रजक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा के मद्देनजर रेहला थाना क्षेत्र के सभी होटल का रजिस्टर और होटल के कमरा का छानबीन किया गया।

### विश्रामपुर प्रखंड के जरका गांव निवासी राम नारायण चौधरी बने डीएसपी

**विश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के जरका गांव निवासी आरएन चौधरी को झारखंड सरकार गृह करा व आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा डीएसपी में प्रोन्नति दी गई है। इसके बाद उनके पैतृक गांव जरका सहित आसपास के गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों का कहना है कि घर का लड़का पुलिस उपाधीक्षक बनकर गांव,पंचायत,प्रखंड व जिला का नाम रौशन किया है। विदित हो कि पुलिस उपाधीक्षक आरएन चौधरी पुलिस विभाग में बतौर सब इंस्पेक्टर पदस्थापित हुए थे। इसके बाद इंस्पेक्टर के रूप में उनका प्रोन्नति हुआ था। वर्तमान मे श्री चौधरी गिरिडीह नगर थाना में वतौर प्रभारी के पद पर कार्यरत है। श्री चौधरी गांव के एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपने पैतृक गांव में अपने निजी खर्च से एक भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया है। इधर उनके डीएसपी बनने पर कई लोगों ने बधाई दी है।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**विश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के आवास पर रविवार को श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा में राजपुरोहित पंडित अचितानंद पांडेय की धर्म पत्नी स्व.शांता पांडेय को श्रद्धांजली दी गई। यहां बताते चलें कि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय की माता शांता पांडेय की मौत पिछले दिनों लंबी बिमारी के बाद हो गया था। श्रद्धांजली सभा में वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज पांडेय,एएसआई अनंत सिंह,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,तीर्थराज सिंह,सोनू पाठक,राजन मिश्रा,रामलगन पाल,विनोद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# अबुआ आवास में बबुआ ने लूटने का अवसर बबुआ को प्रदान किया : विधायक

### सरकार के चार साल में चारों तरफ मचा हाहाकार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के गठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के चार साल के कार्यकाल में राज्य के चारों ओर हाहाकार मची हुई है। राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है। विगत चार वर्षों में लूट, हत्या, अपहरण, चोरी, डकैती, छिनतई, नक्सली घटना से लेकर घोटालों के नाम से राज्य की पहचान स्थापित हुई है। इतना ही नहीं झारखंड में भ्रष्टाचारियों के कारण देशस्तर पर झारखंड की छवि धूमिल हुई है। उक्त बातें पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि दिवास्वप्न दिखाने वाली हेमंत सरकार राज्य की युवाओं को ठगने का काम की है। प्रत्येक वर्ष पांच लाख बेरोजगारों को नौकरी देने एवं बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने तथा अनुबंधकर्मियों को स्थाईकरण करने, पारा शिक्षकों को वेतन में वृद्धि करने समेत कई प्रलोभन देकर सत्तासीन हुई है। यह सरकार सत्ता संभालने के साथ राज्यवासियों से किये गये सारे वादे को भूलकर दमनकारी नीति अपना ली है। अपने हक व अधिकार की मांग करनेवाले अनुबंधकर्मी आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, जल सहिया, पंचायत सेवक, स्वयंसेवक, पारा शिक्षक जब आंदोलन करते हैं तो उनके साथ बर्बरतापूर्वक सरकार के ईशारे पर पुलिस द्वारा लाठी बरसाई जाती है। यह सरकार दमनकारी नीति अपनाकर राज्यवासियों पर दमन, शोषण कर रही है। डा मेहता ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है। भ्रष्टाचार के कारण कई बड़े अधिकारी जेल के सलाखों में हैं तो कई अधिकारी व ठेकेदार ईडी के रडार पर हैं। वहीं झारखंड सरकार में शामिल कांग्रेस के नेता धीरज साहु के घर बरामद अवैध रूपये से देश में झारखंड की बदनामी हुई है। यह सरकार युवाओं को छह्लने के लिए कई प्रलोभन दे रही है। डा मेहता ने कहा कि हेमंत सोरेन पीएम आवास योजना को राज्य में फेल कर अबुआ आवास योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि राज्य के बबुआ ने अबुआ आवास में बबुआ लोगों को लूटने का अवसर प्रदान किया है। इस योजना में लाभार्थी को आवेदन करने के लिए लूटेरे बबुआ लोग मोटी रकम ले रहे हैं। पूर्व सांसद मनोज कुमार भुईयां ने कहा कि झारखंड गठन के बाद सबसे निकम्मी हेमंत सरकार साबित हुई है। राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कोई भी अधिकारी एक दूसरे से डरते नहीं हैं। निडर होकर भ्रटाचार में लिप्त हैं। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चार साल पूरा करने पर हेमंत सोरेन ने दलित, आदिवासी समाज के 50 वर्षीय लोगों को पेंशन देने की घोषणा कर राज्य के अन्य जाति व समुदाय के लोगों के साथ घोर अन्याय की है। आनेवाले समय में इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। प्रेस वार्ता में महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, लाला प्रसाद यादव, अशोक तिवारी, रंजय ठाकुर, ललन यादव, प्रो बच्चन ठाकुर व अन्य शामिल थे।

# ग्राम बोरोदीरी अब अंबेडकर नगर के नाम से जाना जायेगा : विधायक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरोदीरी का नाम परिवर्तित कर अम्बेडकर नगर किया गया। जो अबसे अंबेडकर नगर के नाम से जाना जाएगा । इस मौके पर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि बहुत जल्द ही यहां पर डा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित किया जायेगा। ग्रामीणों ने गांव की समस्या से विधायक को अवगत कराया। जिस पर विधायक ने कहा कि एक एक कर सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने गरीब, बुजुर्ग एवं असहाय लोगों के बीच साड़ी और कम्बल वितरण किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम बोरोदीरी वर्षों से उपेक्षा का शिकार होते रहा है। यहां के लोगों के जनभावनाओं के साथ पूर्व के जनप्रतिनिधि खिलवाड़ करते आये हैं। इस गांव को अपने बदहाली पर छोड़ दिया गया था। जिसे मेरे रहते उपेक्षित नहीं रहने दिया जायेगा। इस गांव की सभी समस्या का समाधान समय के अनुसार किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों को आह्वान करते हुए कहा कि गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में मेरा साथ दें। मैं इस गांव का कायाकल्प कर दूंगा। उन्होंने कहा कि अब बोरोदीरी गांव का नाम बदल चुका है। इसे अब अंबेडकर नगर के नाम से जाना जायेगा। सभी लोग अंबेडकर नगर ही कहें। मौके पर रोशन सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव , रंजय ठाकुर, समाजसेवी कमेश यादव, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, जसवंत कुमार, चंदन गुप्ता, धनंजय सिंह,राजन सिंह, कृष्णा कुमार चंद्रवंशी, रितेश कुमार सिंह,अनुज कुमार,सरवन कुमार, अवधेश कुमार, हितेश कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, भाजपा के चुनमुन पांडे, बबलू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बाबा महत्वाना धाम पर लगा भव्य मेला

# मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान से जुड़ा है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित खुटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेला लगा। यहां उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बाबा महत्वना धाम पर भव्य मेला लगता है। मेला में स्थानीय लोग के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आये थे। कड़ाके की ठंढ पर आस्था भरी पड़ा व लोग अहले सुबह से ही महत्वना धाम पहुँचाने लगे थे। बाबा महत्वना की पूजा अर्चना का दौर पुरे दिन चलते रहा। आयोजन कमेटि द्वारा भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके परडॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। यह सांस्कृतिक पहचान हमे बिरासत में मिली है। इस सांस्कृतिक बिरासत को आगे लेकर जाना है। उन्होंने घोषणा किया कि विधायक मद से धाम स्थल पर यात्री शेड का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावे धाम तक पहुंचने वाले सड़क का पक्कीकरण कराया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भोजपुरी दुगोला में एक से बढ़ कर एक गीत गाकर पुरे मेला क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। बाबा महत्वना धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि यहाँ जो भी श्रद्धालु मनोकामना लेकर आते है बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते है। मौके पर विधायक के ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, समजसेवी विजय कुमार रवि, इदरीश हवारी, देववंश राम, बिनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# आने वाला वर्ष पलामूवासियों के लिए सुखमय होगा : एसपी रीष्मा रमेसन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2023 पलामूवासियों के लिए कई उतार चढ़ाव देकर जा रहा है। कई लोगों को खुशी दिया तो कई लोगों को जीवन भर का गम देकर जा रहा है। इसके बावजूद भी जिलेवासी खटे मिठे अनुभवों के साथ 2023 को अलवीदा कहते हुए आनेवाले वर्ष सुख, शांति व समृद्धि के लिये हो इसलिए लोग इसे गर्मजोशी के साथ स्वागत में लगे हैं। वहीं दूसरी ओर पलामू पुलिस के लिए यह वर्ष चुनौतियों के बीच उपलब्धि भरा रहा है। जिस कारण पलामू पुलिस काफी उत्साहित है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने वर्ष 2023 का प्रगति रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पलामू के सभी थाना के पुलिस अधिकारी व कर्मी के कड़ी मेहनत व प्रयास से काफी उपलब्धि हासिल हुआ है। इससे बढ़कर आनेवाले नये वर्ष में हो यह संकल्प पुलिस के साथ हीसाथ जिलेवासियों को लेना है। उन्होंने नये वर्ष की शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि आनेवाला वर्ष जिलेवासियों के लिए सुख, शांति व समृद्धि वाला हो। उन्होंने कहा कि साल 2023 के दौरान, पलामू पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे क्षेत्र में उच्चतम स्तर की निगरानी बनाए रखने के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। इस समय के दौरान, पुलिस ने अपराध के खिलाफ सशक्त उपस्थिति बनाए रखने के लिए नए तकनीकी साधनों का उपयोग किया है। साथ ही, पुलिस ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक क्षेत्रों में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कई अभियान और कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

### उंटारी थाने के एएसआइ की सेवानिवृत्ति पर पर्यावरणविद ने थाना परिसर में किया पौधरोपण

**उंटारी रोड पलामू ।** जिले के उंटारी थाना में रविवार को सेवानिवृत्त एएसआई राजकुमार शर्मा को भावभीनी विदाई दी गयी। उनके सम्मान में एवं विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, उंटारी थानाप्रभारी अशोक कुमार, रेहला थानाप्रभारी नेमधारी रजक सहित अन्य लोगों के साथ थाना परिसर में पर्यावरण धर्म के साथ चंदन सहित आम,छतरी,कदम,लीची और पीपल का पौधा लगाया। पृथ्वी को पौधा समर्पित करने के पूर्व पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने सेवानिवृत्त श्री शर्मा को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा, मोमेंटो देकर एवं शौल ओढ़ा सम्मानित किया। मौके पर कौशल ने कहा कि वृक्ष और पुलिस दोनों ही समाज के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखती है जबकि पुलिस समाज के लोगों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए रातदिन प्रयासरत रहती है। दोनों ही समाज के लोगों के लिए कार्य करते हैं जिसके कारण इनमें काफी समानता है। उन्होंने कहा कि समाज व पर्यावरण के लिए वृक्षों और पुलिस का होना नितांत जरूरी है। वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि कोरोना काल में उनके द्वारा इसके पहले थाना परिसर में कई प्रजाति के पौधे लगाए गए थे।

## खबर एक नजर में

### क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बिनू ने किया शिलापट्ट का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** जोड़ रोड टी. वी. टावर चौक के पास बसे नए मुहल्ले का आज नामांकरण किया गया। आज से इस मुहल्ले का नाम क्षत्रिय नगर कर दिया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह उर्फ बीनू सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर आज इसके शिलापट का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षत्रीय समाज का हमेशा से ही गौरवशाली इतिहास रहा है और हमें भी क्षत्रीय धर्म का पालन करते हुए संगठन के माध्यम से क्षत्रिय समाज व सनातन समाज की सेवा के लिए सदा तत्पर व उपलब्ध रहना चाहिए। सनातन समाज की सेवा कर हम पुनः अपने गौरवशाली इतिहास को वापस पा सकते हैं एवं क्षत्रिय समाज का उत्थान कर सकते हैं। महासभा के उपाध्यक्ष छोटू सिंह ने कहा कि मेदनीनगर नगर निगम के द्वारा टी. वी. टावर चौक को महाराणा प्रताप चौक बनाने का प्रस्ताव बोर्ड से पारित कर दिया गया है और शीघ्र ही इसकी निविदा भी निकल जाएगी।

### मासूम ने वर्ष के अंत में आठ पुरस्कार जीता



**मेदिनीनगर।** नाटकों को समर्पित पलामू की सांस्कृतिक संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने बिहार के डेहरी में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में कुल आठ पुरस्कार जीतकर साल का शानदार अंत किया है। संस्था के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित नाट्य प्रतियोगिता में आठ पुरस्कार जीता है जो पलामू के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि मासूम आर्ट ग्रुप ने इस प्रतियोगिता में मंचीय और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया था। मंच नाटकों को श्रेणी में मासूम आर्ट ग्रुप ने सैकत चटर्जी द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक ₹आइए न₹ प्रस्तुत किया। इस नाटक प्रतियोगिता के श्रेष्ठ पांचवे नाटक का पुरस्कार मिल। सैकत चटर्जी को श्रेष्ठ हास्य अभिनेता का प्रथम व श्रेष्ठ लेखक का प्रथम पुरस्कार मिला। कामरूप सिन्हा को राजा की भूमिका के श्रेष्ठ हास्य अभिनेता का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। सिकंदर कुमार को श्रेष्ठ बैक ग्राउंड म्यूजिक का प्रथम पुरस्कार मिला।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंगरा कला में वर्ष 2024 में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को ले रविवार को शिव मंदिर परिसर में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जगतगुरू रामानुजाचार्य झारखण्ड पीठाधीश्वर गोविन्दाचार्य जी महाराज ने की। संचालन उमाशंकर सिंह ने किया। बैठक में आस-पास क्षेत्र के कजरी, बटसारा, पड़वा, लोहड़ा, पूर्वडीहा, पाटन, किशुनपुर, मेदिनीनगर, गोल्हना, पाल्हे खूर्द, नौडीहा सहित जिले के कई क्षेत्रों के ग्रामीणों ने भाग लिया। यज्ञ की सफलता के लिए विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। स्वामी गोविन्दाचार्य ने महायज्ञ के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अनंत श्री विभूषित पूज्य जीयर स्वामी के नेतृत्व में दुगार्पूजा के दशमी तिथि के बाद श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन होना है।इसके पूर्व ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा के दिन से त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्री श्री 1008 स्वामी जीयर स्वामी जी महाराज चातुर्मास व्रत का शुभारंभ करेंगे। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि सिंगरा कलां शिव मंदिर परिसर में जीयर स्वामी का यज्ञ होना इस इलाके के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सिंगरा कलां सहित इलाके लोग उन्हें जो भी जिम्मेदारी देंगे वह उसका निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे। वह तन मन धन से सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस मौके पर पड़वा प्रखण्ड के उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मन्टु,संतोष शुक्ला, विजय कुमार सिंह, श्रीकांत मिश्रा, अभय मिश्रा ,योगेन्द्र शुक्ला, महाराणा प्रताप सिंह, नागेश्वर सिंह, रामराज दुबे, प्रदीप दुबे, अरुण दुबे, मनोज विश्वकर्मा, उमेश पासवान, उमेश सिंह, विजय शुक्ला, नागेश्वर सिंह, शंकर विश्वकर्मा, अशोक सिंह, श्रीराम मेहता सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने कहा कि सभी लोग महायज्ञ को सफल बनाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने के लिए संकल्पित है।

### पूजित अक्षत कलश को कई मंदिरों में पहुंचाया गया

**सतबरवा पलामू।** अयोध्या राम जन्मभूमि से पूजित अक्षत कलश को एक मंदिर से दुसरे मंदिर तक ले जाने का कार्यक्रम सतबरवा प्रखंड विभिन्न गांवों में चलाया जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद सतबरवा इकाई के द्वारा रविवार को बाजे गाजे के साथ शिव मंदिर लोहरा पोखरी से पूजित अक्षत कलश को शिव मंदिर धावाडीह में लाया गया।इस दौरान जयश्री राम के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। मौके पर मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि यह पूजित अक्षत अयोध्या से आया है जहां श्रीराम मंदिर के उदघाटन होना है इसी कड़ी में पुरे देश के मंदिरों में अक्षत भेजा गया है।

# राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम उताकी में स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह के पुण्य तिथि के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पुर्व सांसद मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पुर्व जिला परिषद सदस्य भोला सिंह ने किया । इस मौके पर पाटन भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौतम सिंह, पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह, भाजपा नेता अशोक तिवारी, पड़वा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष यमुना सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मौके पर अंजय सिंह, अमरेश सिंह, मुकेश कुमार, उपेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, गिरजा मोहन सिंह, संजय सिंह सहित उताकी ग्राम के लोग उपस्थित थे । सांस्कृतिक कार्यक्रम ब्यास शीव चौधरी ,खुशबू सिंह, गुडु दुबे एवं नागेन्द्र ब्यास के द्वारा किया गया। जमशेदपुर की गायिका खुशबू के द्वारा एक से बढ़कर गीत प्रस्तुत किये गये जिस पर श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध तबला वादक शीशीर शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम में सांसद मनोज कुमार ने कहा कि स्व राजेन्द्र सिंह समाजसेवी थे । उन्होंने समाज में सभी के दुख सुख में भाग लेते थे । उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति के रास्ते पर हमलोगों को चलने की जरूरत है । वहीं उताकी पंचायत के पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह ने कहा कि स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह के पुण्य तिथि के अवसर पर जो भी लोग उपस्थित हुए हैं हम सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह के द्वारा स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह के पुण्य तिथि पर गरीबों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया।

# अंबेडकर क्लब ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पांडेपुर में रविवार को अंबेडकर क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता, मुरमा खुर्द मुखिया रामबचन राम, पंसस प्रतिनिधि संतोष रजवार ने सर्वप्रथम फीता जोड़ने के उपरांत खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री मेहता ने कहा कि आज का युग क्रिकेट खेल का है, क्रिकेट खेल में किसी भी तरह जाति भेद भाव नही है।

उन्होंने खेल को बढ़ावा देते हुए कहा की आने वाले समय में इसी विधानसभा से कोई युवा धोनी जैसा महान क्रिकेट बनाकर विधानसभा ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रौशन करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की बात कही । कहा कि खेल में हार व जीत खेल में एक सिक्के के दो पहलू है जिसमे कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है। मुखिया रामबचन राम व पंसस प्रतिनिधि संतोष रजवार ने भी संबोधन किया। मौके पर धनंजय कुमार रवि, कमलेश रवि सहित कई खेलप्रेमी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कचरा शहर का, मुसीबत झेल रहे ग्रामीण



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के बगल में स्थित जोरी पंचायत में ओयना टोंगरी के बगल में लोहरदगा नगरपालिका प्रतिदिन कचरा फेंक रहा है। वर्तमान समय मे वहां कचरे का एक पहाड़ खड़ा कर दिया गया है साथ ही कचरे के निस्तारण की उचित व्यवस्था भी नहीं की गयी है। कचरे को खुले स्थानों में फेंक दिया जाता है। कचरा इधर-उधर न फैले उसके लिए न ही बाउंड्री वॉल की गयी है और न ही उसके निस्तारण की कोई व्यवस्था। कचरा ज्यादा होने की स्थिति में कचरों के ढेर में आग लगा कर खत्म करने की प्रक्रिया अपनायी जाती है जिससे आस पास रहने वाले ग्रामीणों को धुएं के कारण सांस संबंधी समस्या और गंभीर बीमारियां से ग्रसित होना पड़ रहा है। खुले में उड़ने वाले प्लास्टिक के बैग और अन्य अवशिष्ट खेतों में जा रहे हैं, जिनसे किसानों के फसल की उर्वरा शक्ति भी घट रही है। कचरे से उठने वाले दुर्गंध के कारण राहगीरों को भी दुर्गंध की समस्या झेलनी पड़ रही है। उम्मीद है आने वाले नये साल में लोहरदगा नगरपालिका के द्वारा कचरे के निस्तारन कर कचरे का दंश झेल रहे ग्रामीणों को इससे निजात दिलाने की पहल की जायेगी।

### भैंसमुंदो में ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**भंडरा।** प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के तहत ग्राम भैसमुंदो, मंडल भंडरा जिला लोहरदगा बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 82 पर सुनते भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह वासुदेव उरांव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री का देशवासियों के लिए संदेश बहुत ही लाभदायक है। खासकर हम झारखंड वासियों के लिए तो और भी प्रेरणादायक है। क्योंकि झारखंड के गुमला जिला सिसई प्रखंड की मंगलो गांव में चल रहे विद्यालय की चर्चा की। इसमें उन्होंने क्षत्रिय कुरुख भाषा की प्रशंसा की, जो हमारे झारखंडवासियों के लिए अति प्रेरणादाई है। कार्यक्रम में बालकृष्ण सिंह, वासुदेव उरांव, कांति देवी, गीता देवी, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, सोनू महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, करमचंद महतो, फगुआ महतो, मनोज महतो, रूपेश सिंह, रोहित महतो सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के तुरियाडीह गांव में सिंनगी देवी नामक एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं पुलिस को सूचना रविवार को ग्रामीणों द्वारा दी गयी। जिसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में घाघरा थाना के एसआईं राहुल कुमार सिंह ने बताया कि तुरियाडीह गांव से मृतका के पति द्वारा दूरभाष पर इसकी सूचना आज सुबह घाघरा थाना को दी गई। जिसकी पत्नी घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। वहीं मृतक के पति ने यह भी बताया कि उसकी पत्नी सिंनगी देवी का मानसिक संतुलन कुछ दिनों से खराब चल रहा था।

### आनंद बने चैंबर के मीडिया प्रभारी



**गुमला।** शहर के मेन रोड निवासी आनंद गुप्ता को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि आनंद गुप्ता को चैंबर का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। आनंद गुप्ता काफी युवा व उजार्वान हैं। वे सामाजिक, व्यापारिक व राजनीति में रुचि रखते हैं। चैंबर को आगे बढ़ाने व व्यापारियों के हित में आनंद अच्छा काम करेंगे। उनको चैंबर का मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर चैंबर सदस्यों व आजसू पार्टी के नेताओं ने बधाई दी है।

### गरीब महिलाओं की परेशानी देख केंद्र सरकार ने शुरू की उज्ज्वला योजना



**गुमला।** सदर प्रखंड के मुरकुंडा गांव में रविवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 22 महिला दीदियों के बीच गैस और चूल्हा बांटा गया। जयश्री एचपी ग्रामीण वितरक नाथपुर के तत्वावधान में मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने लाभुकों को गैस दिया। जिप उपाध्यक्ष ने महिला दीदियों से संवाद करते हुए कहा कि गरीब महिलाओं के परेशानी को देखते हुए मोदी जी ने सभी परिवार को गैस और चूल्हा देने का निर्णय लिया। इसी के तहत यह गैस प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में कई कार्य हुए। अभी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चल रहा है। देश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। यह सब आप सबो के एक कीमती वोट का परिणाम है। मोदी जी का संकल्प है सबका साथ सबका विकास इसी को साकार करते हुए लगातार काम हो रहा है। उपाध्यक्ष ने महिलाओ को इसका प्रचार प्रसार कर वैसे परिवार जो इस लाभ से वंचित है उन्हें इसके लाभ लेने के लिए जानकारी देने की बात कही। एजेंसी संचालक नीरज कुमार ने बताया कि सभी महिलाओं को एक चूल्हा, सिलेंडर, रुगुलेटर और पाइप दिया गया जो भी परिवार को नहीं मिला है वे आवश्यक कागजात जमा करके इसका लाभ ले सकते है। मौके पर प्रमोद साहू, ओमप्रकाश साहू रीना देवी, सनियरो देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्राकृतिक और कृत्रिम सुंदरता का अनुपम मेल है बिरसा मुंडा पार्क व रॉक गार्डेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क जिले वासियों के लिये नव वर्ष के आनंद व उमंग के लिए सजधज कर तैयार है। शहर के बीचों-बीच बसे इस पार्क की सुंदरता पूरे राज्य में फैली हुई है। नववर्ष को लेकर पूरे पार्क को आकर्षक बनाया गया। शाम ढलते ही पार्क की छटा अपनी खूबरसूरती बिखरेती दिखलाई पड़ती है। पार्क के आंदर टाय ट्रेन, लाफिंग गलास, मछली घर, झूला लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पार्क की सुंदरता नववर्ष पर देखती ही बनती है। अनेक तरह के फूल लोगों के मन को रोमांचित करती है। पार्क में रखे खरगोश, चूहा भी देखने के लिए बच्चों की भीड़ लगी रहती है।

**कहां क्या-क्या की गयी है नववर्ष पर तैयारी :** नववर्ष पर बिरसा मुंडा एग्रो पार्क लोग परिवार के साथ पहुंचते हैं और उत्साह के माहौल में नववर्ष का जश्न मनाते हैं। लोगों की सुविधा के लिए पार्क में कई व्यवस्थाएं की गयी है। पार्क के अंदर लगा झूला बच्चों के क्रीड़ा का माध्यम है। हाथी, मगरमछ, सांप, आदि मूर्तियां लोगों को अपनी ओर खिंचती है।




नववर्ष के स्वागत के लिए तैयार बिरसा मुंडा पार्क।

## वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल नवरत्नगढ़ किले में नववर्ष पर लगेगी सैलानियों की भीड़

### घूमने के लिए बेहतर विकल्प है रॉक गार्डेन

अगर आप नव वर्ष में कहीं घूमने की तैयारी कर रहे हैं तो रॉक गार्डन आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। वर्ष 2024 के स्वागत की तैयारियों में लोहरदगा रोड स्थित रॉक गार्डन बाहें फैलाये पर्यटकों का इंतजार कर रहा है। इसके मुख्य द्वार से लेकर बच्चों के क्रीड़ा स्थल तक की साफ सफाई व उन्हें चुस्त दुरूस्त किया जा रहा है। हालांकि वर्ष के अंत से ही काफी संख्या में पर्यटक यहां आकर वर्ष 2023 को खुशगवार माहौल में विदाई दे रहे हैं। नप अंतर्गत निर्मित यह रॉक गार्डन कई मायनों में दर्शकों को लुभा रहा है। नाम के अनुरूप पत्थरों के बड़े बड़े चट्टान इसकी खूबसुरती में चार चांद लगा रहे हैं। रॉक गार्डन प्राकृतिक व कृत्रिम सुंदरता का अनुपम मिलन है। जहां यह गार्डन जमीन से काफी उंचाई पर बना है वहीं इतने बड़े बड़े चट्टानों पर विभिन्न जानवरों की आकृति बच्चों को काफी लुभाते हैं। कई उंचे नीचे स्थानों पर पुल की आकृति के रूप में बने रास्ते रॉक गार्डन की सुंदरता में इजाफा कर देते हैं। वहीं सिसई प्रखंड का ऐतिहासिक नवरत्नगढ़ कीला में नववर्ष के जश्न के लिए जिलेवासियों व दूसरे जिलों के लोगों की भीड़ उमड़ती है। वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल यह कीला कई एकड़ भूमग में फैला हुआ है। कीले की खुदाई से जमीन में दफन कई चीजें बाहर आ रही है। जो लोगों को अपनी ओर खींच रही है। वास्तुकला का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता यह कीला झारखंड ही नहीं विश्व के लिए एक धरोहर है। कीला की खुदाई अब भी जारी है। नये साल का स्वागत लोग परिवार के साथ करने इस कीले में पहुंचते हैं।



#### गुमला थाना क्षेत्र में नहीं रुक रही चोरी की घटना, दो स्थानों पर फिर हुई चोरी

# डुमरडीह से एक लाख कैश, चेन व मुरकुंडा से ट्रैक्टर ले भागे चोर

- गुमला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के बढ़ते आतंक से जनता परेशान, पुलिस चोरों की धर पकड़ में जुटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। चोर लगातार चोरी की घटना को अंजाम देकर निकल जा रहे हैं। शनिवार की रात गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह व मुरकुंडा गांव में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें डुमरडीह गांव में रविंद्र कुमार साहु के घर का दरवाजा तोड़कर अलमीरा में रखे एक लाख रूपया कैश व सोना का एक चैन चोरों ने चोरी कर ली। इस दौरान चोर घर के मुख्य कक्ष में प्रवेश नहीं कर पायें। जिसे चोरों को ज्यादा कुछ हाथ नहीं लगा। बताया जा रहा है कि रविंद्र कुमार साहु अपने परिवार के साथ रांची गये थे। उनकी बेटी की शादी है। जिसकी तैयारी में जुटे हैं। बेटी की शादी के लिए ही सोने का चैन खरीद कर रखा था। जब परिवार के लोग घर वापस लौटे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला।



डुमरडीह के घर में इसी आलमारी को तोड़कर हुई चोरी।

- वहीं गुमला प्रखंड के मुरकुंडा गांव से घर के बाहर खुडे जय प्रकाश साहु का ट्रैक्टर चोरों ने चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि चोरों ने ट्रैक्टर ऐसे ले गये कि किसी को भनक तक नहीं लगी। इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक के द्वारा गुमला थाना में चोरी की लिखित शिकायत की गई है। गुमला ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना में इन दिनों इजाफा हुआ है। चोर बैखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम देकर बाहर भाग जा रहे हैं। तीन दिन पूर्व ही शहर के न्यू अमित मोबाईल के शटर तोड़कर लगभग 40 लाख रूपये के मोबाईल व अन्य सामग्री की चोरी चोरों ने कर ली थी।

#### अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण, बजरंग दल ने की अपील

# अपने नजदीकी मंदिर-मठ सजा कर 22 को जरूर करें महाआरती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर से आज अयोध्या से आये अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के नियमित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता और चंदन गोयल हाथों से कलश वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें बीआईडी बस्ती और गुदरी बाजार बस्ती के राम भक्त माताएं बहने गाजा बाजा के साथ मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवा टोली में पहुंचकर कलश को लेकर अपने-अपने स्थान पर शोभायात्रा के माध्यम से गये।

अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख चंदन गोयल ने की और उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक हर एक राम भक्त के घर में जाकर अक्षत और निमंत्रण कार्ड देना है। उसे यह कहना है कि अयोध्या में बने राम मंदिर का निमंत्रण कार्ड है आप लोग अयोध्या जरूर जायें।

विहिप के उपाध्यक्ष अशोक कासकर ने कहा कि 500 वर्षों की कड़ी तपस्या के बाद आज हमें यह दिन देखने को मिला कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। बीआइडी बस्ती के अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा जिस तरह से जिले में और प्रखंडों और पंचायत में कलश बांटा गया है। सभी कार्यकर्ता 1 से 15 जनवरी तक सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में अक्षत वितरण करें और 22 तारीख को अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर मठ को सजाकर भव्य रूप से महाआरती का कार्यक्रम करें।

**क्या कहते हैं जिला संयोजक :** बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि 22 जनवरी का शुभ मुहूर्त 84 सेकंड का मात्र होगा, जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा और हर एक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम करना है और अपने घर को रंगोली बनाकर दीप जलाकर कार्यक्रम को भव्य रूप से मानना है।

# 2023 में युवाओं पर रहा जिला प्रशासन का फोकस

- युवाओं को सही मार्ग व उनके भविष्य निर्धारण को लेकर जिले में पुस्तकालय क्रांति
- पंचायत स्तर से लेकर शहर मुख्यालय तक खुले कई पुस्तकालय, दो अधिकारियों की कल्पना धरातल पर जीवंत
- युवा वर्ग के लोग पुस्तकालय का उपयोग कर अपने हौसलों की उड़ान को दे सकते हैं नयी पंख, पा सकते हैं जीवन का लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुजरता साल 2023 में जिला प्रशासन का पूरा फोकस युवाओं पर केंद्रित रहा है। युवाओं को सही मार्ग व ट्रेक प्रदान करने व उनके भविष्य को एक लक्ष्य देने के लिए जिले में पुस्तकालय क्रांति जिला प्रशासन के द्वारा लाया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालयों में पुस्तकालय खोले गये। जिसमें पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव व अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता का विजिन लोगों को देखने को मिली। दोनों अधिकारियों की कल्पना धरातल पर साकार हुई और युवाओं के उत्थान के लिए कई पुस्तकालय की नींव रखी गयी, जो सभी वर्तमान में चालू हैं। जहां हर प्रकार के पुस्तक के साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर किताबें उपलब्ध करायी गयी।



पुस्तकालय उद्घाटन के दौरान छात्राओं से बात करते डीसी।

**खास बातें :** पुस्तकालयों में युवक-युवतियों की उपस्थित यह दर्शाती है कि जिला प्रशासन का फोकस सही मायने में कारगर साबित हुई है। युवक-युवती पुस्तकालय का सही उपयोग कर अपने जीवन को उंचाईयों तक ले जा सकते हैं और अपने हौसलें के पंखों से उंची उड़ान भर सकते हैं। जिसके लिए युवाओं को संयम व धैर्य रखना जरूरी है। पुस्तकालय में समय व्यतीत कर युवा अपने लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन लगातार पुस्तकालय को आधुनिक व बेहतरीन पुस्तकों से सुसज्जीत करने में जुटी है। गरीब से गरीब युवा भी पुस्तकालय में जाकर अपने जीवन को उंचाईयां प्रदान कर सकता है। जिला प्रशासन ने युवाओं के उत्थान के लिए मील का पत्थर लगा दिया अब जिले के अभिभावक अपने बच्चों के प्रतिभा को विकसित करने के लिए उन्हें पुस्तकालय भेजकर उनके कैरियर को आगे बढ़ा सकते हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर मुख्यालय तक के युवा पुस्तकालय का लाभ उठा सकते हैं। पुस्तकालय के साथ-साथ जिला प्रशासन ने खेल के क्षेत्र में भी कई पड़ाव हासिल किये और युवाओं के लिए खेल बैंक से लेकर बेहतरीन क्रिकेट पीच, बैडमिंटन कोर्ट सहित कई तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गयी।

### गुमला पुलिस ने चलाया विशेष जांच अभियान

**गुमला।** एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानों में शनिवार व रविवार को पुलिस ने एंटी क्राईम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सभी थाना क्षेत्रों में दो पहिया, चार पहिया व अन्य वाहनों की जांच की गयी। पुलिस के वाहन जांच के दौरान कई वाहन चालकों में हड़कंप मच गयी। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले लोग अपनी बाइक गली-कूचे से निकालते दिखे। नववर्ष और बढ़ती सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गुमला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पुलिस नशे में धुत चालकों पर कठोर कार्रवाई करती दिखी।

### दो को रांची में होगा प्रभारी का अभिनंदन : आलोक साहू



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहू ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर 2 जनवरी को पहली बार झारखंड पधार रहे हैं। इस निमित्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपराह्न 1:30 बजे संगम गार्डन मोराबादी रांची में अभिनंदन समारोह कार्यक्रम रखा गया है। इस अभिनंदन समारोह में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल होंगे।

### पूजा-पाठ व नाच-गाकर साल 2023 को दी विदाई



**गुमला।** वर्ष 2023 का अंतिम दिन लोगों ने मंदिरों में पूजा पाठ कर व पिकनिक स्थलों पर वनभोज का आयोजन कर मनाया। वर्ष 2023 को बहुत सारे लोगों ने धार्मिक स्थलों पर परिवार के साथ पूजा पाठ कर विदाई दी। वहीं कई लोग परिवार के सदस्यों के साथ पिकनिक स्थलों पर जाकर साल को विदा किया। साल 2023 के अंतिम दिन आंजनधाम मंदिर, टांगीनाथ धाम, देवाकी बाबा धाम आदि स्थलों पर पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ देखी गयी। वहीं जिले के अधिकांश पिकनिक स्थल लोगों से गुलजार रहे। युवा वर्ग के लोग पिकनिक स्थलों पर बाजे के धुन पर जमकर थिरके और साल 2023 को विदा किया। युवा वर्ग के लोग अपने साथियों व दोस्तों के साथ पिकनिक स्थल गये और वहां विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर उसका सेवन किया। पालकोट प्रखंड के गोबर सिल्ली पर्यटन स्थल पर भी लोगों का खासा भीड़ साल के अंतिम दिन उमड़ा था। गोबर सिल्ली के चारों ओर लोग परिवार के साथ पिकनीक मनाने पहुंचे थे। वहीं कुछ युवा बाजे की धुन पर वहां थिरकते नजर आये।

## सेवा भारती के निःशुल्क शिविर में हुई 47 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 81वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 47 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर लाभान्वित हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि सेवा ही परमो धर्म है और कहा कि नित्य दिन सुबह योग एवं व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ निरोगी रहता है। डॉ कुमुद ने कहा कि ठंड के मौसम में हरी सब्जी और मुल्ली का सेवन करें।



### पिकनिक स्थलों पर रहेगी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था

**गुमला।** नववर्ष पर जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर सैलानियों की सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया है। जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती होगी। गुमला एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि पिकनीक स्थलों पर लोग बैखौफ होकर नववर्ष का आनंद उठायें। पुलिस उनकी सुरक्षा में रहेगी। इधर, एसडीओ गुमला भी पिकनिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर सभी बीडीओ को निर्देश जारी किया और पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने का निर्देश दिया है।

## कार्यकाल के दौरान मौत पर मुखिया को मिले ₹25 लाख

- मुखिया के कार्यकाल के दौरान उसके आकस्मिक निधन पर 25 लाख मुआवजा दे सरकार : संघ अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सिठियो कोयल नदी तट पर रविवार को जिला मुखिया संघ के बैनर तले मुखिया मिलन समारोह सह परिचर्चा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के साथ मुखिया की विभिन्न मांग को लेकर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष बासुदेव उरांव की अध्यक्षता में बैठक भी की गयी। इस दौरान मुखिया जनों का वर्तमान स्थिति और आने वाले समय के मद्देनजर कई मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की गयी। सबों ने सर्वसम्मति से अपनी आठ सूत्री से अधिक मांगों को लेकर लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री, जिला उपयुक्त, झारखंड पंचायती राज निदेशक एवं झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। कहा की जिले के मुखिया को अधिकार और सम्मान के साथ सासंद विधायक की तरह सम्मानजनक वेतन भत्ता दे।

#### भंडरा उवि मैदान में हुआ भव्य आदिवासी सरना धर्म पड़हा महासम्मेलन

# जागरूक होकर हमें अपने अधिकार को लेने की जरूरत है : चमरा लिंडा

- सरना धर्म सम्मेलन में आदिवासियों के अधिकारों पर दिया गया बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** केंद्रीय राजी पड़हा आदिवासी सुरक्षा दल भंडरा के तत्वावधान में रविवार को भंडरा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आदिवासी सरना धर्म पड़हा महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार अदि जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इससे पूर्व राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के पहान, पुजार महतो ने सरना झंडा का पूजा-अर्चना की गयी। सरना समाज के सदस्यों ने धर्मगुरु का साथ दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासियों के अधिकारों पर बल दिया। आदिवासी समाज को जागरुक होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी समाज को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को सबसे अधिक महत्व देने की जरूरत है। कुरीतियों से हमें दूर रहना होगा। अपने अधिकारों को जानने की जरूरत है। जागरूक होकर हमें हमारा अधिकार लेना होगा।



महासम्मेलन के दौरान मंच पर उपस्थित विधायक व अन्य।

- आज भी हम अपने अधिकारों को लेकर न तो जागरूक हैं, न ही सजग। सरना प्रार्थना सभा के माध्यम से आदिवासी समाज को जागृत करने और उन्हें उनके अधिकारों को लेकर सशक्त बनाने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की हमारे पूर्वज धर्म, संस्कृति को बचाने के लिए जंगल पहाड़ में रह रहे थे। तमाम विपरीत परिस्थितियों का सामना किया, परंतु कभी भी समझौता नहीं किया। विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने सरना धर्म की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

# योग और आयुर्वेद भारतीय संस्कृति के मूल तत्व हैं : प्रवीण कुमार भारती

- आगामी कार्ययोजना पर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा का सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें योग एवं संगठन से जुड़ी विषयों पर चर्चा की गयी। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग और आयुर्वेद भारत की संस्कृति के मूल तत्व हैं और आज के परिपेक्ष्य में बहुत जरूरी है। निःशुल्क शिविर हरेक प्रखंड में आयोजित करने एवं समिति के पदाधिकारियों राष्ट्रनिष्ठ, संगठननिष्ठ, गुरुनिष्ठ होकर पुरुषार्थ करने पर बल दिया। आगामी पांच जनवरी को संगठन के स्थापना दिवस आयोजित करने एवं युवाओं को संगठन से जोड़ने पर चर्चा की गयी। समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने विशेष योग शिविर आयोजित करने एवं योग आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार पर कार्य करने को कहा। पतजंलि योग समिति जिला प्रभारी अभय भारती ने सभी योगप्रशिक्षकों को योगकक्षा चलाने एवं शिविर लगाने को कहा।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

## स्पीड न्यूज

### ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान शिक्षक व बच्चे।

**गढ़वा।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा एवं रेहला विद्यालय के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष उमेश सिंह, नयनतारा सिंह और मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। स्कूली बच्चों ने झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात लोध फाल का भ्रमण किया। इसके बाद मिर्चाइया फाल सुग्गा बांध का भी भ्रमण किया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सुग्गा बांध पर स्वादिष्ट भोजन बनवाया गया था। जहां बच्चों ने भोजन का लुत्फ उठाया। इस दौरान बच्चों ने वन्य एवं वन्य प्राणियों को सुरक्षित और संरक्षित रखने का भी संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह, नीलम सिंह, बबली सिंह, सुरेंद्र शर्मा, अब्दुल लतीफ, अजीत तिवारी, विकास चौबे, विकास पांडेय, गीता पांडेय, आभा चौबे, नंद कुमार ठाकुर, मधु चौबे, प्रतिभा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मनीषा, वैशाली, निशिका, अंजलि आदि लोग उपस्थित थे।

### आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने बच्चों के साथ मनाया पिकनिक



उपस्थित लोग।

**गढ़वा।** राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने साप्ताहिक जन कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को उंचरी कर्बला के मैदान में बच्चों के संग वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान शहर के विभिन्न मुहल्ले और आसपास के बच्चों ने संस्था के पदाधिकारी और कर्मियों सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौके पर सुनील पासवान उर्फ नागर ने कहा कि वर्ष 2023 के अंतिम समय में बच्चों के बीच पिकनिक मनाकर आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने प्रेम, उत्सव और उदारता का परिचय दिया है। यह अच्छे कार्यों में से एक है, जो सराहनीय है। अन्य संस्था को भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए। मौके पर छुन्नु कुरैशी, आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉ पतंजलि केशरी, ज्योति प्रकाश, सलिम खलीफा, अजय सिंह, नौशाद, छोटू, राजू अब्बासी, विजय, डॉ इश्तियाक रजा, अब्दुल मन्नान, मो. इकराम, संतोष कुमार सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### दिसंबर माह का राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव



प्रखंड कार्यालय का घेराव करते लाभुक।

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के लोका एवं गंगगतीरिया गांव के लोगों ने ओबरा गांव के डीलर के खिलाफ दिसंबर माह का राशन नहीं दिये जाने को लेकर बरडीहा प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। साथ ही लाभुकों ने प्रखंड खाद्य पूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम को लिखित आवेदन देकर दिसंबर माह का राशन दिलवाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उक्त डीलर के द्वारा कुछ लाभुकों के द्वारा दिसंबर माह का राशन के लिए अंगूठा लगवाने के बाद कहा गया कि राशन अगले माह में दिया जाएगा। लाभुकों से कहा गया कि जो व्यक्ति दिसंबर माह में अंगूठा नहीं लगाएंगे उनको राशन नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं डीलर के द्वारा धमकी के बाद कुछ लोगो के द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी उक्त डीलर के द्वारा ढाई सौ ग्राम राशन कटौती कर एक रुपए की वसूली भी की जाती है। इसका विरोध करने पर उरांव महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष के द्वारा बोला जाता है कि आप लोग को जहां जाना है जाइए। मेरा कोई कुछ नहीं कर पाएगा। लाभुक सुबह 5 बजे से लेकर के शाम के 7 बजे तक डीलर के दुकान पर नंबर लगाए बैठे रहते हैं। लेकिन अंतत डीलर के द्वारा अगले दिन राशन देने को बोलकर भगा दिया जाता है। आवेदन देने वालों में राजकुमार राम, अमित पासवान, रेखा देवी, गीता देवी, लीलावती देवी, अंबिका रजवार सहित 60 लाभुकों का नाम शामिल है।

### नूतन वर्ष में लोग सुख, समृद्धि, शांति आरोग्य के साथ रहे : डॉ नीरा



**कोडरमा।** नूतन वर्ष में करोड़ों देशवासियों का संकल्प व उनकी चिर प्रतिक्षित आशा को पूर्ण करते हुए रामलला अपने मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार लोग इस मौके पर दीपावली के रूप में मनाने का संकल्प लें और भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकजुटता को पूरी दुनिया में प्रदर्शित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बन गया है। देश को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए नए वर्ष में लोग तीसरी बार देश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपने का संकल्प लें। 2024 नूतन वर्ष समस्त देशवासियों के लिए सुख, शांति व समृद्धि लेकर आए। लोगों में उन्नति व नवजीवन के लिए उत्साह का संचार हो, यही कामना है।

# पुलिस ने किया 6 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के इचाक, पाचंबा ,रंगानियातरी, एवम राजगुरवा के अवैध वन क्षेत्र के भूमि पर लगाए गए। अफीम की खेती को कुंदा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 6 एकड़ में शनिवार को देर शाम तक अफीम लगे खेत को नष्ट कर दिया है ।कुंदा पुलिस ने बताया की पुलिश कप्तान को मिली गुप्त सूचना के आधर पर आदेश अनुसार सर्च अभियान का गठन किया गया ।तत्पश्चात अभियान



चला कर 6 एकड़ में अफीम की खेती को ट्रैक्टर मशीन की मदद से नष्ट किया

गया। इधर कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने बताया कि अफीम खेती करने वाले का विरुध अभियान निरंतर चलते रहेगा ।और वन भूमि पर लगाए गए खेती करने वाले एवं तस्करों पर पहचान की जा रही है पहचान कर एनडीपीएस एक्ट के तहत करवाई किया जाएगा। अफीम की खेती करने का बहुत ही खतरनाक दुष्प्रभाव है इससे विभिन्न प्रकार के बीमारी का जड़ बन सकता है। जिससे जान भी जान सकती है। अभियान में जिला बल के जवान एवं वन विभाग के वनकर्मी शामिल थे।

## पोस्ता के पौधे के साथ पांच आरोपी किये गये गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस ने रविवार को अफीम पोस्ता पौधा के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त विनोद गंझू, विजय गंझू, मोहन गंझू तीनों लावालौंग थाना क्षेत्र के बंदारु गांव टोला रुगुद, जामुन गंझू सदर थाना के तिलैया और प्रदीप गंझू लावालौंग थाना अंतर्गत कटिया गांव का रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 30 अफीम पोस्ता का पौधा जब्त किया है।

चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के आदेशानुसार चतरा पुलिस लगातार नशा मुक्त जिला बनाने की दिशा में प्रयासरत है। इसके तहत लगातार गांव- गांव में जाकर लोगों को अफीम पोस्ता की खेती के विरुद्ध जागरुक भी किया जा रहा है। साथ हीं



कानूनी पहलु की जानकारी भी दी जा रही है और एनडीपीएस की धारा- 47 के तहत नोटिस देते हुए लोगों से अपील की जा रही है कि ना तो अफीम पोस्ता की खेती करें और ना हीं करने में सहयोग करें। इसी क्रम में 30 दिसंबर 2023 को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में अफीम विनष्टीकरण के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को लावालौंग के बन्दारु, रुगुद गांव एवं नदी के किनारे वाले क्षेत्र में भेजा गया। जहां रुगुद गांव में मौके से उक्त पांचो अभियुक्तों को अफीम की खेती करते रंगे हांथ पकड़ लिया गया। इस बाबत लावालौंग थाना में एनडीपीएस एक्ट और वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावे प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार, वनरक्षी महेश कुमार, मुकेश कुमार सिंह, दीपक कुमार पासवान एसडीपीओ के अंगरक्षक सहित लावालौंग थाना के सशस्त्र बल और आईआरबी के जवान शामिल थे।

### शराब बनाने की भट्ठियों को पुलिस ने किया नष्ट



**कोडरमा।** पुलिस ओीक्षक अनुदीप सिंह ने अवैा शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलया। जिसे लेकर उन्होंने प्रेस वार्ता कर बताया कि अवैा शराब को लेकर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत गझंडी हसुवाारन जंगल में वृहद पैमाने पर अवैा शराब के विरुद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान लगभग 2000 लीटर महुआ शराब, 40 सिन्टैक्स में भरे जावा महुआ एवं चार शराब बनाने की भट्ठीयों को नष्ट किया गया। शराब बनाये जाने के स्थान पर काफी मात्रा में जंगल से काटी हुई लकडियां भी बरामद की गई। जिसे वन विभाग की टीम द्वारा जब्त किया गया।

## 6 घंटे के अंदर लूटपाट के मामले का हुआ खुलासा

### गिरोह के सरगना समेत 4 गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए बुजुर्ग के साथ बीते शनिवार दोपहर को धोखाधड़ी कर 50 हजार रुपये उड़ाने वाले 4 शातिर अपराधियों को महज 6 घण्टे के अंदर गिरफ्तार करने में सफल प्राप्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तरप्रदेश के जिला कुशीनगर थाना कसया के नटवलिया निवासी पंकज राव पिता वशिष्ठ राव, अहिरौली बाजार के धर्मेंद्र कुमार भारती पिता रामभरोस, असलम सिद्दीकी पिता बालादिन और सकलैन पिता मुस्तकीम के नाम शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल, लुटे गए पैसे से खरीदे गए नया मिक्सर ग्राइंडर, जूते और नए कपड़े, 21,350 रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को बरामद किया है। उक्त जानकारी रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान व पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने दिया। पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसपी श्री सिंह ने बताया कि बीते शनिवार दोपहर को





कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत महावीर मुहल्ला निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग ब्रह्मदेव पासवान पिता स्व सोहराय एसबीआई कोडरमा बाजार से 50 हजार रुपये की निकासी कर अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान गिरफ्तार आरोपितों ने उस बुजुर्ग को झांसा देकर अपने कार में बैठाया और उसके पास से 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। मामले को बुजुर्ग के द्वारा कोडरमा थाना में कांड संख्या 230/23 में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की गम्भीरता को देखते हुए एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया, टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को बागीटांड चेकपोस्ट के समीप गिरफ्तार किया गया और उसके निशानदेही पर अन्य तीनों आरोपितों को कोडरमा स्टेशन (झुमरीतिलैया) के समीप एक होटल के सामने से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी अभियुक्त एक अंतरराज्यीय गिरोह के है और उसका मुख्य सरगना पंकज राव है, गिरोह के द्वारा पूर्व में भी इस तरह के कई घटनाओं का अंजाम दिया जा चुका है, एसपी ने बताया कि गिरोह के द्वारा बैंकों से अधिक पैसे निकाल रहे व्यक्तियों को निशाना बनाया जाता था, इसके लिए इनलोग अलग अलग जगहों पर बैंकों की रेकी करते हैं और बैंक से अधिक पैसे निकालने वालों झांसा देकर अपने वाहन में बैठाकर, उनसे रुपये लूट कर फरार हो जाते थे, कोडरमा जिले में इस गिरोह का यह पहला वारदात था, जिसमे वे पकड़े गए। मौके पर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीएसपी प्रशिक्षु दिवाकर कुमार, थाना प्रभारी द्वारिका राम आदि मौजूद थे।

**लूट के पैसे से झुमरीतिलैया में खरीदे थे कपड़े और जूते :** एसपी ने बताया कि बुजुर्ग से लुटे गए पैसे से आरोपियों के द्वारा झुमरीतिलैया में कपड़े, विभिन्न प्रकार के जैकेट और जूते तथा मिक्सर ग्राइंडर खरीदा गया था। उन्होंने बताया कि उपरोक्त 4 आरोपितों पर उत्तरप्रदेश में गैंगस्टर और असामाजिक एवं रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज है, साथ ही पंकज राव पर 14 मामले, धर्मेंद्र कुमार भारती पर 7, असलम और सकलैन पर 6-6 मामले उत्तरप्रदेश में दर्ज है।

## अबुआ आवास के लाभुकों की अंतिम स्वीकृति को लेकर ग्रामसभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के पांच पंचायत में रविवार को अबुआ आवास के लाभुकों के अंतिम स्वीकृति को लेकर पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कांडी, लमारी कला, शिवपुर, खुटहेरिया व सरकोनी पंचायत में ग्राम सभा किया गया। शिवपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया सोनी देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां पर अबुआ आवास के लाभुकों की सूची को पारित किया गया। पंचायत सचिव संजीव ठाकुर ने बताया कि सरकार आपके द्वार शिविर में पंचायत के लोगों द्वारा 833 आवेदन जमा किया गया था। जिसे आज ग्राम सभा के द्वारा पारित किया गया। सूची में दर्ज लाभुकों के नाम को पढ़कर सुनाया गया। साथ ही कहा गया कि सूची को पंचायत सचिवालय में चिपका दिया जाएगा। जिसे बाद में देखा जा सकता है। उधर खुटहेरिया पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों के विरोध के कारण ग्राम सभा स्थगित कर दिया गया। पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा 1015 आवेदन जमा किया गया था। जिसमें से जांच टीम ने 334 लाभुकों की सूची को अंतिम रूप दिया गया था। उक्त सूची में दर्ज नाम को मुखिया प्रतिनिधि



उपस्थित लोग

विनोद राम ने ग्राम सभा में उपस्थित लोगों के बीच पढ़ कर सुनाया गया ।जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त सूची का पुरजोर विरोध किये। सभी ने कहा कि इस सूची में अयोग्य लोगों का नाम दर्ज है और योग्य लाभुकों का नाम ही नही है। सभी ने पुनः जांच टीम द्वारा जांच कराने की मांग किया गया। ग्रामीणों के विरोध के बाद मुखिया अनिता देवी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों की विरोध को देखते हुए पूरे पंचायत में पुनः जांच कराने की मांग प्रखण्ड व जिला कार्यालय से मांग करूंगी। उधर लमारी कला पंचायत सचिवालय में मुखिया शशि कुमारी की अध्यक्षता में अबुआ आवास के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां पर 1270 आवेदन में से जांच टीम द्वारा 511 लाभुकों की सूची को अंतिम रूप दिया गया था।

उक्त सूची को ग्राम सभा से पारित किया गया। मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने बताया कि ग्राम सभा से पारित 511 लाभुकों की सूची को पंचायत सेवक के माध्यम से प्रखण्ड कार्यालय में जमा कर दिया जाएगा। अगर पंचायत के ग्रामीण पुनः जांच कराने की मांग कर रहे हैं तो वह अलग मामला है। ऊपर से जैसा आदेश होगा पंचायत पहल करेगी। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के छतरबर की रहने वाली एक युवती ने भंडरवा के ट्रेलर चालक मो. समशेर पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। इस बाबत युवती ने कोडरमा थाना को आवेदन देने के बाद एसपी अनुदीप सिंह से न्याय की गुहार लगाई है। अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची युवती ने बताया कि एक साल पहले उसकी जान पहचान समशेर से हुई थी। इसके बाद से लगातार समशेर शादी करने का झांसा देता रहा और उसका शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने मो. समशेर उसका आपत्तिजनक विडियो तैयार करने और ामकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जब वह समशेर के संपर्क में आई थी तब वह अपने को अविवाहित बताया लेकिन कुछ दिन पहले उसके शादीशुदा होने की बात पता चली। युवती ने बताया कि 16 दिसंबर को समशेर ने उसे बुलाया और ट्रेलर में बैठाकर अपने साथ कई दिनों तक गाड़ी में घुमाता रहा। इस दौरान भी उसने वाहन में कई बार शारीरिक शोषण किया। अंत में 23 दिसंबर को उसने मुझे जमशेदपुर से बस में बैठाकर जबरन घर भेज दिया। इार एएसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और पीड़िता का मेडिकल जांच के बाद बयान दर्ज कराया गया है।

## एक नजर में

### अंबे कंपनी ने असहाय परिवारों के बीच कंबल वितरित किया






खबर मन्त्र संवाददाता

**टण्डवा (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत अन्तर्गत ग्राम टेकठा टोला हाण्डू में अम्बे कम्पनी के द्वारा कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर मिश्रौल पंचायत समिति सदस्य बिमला देवी व उपमुखिया खुशबू देवी समाजसेवी मुनेश गंझू व उमेश कुमार गंझू उपस्थित हुए। जिसमे कम्पनी के कमचारी लोग बढते ठंड को देखते हुए गाँव में पहुँचकर जरूरत मंद लोगों के बीच विधवा महिलाओं व बुढ़े व्यक्तियों को सीएसआर फंड के तहत सैकड़ों कम्बल का वितरण किया गया। जिसमें वितरण करने के दौरान कम्पनी के लोगों ने कहा कि ऐसे ठंड में कम्पनी हर साल कम्बल वितरण का आयोजन होता है और कहा की गरीब असहाय परिवारों को कम्पनी मदद करना ही लक्ष्य है। कम्बल वितरण में उपस्थित लोग कम्पनी के मैनेजर शमीम अंसारी व सौरभ झा और गाँव के लोग लखन गंझू, लोकनाथ गंझू कामेश्वर गंझू, राजेश गंझू ,उगदेव गंझू, गुड्डी देवी आदि सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

### धड़ल्ले से जेसीबी के सहारे काटा जा रहा है मनरेगा का कुआं और डोभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों मनरेगा मजदूरों के पेट पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। कसारी पंचायत के चुन्नीडीह में दिनदहाड़े जेसीवी के सहारे मनरेगा योजना का कुआं काटा जा रहा है। आपको बता दें कि यह मनरेगा योजना सिमरिया प्रखण्ड के कसारी पंचायत के चुन्नीडीह गांव के मो. रियाज मियां का है। मो. रियाज मियां का सरकारी मनरेगा योजना के तहत कुआं काटने का स्वीकृति एवं इकरार नामा किया जा चुका है। जहां मो रियाज द्वारा रोजगार सेवक सत्या कुजूर तथा जबड़ा निवासी दशरथ साहू के जेसीवी के सहारे रोजगार सेवक और प्रखंड प्रशासन के मिली भगत से धड़ल्ले से कुआं काट कर गरीब मनरेगा जॉब कार्डधारियों के हक अधिकार पर हौथोड़ा चलाया जा रहा है। यदि इस पर रोक व कानूनी कार्रवाई नहीं कि गयी तो मनरेगा योजना केवल जॉबकार्ड रोवेगा योजना बन कर रह जाएगा। मालूम हो कि इस पंचायत के अलावा दर्जनों कई पंचायतों में मनरेगा योजना तो संचालित हो रही है लेकिन बिना मजदूर काम किए लगातार योजना में डिमांड किया जा रहा है। साथ हीं फर्जी तरीके से मनरेगा का राशि निकालकर बिचौलिए मालामाल हो रहे है।और मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे परदेशों में जाकर रोजगार करना पड़ रहा है।

### कोडरमा के पिकनिक स्पॉट तैयार पर्यटकों का लग रहा जमावड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया डैम, ध्वजाधारी पहाड़, झुमरीतिलैया का झरना कुंड, दोमुहानी ााम और मरकच्चो का पंचखैरो डैम, सतगावां का पेट्रो जलप्रपात और तिलैया से सटा वृन्दाहा जल प्रपात एसी कई स्थान हैं जहां का दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इनमें तिलैया डैम में सबसे अधिक भीड़ जुटती है, झुमरीतिलैया स्थित झरना कुंड धाम जहां लोग बाबा भोले के शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। साथ ही इन इलाकों में प्राकृतिक वादियों के बीच लोग पिकनिक का आनंद भी लेते हैं। वहीं चंदवारा प्रखंड में दो नदियों के संगम स्थल पर स्थित दोमुहानी धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा मिला है, यहां सालों भर शिव भक्तों का आना जाना लगा रहता है। वहीं सतगावां का पेट्रो भी लोगों को खूब लुभाता है।

**पिकनिक स्पॉट पर की गयी है पूरी व्यवस्था :** जिले के सभी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। साथ ही हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए भी विशेष तैयारी की गयी है। सीभी पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की सुविधा के लिए पुलिस हेल्प डेस्क बनाया गया है, जबकि पिकनिक स्पॉट पर पार्किंग के लिए अलग इंतजाम किए गए हैं, ताकि पर्यटक स्थल पर लगने वाले जाम की समस्या से भी निपटा जा सके और पर्यटक स्थल पर पहुंचे लोगों को घूमने फिरने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो.इार तिलैया डैम में वोटिंग के लिए लाइफ जैकेट जरूरी है, जबकि डैम के पानी में नहाने पर पाबंदी लगाई गई है। इसके अलावा ड्रिंक एन्ड ड्राइव पर भी नजर रखी जा रही है। इसके लिए शराब पीने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि जिले के तमाम पर्यटन स्थलों पर पुलिस के द्वारा विशेष चौकसी बरती जाएगी। इसके अलावा सुरक्षित पर्यटन के साथ लोगों के जश्न में खलल न पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### जिलेवासियों को नूतन वर्ष की ढेरों शुभकामनाएं : रामधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नए साल में नए संकल्प के साथ आूरे कार्यो को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है। हमारी प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं को गरीब-गुरबों और जरूरतमंदो तक पहुंचाने की है। नए साल में कोडरमा की पहचान ढिबरा-पत्थर उद्योग को पटरी पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि ढिबरा और पत्थर उद्योग अपने पुराने अस्तित्व को आकार लेकर रोजगार वृद्धि कर सके।

कोडरमा में राजनीतिक बदलाव की आहट भी सुनाई दे रही है, जनता अपने पुराने दौर का स्मरण कर रही है। हमारा प्रयास अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाकर जनता और जनप्रतिनिाि के बीच खाई को दूर कर जनता का विश्वास हासिल करना है।

## स्पीड न्यूज

### लातेहार पुलिस ने जब्त की अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप


बरामद शराब का जखीरा।

**लातेहार।** नव वर्ष से पूर्व अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। जहां लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सुचना के आलोक में पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार की अगुवाई में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान लातेहार के धर्मपुर चौक के समीप ग्रे कलर की वर्ना कार जेएच 01 एवी 4844 से भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप को बरामद किया गया। रविवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुये इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी कि वर्ना कार में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी होने वाली है, सुचना के आलोक में अभियान चलाया गया, इसी दौरान पुलिस को देखते ही कार भागने का प्रयास करने लगी व नाले में जा फंसी व वाहन से उतर कर दो युवक भागने लगे, इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को दबोच लिया। पुछताछ में उसने अपना नाम विकाश कुमार उर्फ भल्ला, पिता शिव चरण राय, खानपुर पकरी वैशाली बिहार बताया। अभियान के क्रम में वाहन के पिछली सीट व डिक्की में छुपा कर रखा गया 710 बोतल ओल्ड मोंक नामक अंग्रेजी शराव समेत कई सामान बरामद हुये। मामले को लेकर लातेहार थाना में कांड संख्या 267/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार विकाश कुमार को जेल भेज दिया गया। अभियान में इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, पुअनि गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, सअनि नागेश्वर महतो समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### अयोध्या से आये कलश अक्षत के साथ निकली शोभायात्रा


अक्षत कलश का वितरण करते धर्म प्रेमी।

**चंदवा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्रीराम मंदिर प्रांगण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित लाये गये निमंत्रण पत्र व अक्षत कलश के साथ रविवार को चंदवा प्रखंड के सासंग ब्रह्मणी में शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्राा की शुरूआत ब्रह्मणी मे गत वर्ष निर्मित राम मंदिर की गयी, जो नगर भ्रमण करते हुये सासंग देवी मंडप, ब्रह्मणी होते हुए सिकनी देवी मंडप पहुंची जहां ग्रामीण क्षेत्र आये श्रद्वालुओं के बीच निमंत्रण रूपी अक्षत वितरण किया गया। इस दौरान सासंग पंचातय के पांचो ग्राम सासंग, सिकनी, किता, सोंस, बूल्हू के ग्रामीणो के निमंत्रण पत्र व अक्षत कलश बांटा गाया। शोभा यात्रा के मौके पर दीपक वैद्य, नीरज अग्रवाल, कुश कुमार साहू, शिव बालक राम, विकास अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, रोहित यादव, आशीष सिंह, रूपेश कुमार, कमलेश यादव, चंदवा से आए हुए विनय कुमार वर्मा रिकी समेत सैकड़ो श्रद्वालु शामिल थे।

नेतरहाट के सनसेट एवं सनराइज के दृश्य पूरे विश्व में प्रसिद्ध, इसे देखने के लिए प्रतिवर्ष आते हैं हजारों लोग

# नववर्ष पर नगर मंदिर में श्रद्धालु पूजा-पाठ कर करेंगे साल की शुरुआत

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** जिले के दर्शनीय एवं पर्यटक स्थल यहां की सभ्यता एवं संस्कृति के चित्रांकन है। नव वर्ष के आगमण को लेकर लातेहार जिलेवासी काफी रोमांचित और उमंग उत्साह के साथ नव वर्ष की शुरूवात सोमवार को चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में पुजा पाठ व अर्चना कर अपने नये साल का शुरूआत करेंगे। उसके बाद जिले के दर्जनों जल प्रपात मनोरम दृश्य नदियां एवं पर्यटक स्थल सैलानियों के लिए अपनी ओर आकर्षित करने के लिए दिखेंगे। जहां पर लोग अपने नये साल का आगाज सैर सपाटे व नाच गान व अपने सगे संबंधी एवं दोस्तों के साथ मनायेंगे। चंदवा के थाना क्षेत्र के अमझरिया ग्राम प्रकृति की गोद में छिपा है। यहां एक वन विश्रामागार भी है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा है। 2150 फीट की ऊंचाई पर स्थित 1955 ई. में सरकार ने इसे कब्जे में लिया था। यह पर्यटकों को अपनी ओर खींचने के लिए काफी है। इसी थाना क्षेत्र में कांति झरना नामक एक जलप्रपात है जहां दूर-दूर से पर्यटक आते है। वहीं लातेहार-लोहरदगा के सीमाने पर स्थित चंदवा के 27 नंबर ब्रिज लोगो के लिए पहली पसंद बना हुआ है। यहां नव वर्ष पर पुरे राज्य से हजारो लोग पहुंचते है। झारखंड राज्य के पलामू प्रमंडल में बड़ा-सा पठारी भूभाग, वनों से घिरा हुआ, छोटी-छोटी पहाड़ियां, नदियां, जलप्रपातों एवं झीलों से आच्छादित जिला लातेहार अपने अंदर ढेरों पर्यटक


नगर मंदिर।

**लातेहार के प्राकृतिक सौंदर्य एवं जलप्रपातों के मनोरम दृश्य का लेंगे आनंद**

स्थलों को समेटे हुए है। सुकरी नदी के आगोश में छिपा हुआ सुषुप्तावस्था में लातेहार के ततहा गर्म जल कुंड अत्यंत ही मनोहारी एवं आकर्षण है। यह प्रकृतिस्थल विश्व के जनमानस में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। विकसित होने बाद राजगीर के गरम जलकुंड का पर्याय बनने की सारी संभावनाएं स्पष्ट्द झलकती है। इस गरम जल कुंड का कोई शानी नहीं है। जिसके जल की शक्ति तो सम्मोहित करनेवाली तथा पीड़ाहर एवं चर्मरोग निवारक के नाम से ततहा गरम कुंड दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। वहीं हेरहंज स्थित पातम डाटम जल प्रपात में भी हजारों लोग नव वर्ष में खुशियां मनाने जायेंगे।


डातम पातम जलप्रपात।

### कोयल व्यू प्वाइंट नेतरहाट

कोयल व्यू प्वाइंट नेतरहाट की एक सुंदर जगह है। आप कोयल व्यूप्वाइंट में आकर, कोयल नदी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यहां पर आपको सूर्यास्त का भी सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। यहां पर खूबसूरत वादियां देखने के लिए मिलती है। यहां पर शांति से अपना समय आप बिता सकते हैं। यह जगह बहुत सुंदर है और नेतरहाट में घूमने लायक मुख्य जगहों में से एक है। यहां पर बहुत सारे पाइन ट्री लगे हुए हैं, जो इस जगह की खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ा देते हैं। यहां पर आपको एक छोटी सी शॉप देखने के लिए मिल जाती है, जहां पर चाय एवं स्नेक भी मिलता है। आप यहां पर बहुत अच्छी फोटो क्लिक करवा सकते हैं। कोयल व्यू प्वाइंट मुख्य नेतरहाट से करीब 2 किलोमीटर दूर है।

### नेतरहाट डैम

नेतरहाट झील मुख्य नेतरहाट शहर में स्थित है। यह झील बहुत सुंदर है। झील में कमल के फूल भी लगे हुए हैं। यहां पर आप बोटिंग कर सकते हैं। यहां पर बहुत अच्छा लगता है।


लोध फॉल।

### नाशपाती बागान नेतरहाट

नाशपाती बागान नेतरहाट का मुख्य स्थल है। नेतरहाट पर आपको बहुत सारे नाशपाती के बागान देखने के लिए मिलते हैं। यह जगह नाशपाती की पैदावार के लिए बहुत अच्छी है। मुख्य नेतरहाट शहर से नाशपाती बागान एक से डेढ़ किलोमीटर दूर होंगे। आपको यहां पर हरी-भरी नाशपाती देखने के लिए मिलती है।

### 3000 फीट से अधिक ऊंचाई पर अवस्थित नेतरहाट लुभाता है सैलानियों को

लातेहार के नेतरहाट पर्यटन स्थल पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां से सनसेट एवं सन राइज के दृश्य को देखने के लिए प्रतिवर्ष हजारों लोग आते हैं। प्रकृति का अप्रतिम सौंदर्य नेतरहाट तो वास्तव में नेचर हाट है जो 3000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। राज्य का ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान नेतरहाट आवासीय विद्यालय भी इसी क्षेत्र में है। जहां सबसे अधिक प्रतिभाशाली छात्रों का आवासीय सुविधा प्रदान कर शिक्षित किया जाता है। महुआडांड़ का बूढ़ाघाघ जल प्रपात व सुगा बांध पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस तरह लातेहार जिले में कई पर्यटक व दर्शनीय स्थल हैं जहां लाखों पर्यटकों की आवाजाही होती है। लातेहार जिले को देखकर ऐसा लगता है कि मानो सृष्टिद्द कर्ता ने इसकी प्रकृति का निर्माण फुर्सत के क्षणों में बैठकर बड़े मनोयोग से किया होगा। चारों ओर संतुलित मौसम, खूबसूरत मनोहारी, छोटी-छोटी पहाड़ियां, झील, नदियां, सडकों के किनारे हरे-हरे वृक्ष आदि मिलकर इसमें चार-चांद लगा देते हैं।

मंगोलिया प्वाइंट नेतरहाट।


### अपर घाघरी वॉटरफॉल

अपर घाघरी वॉटरफॉल नेतरहाट का एक मुख्य झरना है। यह झरना नेतरहाट के घने जंगल के अंदर बना हुआ है। यह झरना मुख्य नेतरहाट से करीब 4 किलोमीटर दूर होगा। आपको झरने तक पहुंचने के लिए, पहाड़ी से नीचे आना पड़ता है। यहां पर आपको जंगल के बीच में छोटा सा झरना देखने के लिए मिलता है। झरने का पानी एक कुंड में गिरता है। झरना बहुत सुंदर लगता है। यह झरना घाघरी नाम की नदी पर बना हुआ है।

**नेतरहाट तो वास्तव में नेचरहार्ट है**

प्रकृति का अप्रतिम सौंदर्य नेतरहाट तो वास्तव में नेचरहार्ट है। यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां सैलानी सनसेट एवं सनराइज के अलावे प्रेम के प्रतिक मैग्नोलिया प्वाइंट देखने आते हैं। यह 3000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान नेतरहाट आवासीय विद्यालय भी यहीं है, जो सबसे अधिक प्रतिभाशाली छात्रों को आवासीय सुविधा प्रदान कर शिक्षित करती है।

## शौण्डिक जायसवाल समाज के पुनः अध्यक्ष बने प्रमोद साहू


अध्यक्ष का स्वागत करते समाज के प्रबुद्धजन।


बैठक में आये समाज के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सरोजनगर स्थित स्व. प्रहलाद साहू वैक्वेट हॉल में शौंडिक-जायसवाल समाज चंदवा का सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता सतोंष प्रसाद साहू ने की। सम्मेलन में आगामी तीन वर्ष के लिए कार्यकारिणी कमेटी का चुनाव समेत कई रणनीतियों पर चर्चा करते समाज में व्याप्त विसंगतियों पर चर्चा की गई। मौजूद लोगों ने कहा कि समाज के विकास की जिम्मवारी हम सबों की है। जरूरत है कि समाज के सभी लोग कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करें। कहा कि हमारा समाज न सिर्फ शहर अपितू दूर-दराज गांवों में निवास करता है। सभी को संगठित कर एकता के सुत्र में पिरोने की जरूरत है। ताकि अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए लड़ाई पुरी मजबूती के साथ लड़ी जा सके। सम्मेलन के दौरान निर्वतमान अध्यक्ष प्रमोद साहू ने विगत तीन वर्षों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सम्मेलन में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से समाज के अध्यक्ष के रूप में प्रमोद साहू को पुनः समाज का कमान सौंपा। समाज के लोगों द्वारा दुबारा अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दिए जाने के बाद श्री साहू ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास होगा। समाज क साथ सभी जातियों और धर्म के लोगों को साथ लेकर चलेने की बात कही।

**युवाओं के बीच समाजिक चेतना जगाने की जरूरत है: राजकुमार साहू**

वहीं युवा समाजसेवी राजकुमार साहू ने कहा कि प्रमोद साहू के नेतृत्व में समाज का उत्थान होगा, विगत कार्यकाल में भी

**14 जनवरी के बाद किया जायेगा कमिटि का विस्तार**

प्रमोद साहू का योगदान समाज के लिए सराहनीय रहा है। समाज को भी इनका साथ देना होगा ताकि वे समाज की आवाज बनें। इन्होने युवा पीढ़ी के लोगो से भी अपने सामाजिक दायित्वों को समझने की बात कही। कहा कि समाज को मिलकर युवाओं के बीच समाजिक चेतना जगाने की जरूरत है। इसके लिए समाज को पारिवारिक सम्मेलन कराने पर जोर देना होगा। इससे पूर्व ग्रामसेवक रहे नंदू प्रसाद साहू के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर समाज के लोगों ने शोक जताया।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

मौके पर रामनाथ गुप्ता, सत्येंद्र साहू, रामकरण साहू, महेंद्र साहू, अमरदीप साहू, रमेश गुप्ता, नरेश साहू, रामटहल साहू, जमुना जायसवाल, गोपाल जायसवाल, राज कुमार साहू, अमित कुमार गुप्ता, अजय कुमार, मोहनीष कुमार, अनिल गुप्ता, संजीव कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, चंद्रमोहन प्रसाद, विरेन्द्र प्रसाद, अजय जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, अंकित कुमार, अनिल साहू, योगेन्द्र प्रसाद, देवनारायण साहू, कुमार मयंक, सुनिल कुमार, संतोष प्रसाद, संजीव कुमार, अरूण प्रसाद, कौशल कुमार, विजय कुमार, दिलीप टुन्नू, प्रशांत कुमार, अरुण कुमार, जनार्दन प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, धनेश प्रसाद, विजेंद्र प्रसाद, विष्णु कुमार, संजय कुमार, अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### आदिवासी बाहुल्य चिरोखाड़ गांव में पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से हुआ सड़क निर्माण



**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम चटुआग के आदिवासी बहूल्य चिरोखाड़ गांव में ग्रामीणों को आजादी के बाद चारपहिया वाहन जाने के लायक कच्चा सड़क का निर्माण कराया गया है। पंचायत के मुखिया नरेश भगत व पंसस अयुब खान एवं समाजसेवी बबन कुमार के प्रयास से यह संभव हो पाया है। सड़क के बन जाने से गांववासियों है काफी हर्ष है। ग्रामीणो ने बताया कि चारपहिया वाहन चलने के लायक सड़क नहीं रहने से गांव में एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती थी, इसके कारण मरीज को खटिया डोली के सहारे करीब दो किलोमीटर तक लाया जाता था, शादी विवाह में गांव तक दुल्हन को लाने में काफी परेशानी होती थी। किसी की मौत होने पर उसके शव घर तक लाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गांव की इस समस्या की जानकारी मिलते ही दिनांक 24 दिसंबर 2023 को समाजसेवी व लोकसभा प्रत्याशी बबन कुमार ने अपने समर्थकों के साथ चिरोखाड़ गांव पहुंचे थे, ग्रामीणों से मिलकर सड़क समेत अन्य समस्याओं की जानकारी ली थी, सड़क की समस्याओं को देखकर काफी अफसोस जाहिर किया था साथ ही इक्कीस हजार नगद आर्थिक मदद मुखिया नरेश भगत व पंसस अयुब खान को उपलब्ध कराया था सड़क को ठीक करने के लिए। पंसस अयुब खान व मुखिया नरेश भगत ने गांव तक चारपहिया वाहन जाने लायक सड़क को बना दिया है। सड़क निर्माण होने से करीब 25 घरों में निवास कर रहे आदिवासी समुदायों को काफी राहत मिला है। ग्रामीण कमल गंझु, बीशुन गंझु, बाबुलाल गंझु, बालगोविंद गंझु, जगमोहन गंझु, ललकु गंझु, टुनटुन गंझु, ललकु गंझु, सनिचर गंझु, द्वारीका गंझु, रामबृछ गंझु, सुरेश भोगता, नरेश भोगता, सिकुड़ गंझु, प्रकाश भोगता, बिकेश भोगता, रुपों देवी, रनवा देवी, शांति देवी, फुलमनी देवी ने सड़क का निर्माण में सहयोग करने वाले समाजसेवी व पंचायत प्रतिनिधियों को आभार व्यक्त किया है।

### ब्रह्मदेता के ग्रामीणों ने श्रमदान से बनायी आने जाने लायक कच्ची सड़क

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम के ब्रह्मदेता टोला के ग्रामीणों ने सिबला अहरा से ब्रह्मदेता तक श्रमदान कर आने जाने लायक कच्चा रोड बनाया। ग्रामीण पंकज राम, भोला राम, रामाशंकर रविदास, प्रदीप राम, सुरेंद्र राम केदार राम, विकास राम, उमेश राम, सुनील राम, मुटुक राम, चलितर राम, नरेश यादव, देवचरण राम, सुरेश यादव, बालचंद राम, महेंद्र राम सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया की ब्रह्मदेता से सिबला अहरा होते पुरनासिबला रोड तक जाने के लिए रास्ता काफी जर्जर है। दिन में तो लोग किसी प्रकार चल लेते हैं लेकिन रात्रि में आने-जाने लिए काफी परेशानी होती है। ब्रह्मदेता रोड से मकरा, बघौता, नावाडीह, बाराखार, झीरमतकोमा सहित अन्य गांव टोला तक लोग गुजरते हैं। साथ ही किसी के मृत्यु के उपरांत सिबला अहरा तक दाह संस्कार के लिए शव को लाने के लिए भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### अनियंत्रित ट्रक ने वृद्ध को मारी टक्कर, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर छठ तालाब के समीप शनिवार की देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने एक वृद्ध को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार फूलसहिया भुइंया 65वर्ष पिता चैराठी भुइंया ग्राम बालूमाथ निवासी छठ तालाब के पास खड़ा था। जहां एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से उसे बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीखाप कब्रिस्तान के पास एक अनियंत्रित ट्रेक्टर बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अब्बास अंसारी 35वर्ष पिता शरीफ अंसारी ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी बारियातु से अपने घर साल्वे जा रहा था। इसी दौरान बारीखाप कब्रिस्तान के पास एक ट्रेक्टर का टायर का फट जाने के कारण अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है बेतला नेशनल पार्क की खूबसूरती

- पर्यटकों के घुमने के लिए हैं एक से बढ़कर एक पर्यटन स्थल
- लातेहार की प्राकृतिक खूबसूरती विश्व के जनमानस पर अपनी छाप छोड़ने की रखती है क्षमता

**सौरभ कुमार गुप्ता/ विक्रम कुमार**

**लातेहार।** लोग नयी उम्मीद व उत्साह के साथ नव वर्ष की तैयारी जूट गये है। बेतला नेशनल पार्क जो पलामू टाइगर रिजर्व का एक क्षेत्र है। पक्षियों के कलरव से गुंजायमान रहता है। इस पार्क में रंग-बिरंगे कई प्रकार के पक्षियों को देखा जा सकता है। जिसे देखकर मन प्रसन्न चित्त हो जाता है। उनकी अलग अलग किस्म की आवाज दिल में रोमांच पैदा करती है। आंकड़ों पर गौर करें तो पलामू टाइगर रिजर्व में 174 प्रजातियां की पक्षियां पाई जाती है। बेतला नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान निगाहें जंगली जानवरों पर होती है। कई पर्यटकों की पक्षियों पर ही निगाह रहती है। रंग-बिरंगे पक्षियों

**पक्षियों के कलरव से गुंजायमान रहता है बेतला नेशनल पार्क, पर्यटकों को अपनी मीठी-मीठी आवाजों से सबका स्वागत करते हैं पक्षी**


मिरचईया फॉल।

वृक्षों की डाल पर,सड़क के किनारे व जलाशयों के पास झुंड के झुंड दिखाई पड़ती है। कई पक्षी तो ऐसे भी दिख जाते हैं। जो आज लुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए बेतला नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान सिर्फ जंगली जानवरों को ही देखने की इच्छा ना रखें बल्कि खूबसूरत पक्षियों को भी देखें जो अपनी मीठी मीठी आवाजों से सबका स्वागत करती है। बेतला में मुख्य रूप से जो पक्षी पाई जाती है। उसमें शिकारा, सामा, टिटही, डोबारा, चील, कठफोड़वा, तीतर, मोर, भीमराज, बुलबुल, ठठेरा, तोता, मैना आदि मुख्य हैं। भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर भी इस पार्क में पर्याप्त मात्रा में हैं। बरसात के महीने में इनकी गतिविधियां देखते से ही बनती है। अक्सर सावन माह में नाचते हुए मोर को देखा जा सकता है। बेतला व आसपास के प्रवासी पक्षियों का भी आना जाना लगा रहता है। जो अलग-अलग देशों से बेतला आते रहते हैं। पक्षियों से प्रेम करने वाले व शोधकर्ता बेतला आकर पक्षियों के बारे में अध्ययन भी करते रहते हैं।

**बेतला के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारियां**

ततहा जलप्रपात, मिर्चाइया जलप्रपात, सुग्गाबांध जलप्रपात लोध जलप्रपात ये सभी पर्यटक स्थल को देखने के बाद पर्यटको का यहां से जाने का मन नहीं करता।

**पलामू किला**

बेतला नेशनल पार्क से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर पलामू किला है। औरंगा नदी के किनारे पुराना किला व पास से ही एक पहाड़ी पर नया किला है। हालांकि किला का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। फिर भी यहां पहुंचने पर सैलानियों को भरपूर आनंद मिलता है। पलामू किला के समीप कार्तिक मास के छठ पर्व के पारण के दिन से दो दिवसीय ऐतिहासिक वार्षिक मेले का आयोजन की जाती है। जिसमें झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, समेत कई अन्य राज्यों से सैलानी यहां आते हैं। ऐसे तो देश व विदेशों से सालों भर पर्यटक आते रहते हैं। और यहां का खूबसूरत वादियां नदियों का कल-कल बहना एवं हरे-भरे घने वनों को देख मन प्रसन्न चित्त हो जाता है।

**कमलदह झील**

कमलदह झील पलामू किला से करीब 2 किलोमीटर दूर है। यह जलाशय है जहां वॉच टॉवर लगे हैं। यहां सैलानी घंटों बैठकर आनंद लेते हैं। यहां का शांत वातावरण व जानवरों की आवाज सुनने का सुनहरा मौका मिलता है। इस क्षेत्र में हाथियों का जमावड़ा भी बना रहता है।

**पीटीआर क्षेत्र में जलप्रपात**

ततहा जलप्रपात, मिर्चाइया जलप्रपात, सुग्गाबांध जलप्रपात लोध जलप्रपात,यह सभी पीटीआर क्षेत्र अंतर्गत जलप्रपात है। यहां पर पर्यटक सालों भर आते रहते हैं। यहां पर मनोरम मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य दृश्य देखकर मन विभोर हो जाता है। इन सभी को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग और सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो एवं पर्यटन स्थलों की पहचान देश विदेशों में हो सके।

**सोशल मीडिया पर शुरू हुआ बधाइयों का दौर :** वर्ष 2024 के स्वागत और मंगलमय होने की कामनाओं के संदेश देने का क्रम शुरू हो गया है। घड़ी की सुइयों पर नजर गड़ाए लोगों ने कांटो को 12 पर पहुंचते ही सोशल मीडिया के माध्यम से परिचितो एवं मित्रों को विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से बधाई संदेश भेजना शुरू कर दिया।

**लालमटिया डैम :** लातेहार लालमटिया डैम लातेहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। लालमटिया डैम लातेहार मुख्य जिले के पास में स्थित है। यह डैम बहुत सुंदर है। डैम के पास आपको तापा पहाड़ का भी सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। इस डैम के पास में ही घूमने के लिए ट्रैक बना दिया गया है। पक्की सड़क बना दिया गया है जहां पर आप घूम सकते हैं और डैम के सुंदर दृश्य को देख सकते हैं।

**मिरचईया जलप्रपात लातेहार :** मिर्चइया झरना लातेहार का टूरिस्ट प्लेस है। यह लातेहार का एक प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यह जगह बेतला टाइगर रिजर्व के अंदर स्थित है, यह झरना बहुत सुंदर है और चट्टानों के ऊपर से बहता है। मिर्चइया झरना लातेहार डिस्ट्रिक्ट में गारू ब्लॉक में स्थित है। यह झरना साउथ कोयल नदी की सहायक नदी पर बना हुआ है। यह झरना 100 फिट ऊंचा है। झरना जंगल के अंदर स्थित है। इसलिए आपको यहां पर जंगली जानवर भी देखने के लिए मिल सकते हैं।

### बेतला नेशनल पार्क


बेतला पार्क।

बेतला नेशनल पार्क के मुख्य द्वार से प्रवेश करते ही जानवरों का दिखना शुरू हो जाता है हिरण, बंदर, हनुमान तो गेट के पास ही दिखते हैं। पार्क के अंदर पांच रोड बने हैं प्रत्येक रोड में अलग-अलग जानवर दिखते हैं परंतु पूरे पार्ट को घूमने में करीब 2 घंटे से भी अधिक समय लगता है साथ में गाइड रखना अनिवार्य होता है जो विभिन्न जानवरों व पार्क के अंदर की खूबियां खूबसूरत नजारों को बताते रहते हैं।

### सुग्गा बांध जलप्रपात लातेहार

सुग्गा बांध जलप्रपात लातेहार जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यह जलप्रपात घने जंगल के अंदर स्थित है और बहुत सुंदर है। यह जलप्रपात बड़ी-बड़ी चट्टानों से बहता है और बहुत ही आकर्षक लगता है। जलप्रपात में बहुत सारे लोग नहाने का मजा लेते हैं।


सुग्गा बांध।

# बड़ा हादसा टला, ट्रेन डब्बा ले जा रहा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन की एक बोगी को ट्रक की ट्राली पर लादकर स्टेशन की ओर ले जाने के दौरान दुर्घटना हो गई। ट्रक अनियंत्रित होकर लोहिया पुल की रेलिंग से टकरा जाने से ट्रेन बोगी सड़क पर गिर गई। मालदा रेल मंडल के डीआरएम विकास चौबे ने बताया कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि रेलवे परिसर में एक रेस्तरां बनने जा रहा है जिसका काम एक एजेंसी को दिया गया है। उक्त एजेंसी के द्वारा बोगी को एक ट्रक ट्राली पर लाद कर लाया जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। यह एक सड़क हादसा है, फिर भी रेलवे द्वारा हर संभव सहयोग किया जा रहा है।

**ट्रक का ब्रेक फेल हो गया :** बताया जा रहा है कि भागलपुर रेलवे यार्ड से ट्रक पर बोगी लोड कर स्टेशन परिसर लाया जा रहा था। इस दौरान लोहिया पुल पर ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। बोगी से लदा ट्रक लोहिया पुल को तोड़ते हुए गिरा गया।

इस दौरान ट्रेन की बोगी लोहिया पुल पर अटक गई। ट्रक के चालक ने सूझबूझ से काम लिया। लोहिया पुल के ठीक बगल में भागलपुर रेलवे स्टेशन है और हमेशा लोगों की भारी आवाजाही रहती है। वहीं, इस दुर्घटना को लेकर मालदा रेल मंडल के डीआरएम विकास चौबे ने बताया कि रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।

रेलवे यार्ड में रखी उक्त बोगी से रेस्तरां निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिसके चलते इसे ट्रक पर लादकर भागलपुर रेलवे जंक्शन परिसर की ओर लाया जा रहा था तभी लोहिया पुल के पास मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा तथा दुर्घटना होने से बोगी नीचे गिर पड़ी।

### लोहिया पुल से नीचे गिरी बोगी, कोई हताहत नहीं



# कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर धरना पर रोक

## स्थानीय लोगो ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कोयला डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग को लेकर रसिकपुर वासियों का धरना पर रोक लग गया है। प्रदर्शन को तीसरे रविवार को रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन ने जबरन रोक लगा दिया है। इस मामले को रसिकपुर वासियों ने गंभीरता से लेते हुए रेलवे और जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए उग्र आंदोलन की बात कही है। यहां बताते चलें कि कोयला डंपिंग यार्ड से होने वाले प्रदुषण से त्रस्त निवासी विगत तीन वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद रेलवे के पदाधिकारी और संबंधित बीजीआर कंपनी द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसका असर यहां के बुजुर्ग महिला बच्चे और नौजवानों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि रेलवे स्टेशन परिसर सहित आसपास के प्रदुषण से बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण लोग आंदोलन को मजबूर हैं। गौरतलब है कि इस मामले में रवि शंकर मंडल ने एनजीटी में मामला दर्ज कराया है।



धरना पर बैठने से रोकता प्रशासन।

# नववर्ष का जश्न शुरू, सजे पिकनिक स्पॉट

## बाजार में बढ़ी चहल-पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नए साल 2024 के स्वागत में दुमका के पिकनिक स्पॉट सज-धज कर तैयार है। वर्ष 2023 के अंतिम दिन सबसे अधिक भीड़ मसानजोर में देखा गया। नव वर्ष की स्वागत को लेकर युवा वर्ग में भारी उत्साह है। इधर उपराजधानी दुमका और आसपास के क्षेत्र में युवाओं ने नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया है। पिकनिक स्पॉटों पर नव वर्ष की तैयारी जोरों पर है। जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के किनारे यह डैम स्थित है। यहां सालो भर सैलानियों की आवाजाही जारी रहती है। खास कर दिसम्बंर महीना से लेकर मार्च महीना तक यहां सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। पहला जनवारी सोमवार को तो डैम परिसर के पिकनिक स्पॉटों में चुल्हा रखने की जगह कम पड़ जाती है। झारखंड, बिहार के अलावे पश्चिम बंगाल के विभिन्न शहरों से इस दिन यहां सैलानियों की सैलाब उमड़ती है। लोग उमंग से पिकनिक मनाते है। पर्वत बिहार के अलावे नौका बिहार की भी आनंद उठाते है। मसानजोर के अलावे यहां दिगलपहाड़ी डैम, कैराबनी डैम पर भी सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। और पिकनिक की आनंद उठाते है।



सजा पिकनिक स्पॉट एवं डैम।

नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए दुमका बाजार में भी जम कर तैयारी है। रविवार से ही चिकेन और पनीर की दुकानों में लोगों की भीड़ देखी गई। सब्जी मार्केट में भी अन्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ थी। मटन बिक्रेताओं ने भी तैयारी कर रखी है। यहां एक जनवरी से सुबह से ही भीड़ जुटने की संभावना है।

# ग्रामीणों ने श्मशान घाट पर चापाकल लगाने की मांग की

## श्मशान घाट पर शव के साथ पानी ले जाने को मजबूर, इस पर नहीं है किसी का ध्यान



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र में एक ऐसा शमशान घाट है जहां शव को ले जाने के समय शव को जलाने तथा शव की आग बुझाने के लिए लोगों को घर से ही ड्राम में पानी भरकर साथ लेकर जाना पड़ता है। यह नजारा मरकच्चो प्रखंड के खटोलिया बक्सपुरा तथा नावाडीह श्मशान घाट का है। ज्ञात हो की अग्नि, हवा, मिट्टी, पानी और आकाश यह वह पांच तत्व है, जिससे इंसानों का शरीर मृत्यु के पश्चात विलीन हो जाता है। कहा जाता है कि मृत्यु के पश्चात इंसान के शरीर में इन पांच तत्वों को मिला देने मात्र से इंसान को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है और इंसान हर दुख सुख में परे होकर दूसरे लोक में चला जाता है। खटोलिया बक्सपुरा तथा नावाडीह शमशान घाट पर जहां तीनों गांव के किसी का भी देहांत हो जाता है तो अंतिम संस्कार वहीं किया जाता है। यह वह जगह है जहां कोई शौक से जाना नहीं चाहता है पर इंसान के जीवन का सत्य यही है। मृत इंसान के क्रियाकर्म में जल वह तत्व है, जिसके बिना अंतिम संस्कार संभव नहीं है। इस शमशान घाट पर बरसों से मृत लोगों का अंतिम संस्कार होती आ रही है, मगर पानी की व्यवस्था नहीं है। बताते चलें कि यह स्थिति पिछले एक दो वर्षों से हुई है, इसके पहले उक्त श्मशान घाट पर तालाब हुआ करता था, जिससे लोग अग्नि संस्कार के समय नहाते थे, वह चिता की अग्नि बुझाने के लिए जल का उपयोग करते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तालाब में जब से जल छाजन विभाग के द्वारा डोभा निर्माण का कार्य कराया गया है तभी से तालाब में पानी नही रुकता है। जलछाजन विभाग के कर्मियों एवं कुछ स्थानीय लोगों के मिली भगत से इस श्मशान घाट की स्थित, तालाब की नक्शा बिगाड़ दिया। लोगों ने यह भी कहा कि जल छाजन विभाग के कर्मियों तथा कुछ लोगों के द्वारा किए गए कार्य को आूरा छोड़ दिया गया है और कार्य को पूरा दिखाकर मोटी रकम की निकासी कर अपनी अपनी जेबें गर्म कर ली है। इस तीन गांवों के ग्रामीणों ने अविलम्ब जिला प्रशासन से एक चापाकल की मांग की है, जिससे लोगों को अंतिम संस्कार करने में पानी की सुविधा हो सके।

# चित्रांश परिवारों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की 126वीं जयंती मनायी



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लाल नगर में चित्रांश परिवारों द्वारा एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कृष्ण बल्लभ सहाय की 126वीं जयंती रविवार को मनाई गई। इस मौके पर चित्रांश परिवार के सदस्यों ने बारी-बारी से स्व. केबी सहाय के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प चढ़ाकर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर गौरीशंकर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, मुकुल चंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार सिन्हा, बिनोद कुमार सिन्हा, प्रमोद सहाय, प्रेम कुमार सिन्हा, सोनू कुमार सिन्हा, मोनू कुमार सिन्हा, प्रियांशु कुमार सिन्हा, रतन देवी, विद्यावती देवी, सच्चिलता सिन्हा, ममता सिन्हा, प्रतिमा सिन्हा, बुलबुल सिन्हा, रूमा देवी, नीता सिन्हा आदि मौजूद थे।

# कोडरमा में राजद को हमने सींचने का कार्य किया : शिवनाथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के समीप रविवार को राजद जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद अल्पसंख्यक मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष तौकीर अहमद एवं संचालन राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में राजद प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव, विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रदेश महासचिव रोहित मेहता, राजद प्रदेश युवा नेता सुनील यादव, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, प्रमुख सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए राजद प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव ने कहा कि, कोडरमा में राजद को हमने सींचने का कार्य किया। 2019 में जब राजद समाप्त हो गया था, तब हम जिला के सभी प्रखंडों में जा-जाकर राजद को जिंदा किया। सबसे पहले सतगांवा में जाकर राजद को मजबूत किया। वहीं राजद नेता सुनील यादव ने कहा कि, राजद गरीब-गुरबों की पार्टी है और सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। लेकिन राजद कोडरमा में दौलतमंद नेता जो पार्टी कैबान के बदौलत पार्टी चलाना चाहती है, पार्टी से हटकर अपनी मनमानी चला रहा है। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी को राजद का दही चुड़ा कार्यक्रम चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के सामने किया जायेगा। मौके पर पार्षद अशोक यादव, मास्टर अहमद हुसैन, परवेज आलम, मो सेराज अहमद, इंदर शर्मा, मिथिलेश सुंडी, राजकुमार मेहता, दिलीप प्रसाद आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### ओम बस के मैनेजर की गोली मार कर हत्या, तीन हिरासत में

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में अपराधी बड़ी बारदात को अंजाम देकर पुलिस को कड़ी चुनौती दे दी है। शनिवार की रात बाइक सवार अपराधियों ने शहर के नगर थाना क्षेत्र कर कुम्हारपाडा स्थित रानी बागान में गोली मारकर सनोज कुमार सेन की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली रात के 10 बजे के करीब उस वक्त मारी गयी जब सनोज बाइक से अपने घर जा रहा था। घर से ठीक पहले घात लगाकर बैठे अपराधियों ने सनोज के ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई दी। 5 गोली सनोज को लगने की बात बताई जा रही है। गंभीर अवस्था मे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार दल बल के साथ देर रात घटना स्थल पर पहुचे। रात के अंधेरे में सीसीटीवी फुटेज के सहारे घंटो अनुसंधान चलता रहा। वैसे तो इस बाबत फिलहाल पुलिस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों की माने तो 3 संदिग्ध को पूछ ताछ के लिए थाना लाया गया है। रविवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सभी इस घटना पर दुख जताते नजर आए। डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी लेने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। उधर घटना को लेकर बस पड़ाव में बस ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक के बाद एक ज्ञापन एसपी को सौपा। एसोसिएशन ने अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक गठन कर सजा दिलाने, बच्चों को मुआवजा और सुरक्षा मुहैया कराने का मांग किया है। परिजनों का कहना है कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।फिलहाल इतनी बड़ी घटना पर पुलिस कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी है। पूर्वमंत्री डॉ लुइस मरांडी भी पोस्टमार्टम हाउस पहुच संवेदना व्यक्त करते हुए लोगो के सुरक्षा पर सवाल खड़ा की । परिजनों से घटना की जानकारी ली। घटना पर दुख जताया और परिजनों को सांत्वना दी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। सुनियोजित तरीके से हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। जिस तरह पिस्टल से 5 गोलियां दागी गयी और सभी गोली गर्दन और सिर में मारी गयी उससे तो यही लगता है कि अपराधी हर हाल में हत्या करना चाहता था जिसमें वो सफल रहा।

**संघ व समिति ने गिरफ्तारी और मुआवजा का मांग :** अज्ञात अपराधियों ने ॐ ट्रेवल्स के मैनेजर सनोज कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के विरोध में बस पड़ाव में संथाल परगना मोटर मजदूर संघ और जिला बस मालिक समिति की संयुक्त बैठक हुई। बैठक के बाद स्मार पत्र एसपी को सौपा गया। जिसमे मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दिया जाए। क्योंकि वे अपने परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। अपने पीछे पत्नी, दो बच्चे और वृद्ध पिता को छोड़ गए जिनका भरण पोषण काफी मुश्किल हो जाएगा। घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गिरफ्तारी अविलंब हो। बस पड़ाव की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही केस में अविलंब चार्ज शीट दाखिल करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से अपराधी को सजा दिलाने की मांग की है। सम्मानजनक पहल नहीं कि जाती है तो बाध्य होकर सात दिनों में उग्र आंदोलन कर दुमका जिला की तमाम छोटी बड़ी वाहनों के साथ चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

**बस स्टैंड में दी गई मौन रख श्रद्धांजलि :** शव को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को बस पड़ाव लाया गया जहाँ मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार पति घायल, सेविका पत्नी की मौत

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के दक्षिणजोल पंचायत के प्रतापपुर गांव के सेविका लक्ष्मी मंडल (55) का रविवार दोपहर को ट्रक के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्मी मंडल प्रखंड के धदका गांव का रहने वाली थी। धदका एवं प्रतापपुर गांव का एक ही आंगनबाडी केंद्र है। उसी में सेविका के पद पर कार्यरत थी। बेटी का शादी के लिए जेवरात खरीदने के लिए पति पावन गोरई के साथ बाइक में सवार होकर पश्चिम बंगाल के सिउड़ी गयी थी। जेवरात खरीद कर वापस घर लौटने के क्रम में रानेश्वर आमजोड़ा होते हुए पश्चिम बंगाल पथ पर पश्चिम बंगला के रनपुर के समीप ट्रक नम्बर डब्लूबी 45- 7272 ने बाइक सवार दंपति को पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर मारते ही महिला पथ पर गिर गयी एवं ट्रक का अगला चक्का महिला के सिर पर चढ़ गया। जिसमे महिला का सिर फट गया एवं खून से लतपथ हो गयी। मौके पर ही तड़प तड़प कर महिला दम तोड़ दी। दुर्घटना में महिला के पति भी घायल हुआ है। हेलमेट पहने रहने के कारण महिला के पति के सिर पर गंभीर चोट लगने से बचा है। स्थानीय लोगो ने ट्रक चालक को पकड़ पुलिस को सौंप दिया है।

# विश्वास मॉड्यूल पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज कार्यक्रम के दौरान बीटीटी बेबी कुमारी के द्वारा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की आवश्यकता के बारे में सभी सहिलाओं को प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य पर विशेष प्रकाश डालते हुए व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। व्यक्तिगत स्वास्थ्य के संबंध में बताया गया कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य का संबंध व्यक्ति के आंतरिक स्वास्थ्य है जबकि समुदाय स्वास्थ्य समुदाय की वातावरण और व्यवहार पर निर्भर करता है जिस तरह का समुदाय होगा वहां रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य भी उसी की अनुरूप होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2005 में प्रारंभ किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना है। मिशन का उद्देश्य मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करना और विशेष रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच बढ़ाना है। वर्ष 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सम्मिलित किया गया इसमें ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य जरूरत को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम अराधना कुमारी के द्वारा बताया गया कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त भोजन, (पोषण), सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और आवास, स्वच्छ पर्यावरण,स्वस्थ परिस्थितियां और स्वस्थ जीवन शैली, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच, शिक्षा, सामाजिक स्वास्थ्य सुरक्षा के उपाय और उचित तथा समान मजदूरी ,शोषण और भेदभाव से मुक्ति महिला अधिकार कामकाज की जगह सुरक्षित वातावरण, तनाव रहित जीवन, मनोरंजन और स्वस्थ सामाजिक संबंध, जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा वीएचएसएनसी के पुनर्गठन की प्रक्रिया के संबंध में विशेष रूप से जानकारी प्रदान कर सभी सहिआओं को अपने-अपने वार्डों में गठन करने के निर्देश दिए गए, साथ ही साथ वी.एच.एस.एनसी की मासिक बैठक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर प्रसाद, विभिन्न वार्डों की सहिया बबीता कुमारी, अंजू देवी, पूनम देवी तबस्सुम खातून एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।



# गरीबों के बीच किया गया कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र डगरनवां पंचायत के कुंभ, लोहावर, बनमुरहा, लोहाबार जैसे अति पिछड़े गांव जो चारों तरफ जंगलों से घिरा हुआ है, जहां आज भी लोग मूलभूत सुविाओं से वंचित है, उन जगहों पर जाकर जीवन सवेरा फाउंडेशन ने गरीब, असहाय, बुजुर्गों, महिलाओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया। वहीं जीवन सवेरा फाउंडेशन से जुड़े समाज सेवी सनीनागरा जो हरियाणा कैथल से हैं, उनका योगदान काफी सराहनीय रहा। मौके पर शोभा देवी, बीरेंद्र राय, नकुल कुमार, सुभाष कुमार, वीरेंद्र पासवान, सीताराम सोरेन, सुजीत नायक, उदय चंद्रकिशोर, सरवर हयात खान आदी मौजूद थे।



## नववर्ष को लेकर गोड्डा नगर थाना प्रभारी ने चलाया एंटी क्राइम अभियान

# शराब पिये बगैर हेलमेट के वाहन चलकों पर है कड़ी नजर : मधुसूदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** नववर्ष के आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर रविवार को पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर कॉलेज मोड़ के पास एंटी क्राइम चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उक्त सड़क से गुजरने वाले प्रत्येक दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। हालांकि जांच के दौरान पुलिस को कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। मौके पर पु0नि0 सह थाना प्रभारी ने कहा कि नववर्ष के आगमन पर सतर्कता व सुरक्षा के मद्देनजर एंटी क्राइम चेकिंग की जा रही है जिसमे मुख्य तौर पर वाहनों के साथ ले जाए जाने वाले सामानों की जांच की जा रही है । इसके साथ ही वाहनों के कागजात व हेलमेट की भी चेकिंग की जाती है। थाना प्रभारी मोदक ने बाइक चालको से हेलमेट पहनने की अपील करते हुए कहा कि आप अपने परिवार के लिए अनमोल है, आप सुरक्षित तो आपका परिवार सुरक्षित। इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट पहन कर चले, शराब का सेवन कर कोई भी वाहन न चलाये, गाड़ी रोककर मोबाइल का प्रयोग करे। साथ ही वाहनो की सुरक्षा की दृष्टी से बाइक में डबल लॉक लगाए ताकि आपकी गाड़ी सुरक्षित रहे। इस अभियान में उनके साथ पु0अ0नि0 प्रहलाद साह, सुभाष कुमार स0अ0नि0 शिवजी मिश्रा एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।



## पेज 1 का शेष

### राष्ट्र प्रथम से बड़ा...

**108 का महत्व काफी अहम :** पीएम मोदी ने कहा कि यह हमारी साझा यात्रा का 108वां एपिसोड है। हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां... 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। ये 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है कि इस वर्ष हमारे देश ने कई विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं। **कौर और अक्षय भी बने हिस्सा :** फिट इंडिया अभियान को लेकर, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर ने कहा कि मुझे इस अभियान से जुड़कर बहुत फायदा हुआ। साथ ही बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि शॉर्टकट लेने से आपको फायदा नहीं नुकसान होगा। उन्होंने कसरत, योग, बेहतर नींद समेत कई उपाय सुझाये ताकि लोग स्वस्थ रहें।

### नशे में वाहन...

वाहनों की चेकिंग और ड्रंक एंड ड्राइव चलाकर जांच की जायेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस भी रद्द करने की कार्रवाई होगी। मनचलों पर लगाम लगाने के लिए शक्ति कमांडों तैनात रहेंगे। पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र भी खोले गये हैं। आम लोगों से भी कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। पिकनिक स्पॉटों पर ऊंची आवाज में गाना न बजायें। पिकनिक स्पॉट के गहरे पानी में न जायें। लाइफ जैकेट जरूर पहनें। अनवाश्यक रूप से सुनसान जगहों पर न जायें

### एम्स देवघर में बनेगा...

देवघर एम्स कैंपस में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र का भवन तैयार करने के लिए जगह चिह्नित कर लिया गया है। इस शिलान्यास समारोह में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे देवघर एम्स से ऑनलाइन जुड़ेंगे। 2002 में न्यूमोनिक प्लेग के संदिग्ध मामलों से शुरू हुई थी जांच : राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के डॉक्टर 2002 में पंजाब में न्यूमोनिक प्लेग के संदिग्ध मामलों, 2004 में सार्स के प्रकोप, 2005 में दिल्ली में मेनिनजाइटिस के प्रकोप और 2006 में एवियन इन्फ्लूएंजा सहित बीमारियों के संभावित प्रकोप की जांच कर चुके हैं। साथ ही इसके लिए तैयारियों की समीक्षा की है। 2019-2020 में कोरोनावायरस। केंद्र को महाराष्ट्र में सार्स-कोविड-2 का एक नया उत्परिवर्तित तनाव इ484क्यू मिला। इसके बारे में पहले माना जाता था कि यह दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील से आ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के अनुसार गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दूबे के अनुरोध पर देवघर एम्स को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा देने की विशेष तौर चल रही है।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

## तेजपुर विवि के 21वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री बोले- हथियारों के आयात पर लगाया गया बैन

एजेंसी

**शोणितपुर (असम)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में एक रणनीतिक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू, रक्षा, औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। इसी के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार सभी प्रयास कर रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर में तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय के उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहली बार हथियारों



के आयात को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी कीं, जिसके तहत 509 ऐसे रक्षा उपकरणों की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब स्वदेशी रूप से किया जाएगा। इसके अलावा, हमने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची भी जारी की है, जिसमें 4,666 वस्तुओं की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब हमारे देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा निर्यात का कुल मूल्य, जो 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये था, 2022-23 में लगभग 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। राजनाथ सिंह ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वर्तमान सरकार के सक्रिय रवैये के बारे में विस्तार से बताया। विश्वसनीयता के संकट को आत्मविश्वास की संस्कृति से बदलने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब रहने दो दृष्टिकोण के प्रति सहिष्णु नहीं है। आज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आओ-करें दृष्टिकोण में विश्वास करता है। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने सेना सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। आज देश में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर चंद्रयान तक ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें महिलाओं की उपस्थिति न देखी गई हो। देश को विकसित भारत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, भारत को आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बनाने का विचार प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमताओं में विश्वास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, हमारी सरकार ने स्टार्ट-अप संस्कृति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया है। रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में मंत्रालय की ओर से शुरू की गई स्टार्टअप संस्कृति का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस स्थापना के बाद से ही नवीन विचारों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दे रहा है।

# इसरो आज करेगा एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट लांच

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ब्लैक होल जैसे अंतरिक्ष के घटनाक्रम को समझने के लिए अपना पहला एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट सोमवार को लांच करेगा। इससे पहले अक्टूबर में इसरो ने गगनयान के टेस्ट व्हीकल डी1 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसरो के अनुसार, एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट का प्रक्षेपण प्रथम लॉन्च-पैड, एसडीएससी-शार, श्रीहरिकोटा से 01 जनवरी को सुबह 09:10 बजे निर्धारित किया गया है। मिशन लांच को लाइव देखा जा सकता है। इसरो का कहना है कि इसका उद्देश्य चरम स्थितियों में चमकीले खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करना है।



विभिन्न खगोलीय स्रोतों जैसे ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन निहारिका आदि का उत्सर्जन तंत्र जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है और इसे समझना चुनौतीपूर्ण है।

# मोदी रोको की रट लगाया है घमंडिया गठबंधन ने : नड्डा

**देश को पीछे की ओर खींचने वालों के बीच चल रही है स्पर्धा**

एजेंसी

**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को लखनऊ के बुद्धेश्वर मंदिर के निकट मां कृपा लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग किया। जेपी नड्डा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन मोदी रोको –मोदी रोको की रट लगाये है। विपक्ष देश को पीछे खींचने वाली ताकत के रूप में काम कर रहा है। आज देश को आगे ले जाने वालों और देश को पीछे की ओर खींचने वालों के बीच स्पर्धा चल रही है। जहां इंडी अलायंस मोदी रोको की रट लगाए हैं, वहीं हमारी स्पर्धा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को आगे ले जाएं। जिन लोगों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी, आज वो भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। जिन्होंने देश की जनता के साथ अपने शासन काल में अन्याय ही अन्याय किया, वो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। जो परिवार से बाहर किसी की कल्पना नहीं करते थे, वो अचानक देश की बात कर रहे हैं। श्री नड्डा के कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर 15 नवंबर को झारखंड के रांची से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रारंभ किया था। यह यात्रा लगभग 2.5 लाख पंचायतों से और लगभग 3600 नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत से गुजरते हुए 25 जनवरी को समाप्त होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उदेश्य है कि देश का कोई भी लाभार्थी इससे वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार हर पंचायत, निगम, वार्ड में पहुंच कर आम जनमानस को



यह याद कराने का प्रयास कर रही की सरकार की सभी यह सुविधाएं व योजनाएं उनके लिए है और वह इससे वंचित न रहें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट है, अगर विकसित भारत की ओर हमें बढ़ना है तो सर्वप्रथम हमारे गांव आबाद होने चाहिए, देश-प्रदेश में गरीबी नहीं होनी चाहिए, युवा प्रगति की ओर अग्रसर होना चाहिए, महिलाएं और किसान सशक्त होने चाहिए और तीव्रता से आगे बढ़ने चाहिए। यह सारी योजनाओं से गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, आदिवासी और अनुसूचित जाति के भाई, महिला, युवा और किसान वंचित न रह जाए इसका ध्यान रखा जाता है। इन सबके सशक्तिकरण से ही देश विकसित होता है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी सुविधाओं से कोई वंचित न रह जाए और सारी सुविधाएं एक स्थान पर मिल सके।

# इस साल गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेंगी पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां

एजेंसी

**तीनों राज्यों से मिले झांकी प्रस्ताव गणतंत्र दिवस थीम के अनुरूप नहीं : रक्षा मंत्रालय**

**नयी दिल्ली।** इस बार कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को निकलने वाली गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां नहीं दिखेंगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को साफ किया है कि इन राज्यों की झांकियों का गणतंत्र दिवस की थीम के अनुरूप न होने की वजह से चयन नहीं किया गया है। इस बार जिन राज्यों की झांकियों को नहीं चुना गया है, उन्हें 23-31 जनवरी के दौरान लाल किला पर होने वाले 'भारत पर्व' में अपनी झांकी प्रदर्शित करने का मौका दिया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल न किये जाने के बावत रक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया कि झांकियों का चयन करने के लिए पहले से ही एक प्रणाली है, जिसके अनुसार रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी), केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से झांकी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।



झांकी के लिए मिले प्रस्तावों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति की कई दौर की बैठकों में किया जाता है। इस समिति में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, कोरियोग्राफी आदि के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले तीन दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। तीसरे दौर की बैठक के बाद पंजाब की झांकी को इस बार के विषयों के अनुरूप नहीं होने के कारण प्रस्ताव को आगे विचार के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सका। इसी तरह विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले दो दौर में पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। दूसरे दौर की बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। मंत्रालय की ओर से बताया गया कि पंजाब की झांकी को 2017 से 2022 तक छह बार, जबकि बंगाल की झांकी को 2016, 2017, 2019, 2021 और 2023 में यानी पांच बार गणतंत्र दिवस परेड के लिए चुना गया था। रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि देश के सभी राज्यों के साथ समान व्यवहार किया जाना है, इसलिए यह आवश्यक है कि अन्य राज्यों को भी अपनी झांकियां प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाना चाहिए। भारत सरकार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल करने के लिए तीन साल का कार्यक्रम तैयार कर रही है, जिसे उन सभी के साथ साझा किया जाएगा।

## संगीतकार व तबला वादक भवानी शंकर का निधन



**मुंबई।** मशहूर संगीतकार और तबला वादक पंडित भवानी शंकर का दिल का दौरा पड़ने से मुंबई स्थित आवास पर निधन हो गया। 67 वर्षीय भवानी शंकर ने शनिवार की देर रात आखिरी सांस ली। उनके निधन से मनोरंजन और संगीत जगत में शोक छा गया है। पंडित भवानी शंकर भारतीय शास्त्रीय संगीत की महान हस्तियों में से एक थे। 30 दिसंबर को भवानी शंकर की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उनके सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर परिजन अस्पताल ले जाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनका निधन हो गया। पंडित भवानी शंकर के निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तबला वादक भवानी शंकर के निधन की खबर से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक फैल गया है। भवानी शंकर का जन्म वर्ष 1956 में एक संगीत परिवार में हुआ था। शंकर ने 8 साल की उम्र से तबला बजाना सीखा। उन्होंने अपनी साधना से भारत के प्रसिद्ध तबला वादकों के जगह बनाई।

# 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष बने पनगढ़िया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16 वें वित्त आयोग का गठन कर दिया है। इस संबंध में रविवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी से संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया है। आयोग एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को कवर करते हुए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक देगा। आयोग के सदस्यों को लेकर अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। अधिसूचना में सोलहवें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तें भी दी गई हैं। आयोग संघ और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के वितरण, भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व की सहायता अनुदान और



राज्यों को उनके राजस्व की सहायता अनुदान के माध्यम से भुगतान की जाने वाली राशि, राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के पूरक के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय आदि को लेकर सिफारिशें करेगा। आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के तहत गठित निधियों के संदर्भ में, आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है और उस पर उचित सिफारिशें कर सकता है।

# बॉबी के गाने जमाल कुडु पर धर्मेंद्र ने किया डांस

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई है। एनिमल के डायलॉग्स और सीन्स की तरह इस फिल्म के गानों ने भी दर्शकों को दीवाना बना दिया। इस फिल्म में बॉबी देओल का एंट्री का गाना जमाल कुडु खूब वायरल हुआ था। यहां तक कि कई मशहूर हस्तियां भी इस गाने पर रील बनाने का मोह नहीं रोक पाईं। सनी देओल ने भी बॉबी देओल के इस गाने पर रील बनाई गई थी। अब धर्मेंद्र ने बेटे के गाने जमाल कुडु पर डांस किया है।

धर्मेंद्र बिग बॉस-17 के नए प्रोमो वीडियो में दिखाई दिए। बिग बॉस के मंच पर धर्मेंद्र और सलमान ने जमाल कुडु गाने पर डांस किया। बेटे के गाने पर धर्मेंद्र ने रैप किया। सलमान ने बॉबी देओल के अंदाज में सिर पर गिलास लिया और जमाल कुडु पर डांस किया।



सलमान और धर्मेंद्र के साथ अरबाज, सोहेल ने भी डांस किया। बिग बॉस से उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बॉबी देओल ने दिल वाला इमोजी पोस्ट कर कमेंट किया है।

## 4 जनवरी को ओटीटी पर रिलीज होगी 'हाय नन्ना'


**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता नानी और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म हाय नन्ना 04 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। शौरयुव निर्देशित 'हाय नन्ना' 07 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'हाय नन्ना' अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म को 04 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। ओटीटी पर हाय नन्ना को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में देखा जा सकता है। हाय नन्ना में मृणाल ठाकुर और नानी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म में चाइल्ड आर्टिस्ट कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिका में हैं।

## सालार ने नौ दिन में कमाये 329.62 करोड़

मुंबई। प्रभास की फिल्म सालार बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है। इस फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। सालार ने रिलीज के 9वें दिन भी करोड़ों की कमाई की है। फिल्म सालार 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैकनिलक की ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 90.70 करोड़ रुपये की कमाई की। यह फिल्म साल की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। 'सालार' ने रिलीज के दूसरे दिन 56.35 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 62.05 करोड़ रुपये, चौथे दिन 46.30 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 24.90 करोड़ , छठे दिन 15.10 करोड़ , सातवें दिन 13.50 करोड़ और आठवें दिन 10.00 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रिलीज के 9वें दिन 12.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सालार'अब तक 9 दिनों में 329.62 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

## एक नजर में

### नेपाल में मानव तस्करी का भंडाफोड़




काठमांडू। नेपाल सरकार के प्रतिबंध के बावजूद राजधानी काठमांडू में मानव तस्करी के गोरखधंधा का खुलासा हुआ है। यह धंधा कुछ चीनी नागरिकों के जरिये चलाया जा रहा है। नेपाली युवाओं को रूस भेजने के नाम पर बाकायदा उनका फिजिकल टेस्ट लिया जा रहा है। राजधानी काठमांडू के सिनामंगल क्षेत्र में फिजिकल टेस्ट देने वाले युवाओं की भारी भीड़ देखी जा सकती है। पंक्तिबद्ध होकर करीब पांच हजार युवा अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यहां ह्यसिनोपेक इंजीनियरिंग ग्रुप रसिया लिखा हुआ बैनर टंगा है, लेकिन भीतर परीक्षा लेने वाले पांच चीनी नागरिक हैं। मुख्य द्वार के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि रूस की किसी कंपनी के माध्यम से नेपाली युवाओं को सिक्युरिटी गार्ड के रूप में भर्ती किया जा रहा है। हाथ में कुछ कागज, शैक्षिक योग्यता का प्रमाणपत्र हेल्थ सर्टिफिकेट लेकर पंक्तिबद्ध खड़े युवाओं की उम्र 18 से 30 वर्ष बीच दिख रही थी। इनमें अधिकतर युवा 25 से कम उम्र के थे। इस चीनी कंपनी के नेपाली प्रतिनिधि ने बताया कि तीन सौ कामगारों की आवश्यकता थी, जिसके लिए दस हजार लोगों ने फार्म भरा है। जब उनसे पूछा गया कि नेपाल से रूस में किसी भी काम के लिए जाने पर सरकार ने प्रतिबन्ध लगाया हुआ है तो इस पर जवाब मिला कि चीनी कंपनी ने नेपाल सरकार से अनुमति ले रखी है। रूस में नौकरी पाने के इच्छुक युवकों ने बताया कि रूस की इस कंपनी में 600 अमेरिकी डॉलर प्रति महीने सैलेरी बताई गई है। युवाओं ने यह भी खुलासा किया कि नौकरी लेने के लिए पहले कंपनी वालों को 5 लाख रुपये एडवांस में देना होगा। सेलेक्शन होने के तीन महीने बाद ही उन्हें रूस भेजा जाएगा। जांच के नाम पर युवाओं से बालू से भरी बोरियां उठाने को कहा जा रहा है। अब तक पांच सौ से अधिक युवाओं को शारीरिक परीक्षण में उत्तीर्ण करके फाइनल मेडिकल जांच के लिए भेजा रहा है।

### कोलंबिया विवि में फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन




**न्यूयॉर्क।** गाजा पट्टी में छिड़ी लड़ाई की वजह से साल के आखिरी तीन महीने कोलंबिया विश्वविद्यालय और अन्य अमेरिकी महाविद्यालयों पर भारी पड़े। इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के बीच छिड़ी जंग की लपटें इन शिक्षण संस्थानों को झुलसाती रहीं। कभी इजराइल तो कभी फिलिस्तीन समर्थक विद्यार्थी समूह प्रदर्शन करते रहे। इससे इससे विश्वविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन सुचारू रूप से नहीं हो सका। द न्यूयॉक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस वजह से कई हफ्ते तक कोलंबिया विश्वविद्यालय और अन्य परिसरों में तनाव रहा। एक यहूदी छात्र ने कहा कि बंधकों के पोस्टर लगाने के बाद उस पर हमला किया गया। इजराइल और फिलिस्तीन समर्थक छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले से शिक्षण कार्य चरमरा गया। हार्वर्ड और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में भी कुछ हफ्ते तक तनाव रहा। इस टकराव में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी और हार्वर्ड अध्यक्ष कई हफ्तों तक विवादों में घिरे रहे। नवंबर में कोलंबिया विश्वविद्यालय प्रशासन ने असाधारण निर्णय लेते हुए दो फिलिस्तीनी समर्थक छात्र समूहों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

### ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का निधन



**वाशिंगटन।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का शनिवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। टॉम के परिवार ने इसकी पुष्टि की। टॉम को दो बार ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया । वह 'द फुल मोंटी', 'माइकल क्लेटन' और 'द बेस्ट एक्सोटिक मैरीगोल्ड होटल' में अपनी शानदार भूमिका के लिए जाने जाते हैं। द गार्डियन ने रिपोर्ट में उनके परिवार के बयान पर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि विल्किंसन की शनिवार को घर पर मृत्यु हो गई। उनके अंतिम समय पर पत्नी और परिवार के सदस्य साथ मौजूद थे। द फुल मोंटी में विल्किंसन के सह–कलाकार रॉबर्ट कार्लाइल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'इतना बड़ा कलाकार, एक वास्तविक टाइटन अभिनेता, न केवल अपने, बल्कि किसी भी पीढ़ी के महानतम लोगों में से एक। अभिनेता एन्यूरिन बर्नार्ड ने एक्स हैंडल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। बर्नार्ड 2018 की फिल्म डेड इन ए वीक (ऑर योर मनी बैक) में विल्किंसन के साथ अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने लिखा, 'हमारी अद्भुत किंवदंतियों में से एक जिसे हम अलविदा कहते हैं। अभी के लिए अलविदा टॉम एक्स।' गायक विल यंग ने इंस्टाग्राम पर लिखा,अलविदा दोस्त। मजाकिया, बेहद स्मार्ट। मैं तुम्हें सलाम करता हूं प्रिय टॉम।' विल्किंसन को 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में शानदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में एकेडमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था।


VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कैलेंडर। एक छोटा सा शब्द। कमरे के किसी भाग में यूं ही पड़ी एक वस्तु जिसकी जरूरत इस तकनीकी युग में शायद ही छुट्टियां देखने के लिए भी पड़ती हो। लेकिन यह हर घर में होता है। नये वर्ष में नये कैलेंडर लगभग हर घर में लगेंगे। इस छोटी सी रचना के पीछे जो हजारो वर्ष पुरानी सभ्यता के विकास की कहानी छुपी है। उसे समझ पाना सहज नहीं। अखिर कैसे बना हमारा कैलेंडर, कहां से हुई शुरुआत, बनाने में किसने निभाई अहम भूमिका, जैसे कई सवालों का जवाब लोग गुगल पर सबसे ज्यादा खोजते हैं।नए साल का दिन 1 जनवरी को मनाया जाता है। नए साल का पहला दिन ग्रेगोरियन और जूलियन कैलेंडर दोनों के अनुसार मनाया जाता है। कई संस्कृतियों ने इस खुशी के दिन को अपने अनोखे तरीके से मनाया। आमतौर पर नए साल के दिन के रीति-रिवाजों और परंपराओं में शैंपेन और विभिन्न फूड्स के साथ जश्न मनाना शामिल है। जब तक जूलियस सीजर ने जूलियन कैलेंडर लागू नहीं किया, तब तक कि उत्सव के लिए 1 जनवरी आम दिन बन गया। इस दिन को सेलिब्रेट करने का लोगों का अपना-अपना तरीका होता है।आमतौर पर लोग नए साल को सेलिब्रेट करने के लिए पार्टी करते हैं और अपनों के साथ समय बिताते हैं। वहीं कई ऐसे भी होते हैं जो नए साल का स्वागत घूमकर करते हैं। इसके अलावा न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए और उसका स्वागत करने के लिए लोग केक भी काटते हैं। साथ ही न्यू ईयर के बेहतरीन मौके पर लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को अच्छे और नए कोट्स और मैसेजेज भेजते हैं और आने वाले साल की ढेर सारी शुभकामनाएं भी देते हैं।

. एक खूबसूरती, एक ताज़गी, एक सपना, एक सच्चाई एक कल्पना, एक एहसास। एक आस्था, एक विश्वास यही हैं एक अच्छे साल की शुरुआत। हैप्पी न्यू ईयर 2024

## जीवन मन्त्र 2024

## जिंदादिली और सकारात्मक जिंदगी जीने का तरीका



प्रशांत झा

**विश्व** के प्रसिद्ध लेखक और नाटककार विलियम शेक्सपियर ने वर्षों पहले कही थी। आज भी जीवन के कई मोड़ पर हमें इस तरह के सकारात्मक विचारों की जरुरत पड़ती है। नया साल 2020 आ चुका है ऐसे में लोग नए साल की शुरुआत सकारात्मक होकर करना चाहते हैं। प्रेरक विचार हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कहते हैं "जब तक आपके विचार सकारात्मक नहीं है, तब तक आपके सपने राख में मिलते रहेंगे।" इसलिए अपने जीवन को हमेशा सकारात्मक होकर जीना ही हर व्यक्ति का उद्देश्य होना चाहिए।

अगर इन विचारों को अपने जीवन में लागू किया जाए तो हमारा जीवन उन्नति के शिखर पर पहुंच सकता है। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से लेकर महान एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो तक। नए साल के इस खास मौके पर हम मनोरंजन जगत के सितारों द्वारा कहे गए कुछ प्रेरणात्मक उद्धरण (इंस्पिरेशनल कोट्स) आपके लिए लेकर आए हैं जिसे अपनी जिंदगी में अपनाकर आप आने वाला साल और भी खुशनुमा बना सकते हैं।

**अमिताभ बच्चन**

बॉलीवुड के शहंशाह यानी अमिताभ बच्चन कवि हरिवंश राय बच्चन के बेटे हैं। ऐसे में लेखन से जुड़ाव होना लाजिमी है। अमिताभ अपने सोशल मीडिया पर कई प्रेरक विचार शेयर करते रहते हैं। बिग बी को हिंदी सिनेमा में 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। सात नवंबर 1969 को उनकी पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी रिलीज हुई थी। अब बरसों से अमिताभ बच्चन देश के एक ऐसे महानायक बने हुए हैं जिनका मुकाबला करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन लगता है।'जो बीत गया उसके पीछे मैं अपना समय बर्बाद नहीं करता। मैं उसे याद जरूर रखता हूं।'

'हम सभी के अंदर एक ऐसी अलौकिक शक्ति का भंडार जो तभी बाहर आता है जब वक्त हमारा इम्तिहान लेता है।'

**शाहरुख खान**

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान का ये साल बिना फिल्म के रहा है। इसके बाजीगर', 'अंजाम', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे', 'दिल तो पागल है', 'कुछ कुछ होता है', 'मोहब्बतें', 'माय नाम इस खान', 'दिलवाले' और भी ना जाने कितनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने अभिनय को दर्शाया है। यहां आप शाहरुख खान के जीवन से ये सीख ले सकते हैं कि जिंदगी रुकने का नाम नहीं है।

'सफलता और असफलता दोनों जीवन का हिस्सा हैं। दोनों स्थायी नहीं हैं।'

'मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि मैं केवल अपनी उपस्थिति से लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला सकता हूं।'

**नसीरुद्दीन शाह**

20 जुलाई 1949 को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में जन्में नसीरुद्दीन शाह की गिनती दिग्गज अभिनेताओं में होती है। 1980 से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले नसीरुद्दीन की एक्टिंग के सभी कायल हैं। फिल्मों में उनके योगदान के लिए पद्मश्री और पद्म भूषण से नवाजा जा चुका है। 'आक्रोश', 'स्पर्श', 'जुनून', 'मंथन', 'हम पांच', 'चक्र', 'उमराव जान' जैसी शानदार फिल्में की हैं। ये हैं नसीरुद्दीन शाह के कुछ इंस्पिरेशनल कोट्स।

'प्रतिभा जैसी कोई चीज नहीं होती है, लेकिन प्रतिभा की कमी जैसी चीज होती है। प्रतिभा की कमी तब होती है जब कोई व्यक्ति सही जगह पर नहीं होता है।''इंसान अपना रास्ता खुद बनाता है। मेरे पिता ने मेरा सबसे अच्छे तरीके से मार्गदर्शन करने की कोशिश की लेकिन मैं वैसा बना जैसा मैं बनना चाहता था।''

**पॉल वॉकर**

12 सितम्बर 1973 को जन्में एक्टर पॉल वॉकर ने अपना पूरा जीवन अपनी शर्तों पर जिया। 40 साल की उम्र में कार दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। पॉल अपनी उदारता के लिए प्रसिद्ध थे। मौत के वक्त भी वह एक चैरिटी इवेंट में जा रहे थे। लोग वॉकर को फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के हीरो के रूप में जानते हैं। उन्होंने टीवी सीरीज के अलावा 25 के लगभग फिल्मों में काम किया।

'मैं जो कुछ करना चाहता हूं उसे करने के लिए आजाद हूं।''अपने दिमाग को हर चीज में अच्छाई देखने के लिए तैयार करो।'

**टॉम हैंक्स**

9 जुलाई 1956 को जन्में टॉम हैंक्स हॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में अभिनय किया है। टॉम की सबसे चिंचत फिल्म रही है 'फॉरेस्ट गंप'। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर जीतने वाले टॉम हैंक्स के भोलेपन ने फिल्म को नई ऊंचाइयां दी थीं। टॉम की गिनती डाउन टू अर्थ अभिनेताओं में होती है। इसके अवाला उन्होंने 'द ग्रीन माइल', कास्ट अवे, कैच मी इफ यू कैन, दा विंची कोड जैसी फिल्मों में अभिनय किया है।

'अगर आप किसी चीज में भरोसा करते हैं तो उसे करने के लिए कोई ना कोई वजह ढूंढ ही लेते है।''मुझे लगता है कि अच्छा दिखने से बेहतर है कि आप अंदर से अच्छा महसूस करें।' **लियोनार्डो डिकैप्रियो**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में जन्में लियोनार्डो डिकैप्रियो अच्छे फिल्मकारों के पसंदीदा अभिनेता हैं और ऑस्कर के अलावा वो कई अन्य अवार्ड जीत चुके हैं। उन्हें टाइटैनिक, ब्लड डायमंड, द एविएटर, द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट और द रेवनंट के लिए जाना जाता है। डिकैप्रियो हमेशा पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं। **(ब्रदर्स एकेडमी रांची)**




## भारतीय पंचांग की कहानी

हमारे देश में लगभग 5,000 वर्ष पहले वैदिक काल में समय की गणना का काम शुरू हो गया था। उन दिनों इस बात का ज्ञान हो चुका था कि चांद्र-वर्ष में 360 से कुछ कम दिन होते हैं क्योंकि एक चंद्र-मास में ठीक 30 दिन नहीं होते। सूर्योदय से सूर्योदय तक के काल को 'सावन-दिन' माना गया। तब सावन-मास और चांद्र मास का भी ज्ञान प्राप्त हो चुका था। बाद में नक्षत्र और फिर 'तिथि' का ज्ञान हुआ। अनुमान है कि शक संवत् से लगभग 1400 वर्ष पूर्व तक तिथि और नक्षत्र, समय के इन दो अंगों का ही ज्ञान था। उसके बाद करण, योग और वार का ज्ञान प्राप्त हुआ। इस तरह तिथि, नक्षत्र, वार, करण और योग, समय के इन पांच अंगों से 'पंचांग' यानी कलैंडर का विकास हुआ।

# कैसे अस्तित्व में आया कैलेंडर

## ज्योतिष शास्त्र दिन और महीना

ज्योतिष शास्त्र में इस बात का उल्लेख है कि जब सृष्टि की रचना हुई और पूर्व क्षितिज पर सूर्यदेव प्रकट हुए तब सूर्य का होरा था। इसीलिए सृष्टि की रचना का प्रथम दिवस रविवार माना गया है। दरअसल, ज्योतिष मतानुसार एक अहोरात्र (दिन-रात) में 24 होरा होते हैं और 25वां होरा जिस ग्रह का होता है उससे संबंधित वार होता है। इस पच्चीसवें होरा में सूर्योदय भी होता है। यानी कि रविवार की शुरूआत के बाद पच्चीसवां होरा चंद्रमा का होता है, इसीलिए रविवार के बाद सोमवार आता है। इसी क्रमानुसार मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार का नामकरण हुआ है। कैलेंडर शब्द पूर्णतः भारतीय है। माना जाता है कि कैलेंडर शब्द कालांतर शब्द का बिगड़ा हुआ स्वरूप है। समय को संस्कृत में कालांतर कहा जाता है। कैलेंडर के प्रचलित इतिहास के अनुसार मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई और अगस्त माहों के नाम देवी-देवताओं से संबंधित हैं और सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर शब्द लातीनी भाषा के क्रमशः सेप्टेम, आक्टो, नोवज और देशज शब्द से बने हैं।

## राष्ट्रीय कैलेंडर प्रोफेसर मेघनाद साहा की देन

क्षेत्रीय आवश्यकताओं और धार्मिक तिथियों की गणना के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में कई प्रकार के पंचांग बनाये गये जिनमें से अनेक पंचांग आज भी प्रचलित हैं। लेकिन, प्रशासनिक तथा नागरिक उद्देश्य के लिए संशोधित और मानक भारतीय राष्ट्रीय कलैंडर का प्रयोग किया जाता है। हमारा राष्ट्रीय कलैंडर प्रोफेसर मेघनाद साहा जैसे समर्पित वैज्ञानिक के सतत् प्रयासों का फल है। कलैंडर सुधार का सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों पर सीधा प्रभाव पड़ने का खतरा मोल लेते हुए भी उन्होंने कलैंडर में वैज्ञानिक सुधार का बीड़ा उठाया और हमारे कलैंडर को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया।



**प्रोफेसर मेघनाद साहा**

**कलैंडर सुधार का सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों पर सीधा प्रभाव पड़ने का खतरा मोल लेते हुए भी इसमें सुधार करने का बीड़ा उठाया और इसे वैज्ञानिक आधार प्रदान किया।**

प्रोफेसर मेघनाद साहा ने भारतीय पंचांगो और कलैंडर सुधार की आवश्यकता पर विज्ञान पत्रिकाओं में लेख लिख कर इस विषय की ओर सरकार और आम लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने एशियाटिक सोसाइटी में 'शक ९संवत् की शुरुआत' पर व्याख्यान दिया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 1952 में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् ने एक कलैंडर सुधार समिति गठित की। समिति को देश के विभिन्न प्रांतों में प्रचलित पंचांगों का अध्ययन करके सरकार को सटीक वैज्ञानिक सुझाव देने की जिम्मेदारी सौंपी गयी ताकि पूरे देश में एक समान नागरिक कलैंडर लागू किया जा सके। प्रो. मेघनाद इस कलैंडर सुधार समिति के अध्यक्ष नियुक्त किये गये।

**पंचांगों में त्रुटि और सुधार**

पंचांगो में सबसे प्रमुख त्रुटि थी वर्ष की लंबाई। पंचांग प्राचीन 'सूर्य सिद्धांत' पर आधारित होने के कारण वर्ष की लंबाई 365.258756 दिन की होती है। वर्ष की यह लंबाई वैज्ञानिक गणना पर आधारित सौर वर्ष से .01656 दिन अधिक है। प्राचीन सिद्धांत अपनाने के कारण ईस्वी सन् 500 से वर्ष 23.2 दिन आगे बढ़ चुका है। भारतीय सौर वर्ष 'वसंत विषुव' औसतन 21 मार्च के अगले दिन मतलब 22 मार्च से शुरु होने के बजाय 13 या 14 अप्रैल से शुरु होता है। दूसरी ओर यूरोप में जूलियस सीजर द्वारा शुरू किये गये 'जुलियन कलैंडर' में भी वर्ष की लंबाई 365.25 दिन निर्धारित की गयी थी, जिसके कारण 1582 ईस्वी आते-आते 10 दिन की त्रुटि हो चुकी थी। तब पोप ग्रेगरी तेरहवें ने कलैंडर सुधार के लिए आदेश दे दिया कि उस वर्ष 5 अक्टूबर को 15 अक्टूबर घोषित कर दिया जाये। लीप वर्ष भी स्वीकार कर लिया गया। लेकिन, भारत में सदियों से पंचांग यानी कलैंडर में इस प्रकार का कोई संशोधन नहीं हुआ था। उन्होंने विश्व कलैंडर योजना का भी सुझाव दिया और 1954 में जेनेवा में आयोजित यूनेस्को के 18वें अधिवेशन में 'विश्व कलैंडर' सुधार के लिए प्रस्ताव भेजा। कलैंडर सुधार समिति ने 1955 में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की। समिति ने प्रशासनिक तथा नागरिक कलैंडर के लिए महत्वपूर्ण संस्तुतियां की। इन संस्तुतियों के अनुसार राष्ट्रीय कलैंडर में शक संवत् का प्रयोग किया जाना चाहिए। इसकी गणनाएं शक संवत् से की जाती हैं। शक संवत् की प्रथम तिथि ईस्वी सन् 79 के वसंत विषुव से प्रारंभ होती है। हमारे राष्ट्रीय कलैंडर में शक संवत् 1879 के चैत्र मास की प्रथम तिथि को आधार माना गया है जो ग्रेगोरीय कलैंडर की गणना के अनुसार 22 मार्च ईस्वी सन् 1957 है। यानी हमारा संशोधित राष्ट्रीय कलैंडर 22 मार्च 1957 से शुरू होता है।

**कैसे आया लीप वर्ष :** समिति ने सुझाव दिया कि वर्ष में 365 दिन तथा लीप वर्ष में 366 दिन होंगे। लीप वर्ष की परिभाषा देते हुए सुझाव दिया गया कि शक संवत् में 78 जोड़ने पर जो संख्या मिले वह अगर 4 से विभाजित हो जाये तो वह लीप वर्ष होगा, लेकिन अगर वर्ष 100 का गुणज तो है लेकिन 400 का गुणज नहीं है तो वह लीप वर्ष नहीं माना जायेगा। राष्ट्रीय परंपरागत भारतीय मास 12 हैं : चैत्र, वैसाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्र, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, माघ और फाल्गुन। समिति ने यह भी संस्तुति की कि वर्ष का प्रारंभ वसंत विषुव के अगले दिन से होना चाहिए। कलैंडर में चैत्र मास वर्ष का प्रथम मास होगा। चैत्र से भाद्र तक प्रत्येक मास में 31 दिन और आश्विन से फाल्गुन तक प्रत्येक मास में 30 दिन होंगे। लीप वर्ष में चैत्र मास में 31 दिन होंगे अन्यथा सामान्य वर्षों में 30 दिन ही रहेंगे। लीप वर्ष में चैत्र मास की प्रथम तिथि 22 मार्च के बजाय 21 मार्च होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग प्रति वर्ष भारतीय खगोल पंचांग प्रकाशित करता है। छुट्टियों की तिथियों की गणना इसी के आधार पर की जाती है। हमारे राष्ट्रीय कलैंडर के लीप वर्ष विश्व भर में प्रचलित ग्रेगोरी कलैंडर के समान हैं।

## कैलेंडर का इतिहास



दुनिया में सबसे पहले तारों, ग्रहों, नक्षत्रो आदि को समझने का सफल प्रयास भारत में ही हुआ था। इनकी गति को समझने के बाद भारत के महान खगोल शास्त्रीयों ने भारतीय कलेंडर (विक्रम संवत) तैयार किया। इसके महत्व को उस समय सारी दुनिया ने समझा। लेकिन यह इतना अधिक व्यापक था कि आम आदमी इसे आसानी से नहीं समझ पाता था। किसी भी विशेष दिन, त्यौहार आदि के बारे में जानकारी लेने के लिए विद्वान (पंडित) के पास जाना पड़ता था। अलग अलग देशों के सम्राट और खगोलशास्त्री भी अपने अपने हिसाब से कैलेंडर बनाने का प्रयास करते रहे। इसके प्रचलन में आने के 57 वर्ष के बाद सम्राट आगस्तीन के समय में पश्चिमी कैलेंडर (ईस्वी- सन्) विकसित हुआ। लेकिन उसमें कुछ भी नया खोजने के बजाये, भारतीय कैलेंडर को लेकर सीधा और आसान बनाने का प्रयास किया था। पृथ्वी द्वारा 365/366 में होने वाली सूर्य की परिक्रमा को वर्ष और इस अवधि में चंद्रमा द्वारा पृथ्वी के लगभग 12 चक्कर को आधार मान कर कैलेंडर तैयार किया और क्रम संख्या के आधार पर उनके नाम रख दिये गये। पहला महीना मार्च (एकम्बर) से नया साल प्रारंभ होना था। 1. एकाम्बर ( 31 ) 2. दुयीआम्बर (30) 3. तिरियाम्बर (31) 4. चौथाम्बर (30) 5. पंचाम्बर (31) 6. षष्ठम्बर (30) 7. सेप्तम्बर (31) 8. ओक्टाम्बर (30) 9. नबम्बर (31) 10. दिसंबर ( 30 ) 11. ग्याराम्बर (31) 12. बारम्बर (30 / 29 ) निर्धारित किया गया।

### सम्राटों और ईशा के जन्म ने बदल दिये महीनों के नाम!

कहा जाता है कि सम्राट आगस्तीन ने अपने जन्म माह का नाम अपने नाम पर आगस्त (षष्ठम्बर को बदलकर) और भूतपूर्व महान सम्राट जुलियस के नाम पर - जुलाई (पंचाम्बर) रख दिया। इसी तरह कुछ अन्य महीनों के नाम भी बदल दिए गए। फिर वर्ष की शरुआत ईसा मसीह के जन्म के 6 दिन बाद से प्रारंभ माना गया। नाम भी बदल कर जनवरी (31), फरवरी (30/29), मार्च (31), अप्रैल (30), मई (31), जून (30), जुलाई (31), अगस्त (30), सितंबर (31), अक्टूबर (30), नवंबर (31), दिसंबर ( 30) कर दिया गया। फिर सम्राट आगस्तीन को ये लगा कि उसके नाम वाला महीना आगस्त छोटा (30 दिन) का हो गया है तो उसने जिद पकड़ ली कि उसके नाम वाला महीना 31 दिन का होना चाहिए। राजहठ को देखते हुए खगोल शास्त्रीयों ने जुलाई के बाद अगस्त को भी 31 दिन का कर दिया और उसके बाद वाले सेप्तम्बर (30), अक्तूबर (31), नबंबर (30), दिसंबर ( 31) का कर दिया। एक दिन को एडजेस्ट करने के लिए पहले से ही छोटे महीने फरवरी को और छोटा करके (28/29) कर दिया गया।



## भारत के दो कैलेंडर 'शक संवत' और 'ग्रेगोरियन'

हमारा अपना राष्ट्रीय कैलेंडर शक संवत है, जिसके अनुसार चैत्र नववर्ष का महीना माना जाता है। लेकिन हमारा दूसरा कैलेंडर ग्रेगोरियन को माना गया है जिसको 22 मार्च 1957 में सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अपनाया गया था। इसी कारण सभी सरकारी छुट्टियां इसी कैलेडर के अनुसार तय की जाती है। दुनिया भर में आज सबसे ज्यादा ग्रेगोरियन यानी इंग्लिश कैलेंडर का प्रयोग होता है। इस कैलेंडर की शुरुआत तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने 1582 में की थी इसी कारण इसका नाम ग्रेगोरियन कैलेंडर रखा गया। जबकि इससे पहले ब्रिटेन में जूलियन कैलेंडर का प्रयोग होता था जो सौर वर्ष पर आधारित था। वहीं दूसरी तरफ भारतीय कैलेंडर शक संवत सूर्य और चंद्रमा की गति पर आधारित है, जिनका प्रयोग धार्मिक तिथि, मुहूर्त, त्योहार के लिए किया जाता है लेकिन आधिकारिक रूप से ग्रगोरियन कैलेंडर का ही प्रयोग किया जाता है।

# विभिन्न धर्मों के नव वर्ष

**हिंदू नव वर्ष :** हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। इसे हिंदू नव संवत्सर या नव संवत भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नये साल का आरंभ भी होता है। इसे गुड़ी पड़वा, उगादि आदि नामों से भारत के अनेक क्षेत्रों में मनाया जाता है।

**इस्लामी नव वर्ष :** इस्लामी कैलेंडर के अनुसार मोहर्रम महीने की पहली तारीख को मुसलमानों का नया साल हिजरी शुरू होता है। इस्लामी या हिजरी कैलेंडर एक चंद्र कैलेंडर है, जो न सिर्फ मुस्लिम देशों में इस्तेमाल होता है बल्कि दुनियाभर के मुसलमान भी इस्लामिक धार्मिक पर्वों को मनाने का सही समय जानने के लिए इसी का इस्तेमाल करते हैं।

**ईसाई नव वर्ष :** ईसाई धर्मावलंबी 1 जनवरी को नव वर्ष मनाते हैं। करीब 4000 वर्ष पहले बेबीलोन में नया वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता था जो कि वसंत के आगमन की तिथि भी मानी जाती थी । तब रोम के तानाशाह जूलियस सीजर ने ईसा पूर्व 45वें वर्ष में जब जूलियन कैलेंडर की स्थापना की, उस समय विश्व में पहली बार 1 जनवरी को नये वर्ष का उत्सव मनाया गया। तब से आज तक ईसाई धर्म के लोग इसी दिन नया साल मनाते हैं। यह सबसे ज्यादा प्रचलित नव वर्ष है। लेकिन 1 जनवरी का दिन, नये वर्ष के रूप ईसाईयों तक ही सीमित नहीं है । आज पूरी दूनिया 1 जनवरी को नये साल के रूप में मनाती है चाहे वह किसी धर्म या समुदाय के हों।



**सिंधी नव वर्ष :** सिंधी नव वर्ष चेटीचंड उत्सव से शुरु होता है, जो चैत्र शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है। सिंधी मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ था जो वरुणदेव के अवतार थे।

**सिख नव वर्ष :** पंजाब में नया साल वैशाखी पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो अप्रैल में आती है। सिक्ख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार होला मोहल्ला (होली के दूसरे दिन) नया साल होता है।

**जैन नव वर्ष :** जैन नववर्ष दीपावली से अगले दिन होता है। भगवान महावीर स्वामी की मोक्ष प्राप्ति के अगले दिन यह शुरू होता है। इसे वीर निर्वाण संवत भी कहते हैं।

**पारसी नव वर्ष :** पारसी धर्म का नया वर्ष नवरोज के रूप में मनाया जाता है। आमतौर पर 19 अगस्त को नवरोज का उत्सव पारसी लोग मनाते हैं। लगभग 3000 वर्ष पूर्व शाह जमशेदजी ने पारसी धर्म में नवरोज मनाने की शुरुआत की। नव यानी नया और रोज यानी दिन।

**हिब्रू नव वर्ष :** हिब्रू मान्यताओं के अनुसार भगवान द्वारा विश्व को बनाने में सात दिन लगे थे । इस सात दिन के संधान के बाद नया वर्ष मनाया जाता है । यह दिन ग्रेगरी के कैलेंडर के मुताबिक 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच आता है।